* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

23 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 333

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


सुप्रीम कोर्ट में हिजाब पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित रखा, कहा- अब हमारा होमवर्क शुरू होता है













देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## इमाम संघ के प्रमुख ने कहा-हमारे लिए देश सर्वप्रथम

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को बताया राष्ट्रपिता

- मोहन भागवत और डॉ इलियास की हुई मुलाकात
- भागवत ने काफिर और जिहाद जैसे शब्दों के इस्तेमाल से बचने की दी सलाह



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय इमाम संघ के मुख्य इमाम डॉ इलियासी का कहना है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत राष्ट्रपिता हैं। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रऋषि भी हैं। इससे पहले संघ प्रमुख भागवत ने एक मस्जिद में डॉक्टर इलियासी से मुलाकात की थी। डॉ इलियासी ने कहा कि उनके मस्जिद आने से अच्छा संदेश जायेगा। हमारा पूजा करने का तरीका अलग है, लेकिन सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हम देश को सर्वप्रथम मानते हैं। इमाम प्रमुख ने मानवता को सबसे बड़ा धर्म बताया और कहा कि राष्ट्र का स्थान धर्म से ऊपर है।

### प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित मस्जिद पहुंचे। उन्होंने यहां डॉ इमाम उमर अहमद इलियासी के अलावा मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक की। इलियासी अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम हैं। इससे पहले भागवत ने मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बंद कमरे में बैठक की। सूत्रों के मुताबिक भागवत ने उनसे गोहत्या पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा था। इसके अलावा उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ 'काफिर' (गैर-आस्तिक) और 'जिहाद' (पवित्र युद्ध) जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाये। साथ ही सुझाव दिया कि इनके प्रयोग से बचना चाहिए।

### पहली बार किसी मदरसा में गये

भागवत कस्तूरबा गांधी मार्ग पर स्थित एक मस्जिद में गये। उसके बाद उत्तरी दिल्ली में स्थित ताजवीदुल कुरान मदरसे का दौरा किया। उनके साथ चल रहे संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि मोहन भागवत पहली बार किसी मदरसा गये हैं।

संघ के अधिकारी ने बताया कि अखिल भारतीय इमाम संघ के प्रमुख उमर अहमद इलियासी ने मदरसे में बच्चों से बात करते हुए भागवत को राष्ट्रपिता बुला कर संबोधित किया। हालांकि भागवत ने उन्हें टोकते हुए कहा कि राष्ट्रपिता सिर्फ एक हैं और कहा कि सभी भारत की संतान हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को देश के बारे में और अधिक जानने की जरूरत है। साथ ही यह भी कहा कि पूजा करने की पद्धति अलग हो सकती है, लेकिन सभी धर्मों का सम्मान किया जाना चाहिए। इलियासी और भागवत ने मस्जिद में लगभग एक घंटे तक बातचीत की। अखिल भारतीय इमाम संघ के प्रमुख इलियासी का आवास भी यहीं है। इलियासी ने बताया कि भागवत ने मस्जिद और मदरसे का दौरा उनके आमंत्रण पर किया है।

## उग्रवाद, अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था की समीक्षा

# राज्य में भयमुक्त वातावरण बनाना प्राथमिकता : हेमंत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेषकर उग्रवाद एवं अपराधिक घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगनी चाहिए, ताकि भयमुक्त वातावरण बन सके। मुख्यमंत्री गुरुवार को वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था, उग्रवाद एवं अपराध नियंत्रण समेत विधि व्यवस्था संधारण से जुड़े विभिन्न मसलों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

**एक महीने के अंदर सभी जेलों में जैमर लगवायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों में बंद कई अपराधियों द्वारा मोबाइल से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की शिकायत लगातार मिल रही है। इस पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। राज्य के सभी जेलों में एक माह के अंदर जैमर लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाये।

### बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ, सारंडा में शिविर लगा ग्रामीणों को लाभ दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ और सारंडा समेत नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस की उपस्थिति में शिविर लगा कर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ दें। इसके साथ यहां बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। साथ ही उन्होंने कहा कि उग्रवाद प्रभावित इलाकों में युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर उग्रवादी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग सकता हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे ग्रामीण इलाकों में तैनात सुरक्षाबलों की जरूरत के सामान को ग्रामीणों से लें। इससे उन्हें रोजगार मिलने के साथ आय में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए यथासमय जो भी जरूरत की चीज होगी, सरकार मुहैया करायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क और पुल-पुलिया बनाने की अगर जरूरत है, तो उसकी पूरी मैपिंग करायें। सरकार द्वारा इसके निर्माण की पहल की जायेगी।

### विकास के लिए बेहतर पुलिसिंग जरूरी

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की बेहतरी और विकास के लिए बेहतर पुलिसिंग बेहद जरूरी है। विशेषकर जिलों में बेहतर पुलिसिंग और लॉ एंड ऑर्डर को बनाये रखने में पुलिस अधीक्षकों की भूमिका काफी अहम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध के कई चेहरे हैं। तरह -तरह के आपराधिक मामले सामने आ रहे हैं। साइबर अपराध और महिला उत्पीड़न जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। इनसे निपटने के लिए आपको ठोस रणनीति के साथ काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि अपराधियों से निपटने के लिए आप कठोरता से कार्रवाई करते हैं। वहीं, महिला और पारिवारिक मामलों में पूरी संजीदगी और संवेदना के साथ आपको अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी छोटी-छोटी घटनाएं काफी तूल पकड़ लेती हैं। ऐसा न हो इसका ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने राज्य में अपराधिक घटनाओं की समीक्षा के क्रम में हत्या, लूट, डकैती, फिरौती, गृह उद्भेदन, दुष्कर्म समेत कई मामलों की जिलावार विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,400 रु./10 ग्राम
चांदी 59,500 रु./प्रति किलो



# योगी का आदेश आया, रातोंरात 2500 अवैध मदरसे गायब

## मदरसों और वक्फ बोर्ड की संपत्ति की जांच के आदेश से हड़कंप : राज खुलने के डर से धड़ाधड़ गिरने लगे अवैध मदरसों के शटर


राकेश सिंह

आजाद सिपाही विशेष

उत्तरप्रदेश में कुल 16,500 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। इनकी आड़ में यहां हजारों अवैध मदरसे भी संचालित हो रहे हैं। इस बात का खुलासा उस समय हुआ, जब उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसों के सर्वे का आदेश दिया। इधर आदेश आया, उधर रातोंरात 2500 अवैध मदरसे गायब हो गये। उन्हें जमीन खा गयी या आसमान निगल गया, पता नहीं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि ये मदरसे सरकारी लाभ भी ले रहे थे। इन्हें आर्थिक मदद, मुतवल्लियों को तन्खवा और पढ़ानेवालों को वजीफा भी मिल रहा था, मतलब सरकारी खजाने की पूरी लूट मची हुई थी। जांच के दौरान ये भी खुलासे हो रहे हैं कि ज्यादा ग्रांट पाने के लिए मान्यता प्राप्त मदरसों में भी शिक्षकों और छात्रों की संख्या में हेरा-फेरी की गयी है। यह तो हुई सामान्य बात। इन मदरसों में जो सबसे ज्यादा गड़बड़ी सामने आ रही है और जिससे मदरसों को संचालित करनेवाले ज्यादा खौफजदां हैं, वह है सोर्स ऑफ फंड। मदरसावाले कह रहे हैं कि मदरसों को वे दान के पैसों से चलाते हैं, लेकिन यह दान कहां से आता है, कौन देता है। इसका खुलासा होते ही मदरसा के संचालक परेशानी में पड़ेंगे। मदरसों को 50 प्रतिशत फंडिंग सीक्रेट सोर्सेज से आती है। ये सीक्रेट सोर्स कौन हैं, वह अब बताना पड़ेगा। योगी सरकार अब इन सोर्सेज की भी जांच करेगी कि कहीं यह फंड आतंकी संगठनों से तो नहीं आ रहा। विदेशों से जो दान आ रहा है, उसे कौन दे रहा है। उत्तरप्रदेश में योगी सरकार ने एक और ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब यूपी में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की जांच होगी। योगी सरकार ने वक्फ बोर्ड का 33 साल पुराना शासनादेश भी रद्द कर दिया। 7 अप्रैल, 1989 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया था कि यदि सामान्य संपत्ति बंजर, भीटा, ऊसर आदि भूमि का इस्तेमाल वक्फ के रूप में किया जा रहा हो तो उसे वक्फ संपत्ति के रूप में ही दर्ज कर दिया जाये। इसके बाद उसका सीमांकन किया जाये। इस आदेश के चलते प्रदेश में लाखों हेक्टेयर बंजर, भीटा, ऊसर भूमि वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज कर ली गईं। यही नहीं, 7 अप्रैल 1989 के बाद वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज सभी मामलों का पुनर्परीक्षण भी करवाया जायेगा। इस आदेश के बाद मदरसा के संचालकों, कुछ राजनीतिक दलों और कुछ स्वयंभू नेताओं के पसीने छूट रहे हैं। जाहिर है, इसकी आड़ में हजारों-हजार एकड़ सरकारी जमीन की लूट हुई है और गलत तरीके से फंड भी इकट्ठा किया गया है। 1989 के बाद से आज तक वक्फ बोर्ड ने कैसे जमीन हड़पी है और कैसे हजारों मदरसे कागजों पर उग आये थे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

उत्तरप्रदेश में मदरसों का सर्वे किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में अलग-अलग टीमें लगायी गयी हैं। सर्वे में मदरसा संचालकों से 11 बिंदुओं पर जानकारी ली जा रही है, जिसमें सबसे अहम है मदरसों की आय का स्रोत क्या है? सरकारी आंकड़ों के अनुसार पूरे प्रदेश में कुल 16500 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। इनमें 558 अनुदानित मदरसे हैं तथा 7,442 आधुनिक मदरसे हैं। इन सभी मदरसों में कुल 19 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। रजिस्ट्रार मदरसा जगमोहन सिंह के मुताबिक सभी बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की कवायद चल रही है। नये-नये विषयों को भी मदरसों में लागू किया जा रहा है। 5 अक्तूबर तक सर्वे पूरा करने को कहा गया है। सर्वे रिपोर्ट 25 अक्तूबर तक शासन को सौंप दी जायेगी।

मदरसों के सर्वे को लेकर उत्तरप्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा है कि सर्वे के शुरू होते ही राज्य से 2500 मदरसे रातोंरात गायब हो गये हैं। ये मदरसे सरकारी लाभ भी ले रहे थे। उनका कहना है कि कोई भी व्यक्ति, जो गरीब मुसलमान के बच्चों को आधुनिक बेहतर शिक्षा देने का पक्षधर होगा, वह मदरसों के सर्वे को गलत नहीं ठहरा सकता। हमें समझना चाहिए कि मदरसों के सर्वे का विरोध अब तक कौन और क्यों कर रहा था? जो असदुद्दीन ओवैसी मदरसों के सर्वे को दूसरा एनआरसी कह रहे थे, उन्हीं के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी का बेटा अमेरिका में एमबीबीएस कर रहा है और बेटी लंदन में लॉ पढ़ रही है। डॉ जावेद का यह भी कहना है कि जो लोग मदरसों के सर्वे का विरोध कर रहे थे, वे इसे मुसलमानों के आंतरिक मामलों में सरकार का दखल बता रहे थे। लेकिन जब आप केंद्र सरकार से हर साल 3000 करोड़ रुपये की सहायता लेंगे। अनेकों मदरसों में 50 हजार से लेकर लाख रुपये से ज्यादा वेतन लेंगे और उन्हीं मदरसों में सरकार से मिलनेवाली बिजली-पानी, सड़क की सुविधा का उपयोग करेंगे, तो यह आपका व्यक्तिगत मामला कैसे रह गया।






**7 अप्रैल 1989 का शासनादेश रद्द, इससे मिला था वक्फ को असीमित अधिकार**

योगी सरकार के एक्शन से यूपी में अवैध मदरसेवालों के हाथ पांव फुले हुए हैं। सरकार की नजर मदरसों में आ रहे सीक्रेट फंड की तरफ भी है। सरकार पता लगा रही है कि कहीं ये फंड आतंकी संगठनों से तो नहीं आ रहा। यह फंड अगर विदेशों से भी आ रहा है, तो उसे कौन दे रहा है। आरोप तो यहां तक लगाया जा रहा है कि कुछ मदरसों में ऐसे फंड से जिहादी तैयार करवाये जाते हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि दुनिया भर में जितने बड़े आतंकी तैयार हुए हैं, उनका कहीं न कहीं भारत के मदरसों के साथ ताल्लुक रहा है। खासतौर से देवबंद से, इसके प्रमाण भी हैं। यह साबित भी हो चुका है कि देवबंद और आतंकवादियों का गहरा संबंध रहा है। देवबंद सहित आसपास के कई ऐसे मदरसे हैं, जहां बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण मिलती है। उनकी शिक्षक या छात्र के रूप में भर्ती की जाती है। हाल ही में असम में तीन मदरसों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि ये सभी मदरसे शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि अल-कायदा के केंद्र थे। यहां विदेशों से फंडिंग आती थी और आतंकवाद की ट्रेनिंग दी जाती थी। वहीं उत्तरप्रदेश की बात करें, तो गैर सरकारी आंकड़े के मुताबिक यूपी में 40 से 50 हजार मदरसे गैर मान्यता प्राप्त हैं। आंकड़े में अंतर इसलिए है, क्योंकि लगभग हर मस्जिद या संस्था के अपने खुद के कई मदरसे चलते हैं। मदरसों के सर्वे के पीछे यूपी सरकार का मकसद यह भी जानना है कि प्रदेश में कितने मदरसे चोरी-छिपे चल रहे हैं।

### मदरसों के सर्वे पर शरू है विपक्ष की राजनीति

योगी सरकार के आदेश के बाद मदरसों के सर्वे पर राजनीति भी शुरू हो गयी है। असदुद्दीन औवेसी खुल कर इसका विरोध कर रहे हैं। कह रहे हैं कि इससे हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को बिगाड़ा जा रहा है। अब मदरसों की जांच से भला हिंदू-मुस्लिम भाईचारा कैसे बिगड़ेगा। पता नहीं। ऐसे ओवैसी ने कौन सा हिंदू-मुस्लिम भाईचारा बनाया है, वही जानें। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस पर सवाल उठाये हैं। इसके अलावा तमाम मुस्लिम संगठन कह रहे हैं कि मदरसों में पढ़ाई करना उनका सांविधानिक अधिकार है। इसकी जांच का क्या औचित्य है? वहीं अखिलेश यादव भी बौखलाये हुए हैं। उनका तो यह वोट बैंक ही है, नहीं बोलेंगे तो वोटरों के गुस्से का शिकार होना पड़ेगा। अखिलेश यादव के पास तो न विजन है, न मुद्दा है, न ही आगे के लिए कोई प्लान। उनका सिर्फ और सिर्फ ट्विटर पर सत्ता के खिलाफ बोलना रह गया है। उनका ट्वीट देख लेंगे तो पता चलेगा कि सही में अखिलेश के पास कोई काम नहीं रह गया है। वह खाली बैठे हैं। वह नामीबिया से लाये गये आठ चीतों के बारे में भी बात करते हैं। उनसे भी उन्हें दिक्कत ही है। उन्होंने चीते की आवाज पर ट्वीट किया है कि सबको इंतजार था दहाड़ का, पर ये तो निकला बिल्ली मौसी के परिवार का। उनके इस ट्वीट पर यूजर्स ने उन्हें बुरी तरह ट्रोल कर दिया। ऐसे हर ट्वीट पर उनका यही हाल होता है।

### मदरसों में हो रहा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

यूपी बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ सुचिता चतुर्वेदी कहती हैं कि मदरसों में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का तो हाल ही बुरा है, पर अनुदानित मदरसों की भी स्थिति सही नहीं है। उन्होंने कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज आदि में मदरसों का निरीक्षण किया तो पाया कि सरकारी मदरसों में अध्यापकों का शैक्षिक स्तर निम्न है। दसवीं पास शिक्षक दसवीं को और इंटर पास इंटरमीडिएट को पढ़ा रहा है। आधुनिक मदरसों में तनख्वाह विषय विशेषज्ञ जैसे गणित, विज्ञान आदि की लेते हैं, पर पढ़ाते केवल दीनी तालीम हैं। सुचिता चतुर्वेदी कहती हैं: गणित पढ़ाने वाले अध्यापक मुझे सात का पहाड़ा तक नहीं सुना पाये। लखनऊ के गोसाईगंज स्थित सुफ्फामदीनतुल उलमा मदरसे में बच्चे को बेड़ियों में रखने का मामला सामने आया ही था। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के निरीक्षण में तो अध्यापक अपना आधार कार्ड तक नहीं दिखा सके। वे कौन हैं, कहां से आये हैं यह पता चलना ही चाहिए। इन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सर्वे और सही नीतियों का बनना बेहद जरूरी है।

### सर्वे में जिन सवालों का उत्तर देना है

गैर मान्यता प्राप्त मदरसे का नाम? गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का संचालन करनेवाली संस्था कौन है? मदरसे की स्थापना की तारीख क्या है? उसका स्टेटस यानी निजी घर में चल रहा है या किराये के? मदरसे में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा कैसी है? भवन, पानी, फर्नीचर, बिजली, शौचालय के क्या इंतजाम हैं? छात्र-छात्राओं की कुल संख्या, शिक्षकों की संख्या कितनी है? वहां पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम क्या है?

मदरसे की आय का स्रोत क्या है? अगर छात्र अन्य जगह भी नामांकित हैं, तो उसकी जानकारी ली जा रही है? अगर सरकारी समूह या संस्था से मदरसों की संबद्धता है, तो उसका विवरण दें?

जाहिर है इतने सारे सवालों का जवाब तो हजारों की संख्या में चल रहे मदरसों के पास नहीं ही होगा। मदरसों की हालत क्या है, यह किसी से छिपा नहीं है। ज्यादातर मदरसों में बस नाम की हिंदी, इंग्लिश और मैथ्स पढ़ाई जाती है। यहां के बच्चे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का नाम तक नहीं बता पाते। अंग्रेजी के शब्दों की स्पेलिंग तो छोड़ ही दीजिए। ऐसे मदरसों के बच्चों से बातचीत करेंगे तो वे बतायेंगे कि उनको मदरसे में हिंदी, इंग्लिश, मैथ्स, साइंस सब पढ़ाया जाता है। लेकिन जब उनसे इन सब्जेक्ट से जुड़े सवाल पूछ लेंगे तो वे जवाब नहीं दे पायेंगे। यहां तक कि मदरसे के मैथ्स के टीचर खुद पहाड़ा नहीं सुना पाते। कई मदरसे ऐसे हैं, जहां बैठने के लिए सीट तक नहीं है। बोरा पर बैठ कर बच्चे पढ़ाई कर रह हैं। धर्म के ठेकेदारों से अगर बात कीजियेगा तो वे मदरसों पर बड़ी-बड़ी बात करेंगे, लेकिन अगर उनके बच्चों के बारे में जानियेगा तो पता चलेगा, उनका बच्चा विदेशों में पढ़ाई कर रहा है। मदरसा की गलियों में भी वे अपने बच्चों को लाना नहीं चाहते।

### आखिर योगी ने ले ही लिया वक्फ को रडार पर

दो दिन पहले ही आजाद सिपाही में प्रमुखता से यह बताया गया था कि किस तरह वक्फ बोर्ड के नाम पर हजारों हजार एकड़ जमीन का खेल हुआ है। उन संपत्तियों की जांच के लिए योगी सरकार का आदेश वक्फ पर परमाणु बम गिरने जैसा है। अब उत्तरप्रदेश में वक्फ की संपत्तियों की जांच शुरू होनेवाली है। योगी सरकार ने इसके आदेश जारी कर दिये हैं। इस सर्वे को एक महीने में पूरा करने के लिए कहा गया है। इसके लिए उत्तरप्रदेश सरकार ने वक्फ बोर्ड से जुड़ा 33 साल पुराना आदेश रद्द कर दिया है। योगी सरकार 7 अप्रैल 1989 के बाद वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज सभी मामलों का पुनर्परीक्षण भी करवायेगी। 7 अप्रैल, 1989 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया था कि यदि सामान्य संपत्ति बंजर, भीटा, ऊसर आदि भूमि का इस्तेमाल वक्फ के रूप में किया जा रहा हो, तो उसे वक्फ संपत्ति के रूप में ही दर्ज कर दिया जाये। इसके बाद उसका सीमांकन किया जाये। इस आदेश के चलते प्रदेश में लाखों हेक्टेयर बंजर, भीटा, ऊसर भूमि वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज कर ली गयी। योगी सरकार का कहना है कि संपत्तियों के स्वरूप अथवा प्रबंधन में किया गया परिवर्तन राजस्व कानूनों के विपरीत है। उप सचिव का कहना है कि शासन द्वारा एक बार फिर से उत्तरप्रदेश मुस्लिम वक्फ अधिनियम 1960 को लागू करते हुए वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों का रिकॉर्ड मेंटेन किया जायेगा। ऐसी संपत्तियों के रिकॉर्ड में कब्रिस्तान, मस्जिद, ईदगाह जैसी स्थिति में सही दर्ज है या नहीं, इन सबका अवलोकन किया जायेगा। वक्फ बोर्ड एक ऐसी संस्था है, जिसे कांग्रेस ने सींचा। उसे असीमित अधिकार दिये। एक तरह से खुला लाइसेंस दे दिया- जाओ जमीनों पर कब्जा करो। नतीजा यह हो रहा है कि वक्फ बोर्ड ने गांव का गांव कब्जा लिया है। तमिलनाडु के त्रिची गांव की पूरी जमीन पर वक्फ बोर्ड का कब्जा हो गया है, जो हिंदू बहुल है। यहां तक कि यहां 1500 साल पुराने मंदिर पर भी वक्फ का कब्जा हो गया है।

---

# दल बदल मामले में बाबूलाल मरांडी की ओर से हुई बहस, अगली सुनवाई 28 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान बाबूलाल के अधिवक्ता की ओर से बहस की गयी, जिसके बाद अदालत ने अब विधानसभा का पक्ष सुनने के लिए 28 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है। बाबूलाल मरांडी की ओर से वरीय अधिवक्ता विजय प्रताप सिंह, अभय मिश्रा, विनोद साहू, रणेंद्र आनंद ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में बाबूलाल के मामले की सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से वरीय अधिकता संजय हेगड़े ने पक्ष रखा।

### मेंटिबिलिटी पर उठाया था सवाल

पिछली सुनवाई के दौरान वरीय अधिवक्ता संजय हेगड़े ने बाबूलाल की याचिका की मेंटिबिलिटी पर सवाल उठाते हुए



याचिका को सुनवाई योग्य नहीं बताया था, जिस पर बाबूलाल के अधिवक्ता ने विधानसभा में हो रही सुनवाई की मेंटिबिलिटी पर सवाल उठाया था। इसके साथ ही प्रार्थी के अधिवक्ता ने यह भी दलील दी कि यह 10वीं अनुसूची का मामला नहीं बनता है। बाबूलाल के अधिवक्ता की ओर से आइए दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

### विस न्यायाधिकरण में 30 अगस्त को सुनवाई पूरी

बता दें कि बाबूलाल की ओर से दाखिल रिट याचिका में कहा गया है कि दलबदल मामले में झारखंड विधानसभा के स्पीकर के कोर्ट में नियमानुसार सुनवाई नहीं हुई है। न्यायाधिकरण ने उनकी गवाही और बहस सुने बिना ही केस को जजमेंट पर रख दिया है। बाबूलाल मरांडी से जुड़े दल बदल के मामले में विधानसभा के न्याधिकरण में 30 अगस्त को सुनवाई पूरी हो गयी है। बाबूलाल मरांडी की ओर से पक्ष रखने वाले अधिवक्ताओं का कहना है कि स्पीकर पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। न्यायाधिकरण में सुनवाई समाप्त होने के बाद स्पीकर कभी भी अपना फैसला सुना सकते हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में बाबूलाल मरांडी ने झाविमो के टिकट पर चुनाव जीता था। बाद में उन्होंने पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया था। इस मामले में स्पीकर दल-बदल कानून के तहत सुनवाई कर रहे हैं।

---

# आजसू झारखंड महिला संघ का 260 प्रखंडों में सम्मेलन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्व. बिनोद विहारी महतो की जयंती पर 23 सितंबर को आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड महिला संघ का राज्य के सभी 260 प्रखंडों में सम्मेलन होगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बताया कि शुक्रवार को होनेवाले सम्मेलन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्रखंड सम्मेलन में प्रदेश और जिला की महिला पदाधिकारी और नेत्री अलग-अलग प्रखंड जाकर सम्मेलन का संचालन करेंगी। सम्मेलन में करीब पचास हजार महिलाएं शामिल होंगी।

### महिलाओं से किये वादों पर होगी चर्चा

**प्रखंड सम्मेलन में मुख्य रूप से स्थानीय नीति, आरक्षण, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार तथा सरकार द्वारा महिलाओं को लेकर किये गये वादों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम एवं सदस्यता अभियान को गति देने हेतु व्यापक रोडमैप तैयार किया जायेगा तथा सम्मेलन के दौरान सभी प्रखंडों में संगठन का गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार भी किया जायेगा।**

### इस तरह से प्रभारी नियुक्त किया गया

सम्मेलन को लेकर महिला जिलाध्यक्षों को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो निम्न हैं- रमा देवी - बोकारो, किरण सिंह - गुमला, ललिता देवी - चतरा, प्रियंका शर्मा - गिरिडीह, सुहानी एक्का - हजारीबाग, चंद्रमणि देवी - रामगढ़, सुनीता कुमारी कोडरमा, अनिता साहू - लोहरदगा, रीणा केरकेट्टा - रांची, सुधा मुंडू - खूंटी, सुनीता देवी - सिमडेगा, आरती सिंह - सरायकेला, सुधा रानी देसरा - पूर्वी सिंहभूम, लतिका प्रधान - पश्चिमी सिंहभूम, सविता देवी - लातेहार, चंपा देवी - गढ़वा, मनिता श्रीवास्तव - दुमका, सीतामणि - जामताड़ा, रीता देवी - गोड्डा, सुनयना देवी - साहेबगंज। साथ ही साथ सभी विधानसभा प्रभारियों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में महिला सम्मेलन को सफल बनाने की जिम्मेदारी भी दी गयी है।

---

## जगरनाथ के दरबार में पहुंचे भाजपा विधायक ढुल्लू महतो

# 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति का किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारीदह (बोकारो)।** 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति को यूं ही हेमंत सरकार का मास्टर स्ट्रोक नहीं कहा जा रहा! सरकार की यह नीति विपक्षियों को न उगलते और ना ही निगलते बन रही है। जिस मुद्दे पर विपक्ष के नेता हेमंत सरकार को घेर रहे थे, अब उसी मुद्दे पर सरकार ने ऐसा कार्ड खेला कि विपक्ष हक्का बक्का है।

बहरहाल, अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने 1932 के खतियान के आधार पर तय की गयी स्थानीय नीति और ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण का समर्थन कर दिया है। राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से वह उनके अलारगो स्थित आवासीय कार्यालय में मिले। उस दौरान उन्होंने यह बात कही। जगरनाथ महतो को ढुल्लू का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। अब तक दोनों एक-दूसरे के खिलाफ राजनीति के अखाड़े में हमलावर



भी रहे हैं, लेकिन 1932 के खतियान के मुद्दे पर मंत्री जगरनाथ महतो के घर पहुंचने से ढुल्लू महतो के समर्थक भी भौचक हैं।

कहा- भाजपा कभी भी स्थानीति नीति में बाधक नहीं

ढुल्लू ने कहा कि भाजपा कभी भी स्थानीय नीति में बाधक नहीं रही है। भाजपा तो स्थानीय नीति की मांग पूर्व से करती आ रही है। हेमंत सरकार द्वारा बनायी गयी स्थानीय नीति का ढुल्लू महतो ने स्वागत करते हुए शिक्षा मंत्री को बधाई भी दी। इधर, मंत्री ने कहा कि विशेष सत्र में स्थानीय नीति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से संबंधित विधेयक पेश किया जायेगा। इन विधेयकों पर चर्चा के बाद इसे पारित कराने की औपचारिकता पूरी हो जायेगी। फिर इसको मंजूरी के लिए राजभवन को प्रेषित करेंगे।

मंत्री ने कहा कि जो भूमिहीन होंगे या जिनके पास खतियान नहीं होगा, ग्रामसभा से उनकी पहचान कराकर उन्हें स्थानीय का दर्जा दिलाया जायेगा। विधायक ढुल्लू महतो ने शिक्षा मंत्री से कुछ दिन पूर्व हुए सिंदरी के घटनाक्रम पर भी चर्चा की। सिंदरी की एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में स्थानीय विस्थापितों के नियोजन के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री से मदद भी मांगी। कहा कि फैक्ट्री प्रबंधक ने विभिन्न गांवों के कई युवकों को बैठा दिया है। ग्रामीणों ने आंदोलन भी किया है। शिक्षा मंत्री ने बाघमारा विधायक को आश्वस्त किया कि जल्द सिंदरी आकर प्रबंधन से वार्ता करेंगे। समस्याओं का समाधान करने की पहल करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.2 °c | 24.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |



# झारखंडियों की पहचान और अस्मिता से जुड़ा है 1932 का खतियान : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हेमंत सोरेन कैबिनेट में पास 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति का कांग्रेस पार्टी ने खुल कर समर्थन किया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोहरदगा के विधायक रहे सुखदेव भगत ने 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति को एक संवेदनशील और भावनात्मक मुद्दा बताया है। उन्होंने कहा है कि यह झारखंड की पहचान और अस्मिता से जुड़ा मुद्दा है। रांची प्रेस क्लब में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सुखदेव भगत ने कहा कि स्थानीय नीति परिभाषित नहीं होने के कारण राज्य गठन के मूल उद्देश्य का क्षरण होता जा रहा है। जिस प्रकार भाषाई आधार पर 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग ने ओड़िशा बोलने वालों के लिए ओड़िशा, पंजाबी के लिए पंजाब, बंगाली के लिए पश्चिम बंगाल, मराठी के लिए महाराष्ट्र का निर्माण किया। अपनी पहचान और अस्मिता के लिए मद्रास को चेन्नई, बंबई को मुंबई, मुगलसराय को दीनदयाल नगर में परिवर्तित किया। उसी तरह 1932 का खतियान झारखंडियों की अस्मिता की पहचान है, तो इसे क्यों नहीं लागू किया जा सकता। 1932 के खतियान को संवैधानिक प्रावधान के प्रतिकूल बताने वालों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान के स्थायी उपबंध पांचवीं अनुसूची में अनुसूचित क्षेत्र के आदिवासियों की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक भाषा के संरक्षण का प्रावधान है। लोकतंत्र में विचारों में भिन्नता हो सकती है, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति झारखंड के लोगों की पहचान है। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि कोई भी भारतीय हर राज्य का स्थायी निवासी नहीं हो सकता। श्री भगत ने कहा कि देश के विकास में हर तरह की मदद पहुंचाने वाला झारखंड आज भी विस्थापन की समस्या से जूझ रहा है। भाजपा- आजसू की पिछली सरकार ने 21.01 लाख एकड़ (21,01,471) जमीन लैंड बैंक के नाम पर चिन्हित की, जो विस्थापन की प्रक्रिया को ही आगे बढ़ाते रही। 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति को लाकर ही झारखंडियों की जमीन और उसकी अस्मिता को बचाया जा सकता है।

# कृपाशंकर सिंह ने यूपी के सीएम योगी से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता कृपाशंकर सिंह ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से कालीदास मार्ग स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने राम मंदिर निर्माण के शिलान्यास के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लांच सिक्का एवं आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद के तहत निर्मित इत्र उपहार स्वरूप उन्हें भेंट की। श्री सिंह ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे सुखद पल था। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी राजनीतिक सोच से प्रेरणा मिली। मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA
PHONE : 0671-2367768-783, FAX : 0671-2367663, e-mail : crrictc@nic.in
Advertisement No. 19/SRF/AFO/2022-23
Walk-in-Interviews are to be held on 07.10.2022 for selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF) and one (01) Agricultural Field Operator (AFO) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 in the scheme "Popularization of BPH resistant rice variety for uplifting the Odisha rice farmers' income" (EAP-369). The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in.
PRINCIPAL INVESTIGATOR

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के दोषी मोनू लोहरा को 20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने उसे 14 सितंबर को दोषी करार दिया था। पंडरा के नवाटोली निवासी अभियुक्त ने 26 अगस्त 2019 को नाबालिग को बहला-फुसला कर सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती की।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** रोजी-रोजगार में लाभ। मनमुटाव का निराकरण होगा। धन लाभ का योग है।
- **वृष** कारोबार में उन्नति। नवीन कार्य की योजना सफल होगी। अध्ययन-अध्यवसाय में रुचि।
- **मिथुन** शुभ फल प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा। मित्रों से सहायता मिलेगी।
- **कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे। खर्च पर नियंत्रण रखें। संतान की ओर से चिंता रहेगी।
- **सिंह** कार्यों में सफलता मिलेगी। पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। यात्रा में धन लाभ। मन प्रसन्न रहेगा।
- **कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे। मेहमानों का आगमन होगा।
- **तुला** संपति संबंधी मामलों का निपटारा पक्ष में होगा। शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृश्चिक** नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा। यश, कीर्ति एवं मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी।
- **धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।
- **मकर** अकस्मात धन लाभ। कार्यों में सफलता मिलेगी। घर में नवीन वस्तु की खरीदारी होगी।
- **कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति। संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।
- **मीन** लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

# पूर्व न्यायाधीश अमिताभ गुप्ता बने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अमिताभ कुमार गुप्ता राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष बने हैं। उन्हें राज्यपाल रमेश बैस ने गुरुवार को राजभवन के दरबार हॉल में शपथ दिलायी। साथ ही राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। इस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, महाधिवक्ता राजीव रंजन सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष के परिजन उपस्थित थे। बता दें कि अमिताभ कुमार गुप्ता के चयन को लेकर इसी माह 9 सितंबर को अधिसूचना जारी की गयी थी। शपथ ग्रहण के बाद वह आयोग में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पांच वर्ष या 65 वर्ष की अधिकतम उम्र तक के लिए संभालेंगे।

**मंथन** | इस फोटो ने सोशल मीडिया पर धूम मचायी है



### साहिबगंज स्टोन क्रशर मालिक ने इडी को बताया

# पंकज मिश्रा ने लिये माइनिंग इजाजत के लिए 15 लाख

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अवैध खनन मामले की जांच इडी कर रही है। जांच के क्रम में एक के बाद एक कई खुलासे हो रहे हैं। इसी दौरान एक और खुलासा हुआ है।

स्टोन क्रशर के मालिक और साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन के मुख्य गवाह विनोद कुमार ने इडी को बताया है कि पंकज मिश्रा ने खनन व्यवसाय की अनुमति देने के लिए 15 लाख रुपये की उगाही की थी। उसने एजेंसी को बताया कि लेकिन पैसे लेने के बाद भी पंकज ने उसे कारोबार नहीं करने दिया और पैसे वापस नहीं किये। यहां बता दें कि पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि और झामुमो के वरिष्ठ पदाधिकारी भी हैं।

**झामुमो पदाधिकारी के माध्यम से नकद भुगतान किया था :** विनोद कुमार ने बताया कि उसने अलग-अलग व्यक्तियों से पैसे उधार लिये थे और उन्होंने एक स्थानीय झामुमो पदाधिकारी के माध्यम से नकद भुगतान किया। वह स्थानीय झामुमो सांसद विजय हांसदा का करीबी है। 15 लाख रुपये का भुगतान करने के बावजूद वह अपनी स्टोन क्रेशर इकाई को फिर से चालू नहीं कर सका। जब उन्होंने स्थानीय पदाधिकारी से पंकज मिश्रा को पैसे वापस करने के लिए कहने की मांग की, तो उन्हें धमकी दी गयी।

# हाइकोर्ट ने साहिबगंज डीसी और कटिहार डीएम को किया तलब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रवि रंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने गुरुवार को कटिहार के डीएम और साहिबगंज के उपायुक्त को अदालत के आदेश का पालन नहीं करने पर 18 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कटिहार के डीएम उदयन मिश्रा और साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव से जानना चाहा है कि क्या वे कोर्ट की अवमानना के लिए जिम्मेदार हैं।

पिछले साल अक्टूबर में, खंडपीठ ने प्रकाश चंद्र यादव को गंगा नदी पर अपने मालवाहक जहाज को संचालित करने की अनुमति देने का आदेश पारित किया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि अदालत के आदेश के बावजूद उन्हें अलग तरह से काम करने की अनुमति नहीं दी गयी। याचिकाकर्ता ने जिला प्रशासन पर पंकज मिश्रा के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया है, जो झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं। खंडपीठ ने जय बगरंग बली स्टोन वर्क्स के मालिक प्रकाश चंद्र यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। उन्होंने एक याचिका दायर की थी, क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा समदा घाट और मनिहारी घाट के बीच गंगा नदी में उनके मालवाहक जहाज के संचालन की अनुमति दी थी। बावजूद इसके रोल-ऑन/रोल-ऑफ था।

# बंगाल में गिरफ्तार विधायकों ने दलबदल से किया इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिम बंगाल में 49 लाख नकदी के साथ गिरफ्तार कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी के दलबदल मामले में गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में सुनवाई हुई। तीनों विधायकों के अधिवक्ता ने दलबदल से इनकार किया और मामले में फिजिकल सुनवाई का आग्रह किया। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने अगली सुनवाई तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। तीनों विधायक के अधिवक्ता रवि कुमार ने न्यायाधिकरण में सुनवाई के दौरान कहा कि यह मामला दलबदल का बनता ही नहीं है। किसी से मिलना दलबदल के दायरे में नहीं आता है। पैसा पकड़ा जाना भी दलबदल की श्रेणी में नहीं आता है। याचिकाकर्ता और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने कहा कि तीनों विधायकों की ओर से जो जवाब सौंपा गया है, उसके अध्ययन के लिए दो सप्ताह का समय चाहिए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि जल्द ही सुनवाई की अगली तिथि के बारे में जानकारी दी जायेगी। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान प्रतिवादी तीनों कांग्रेस विधायकों की ओर से उनके अधिवक्ता ने कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा कोलकाता से बाहर नहीं जाने के आदेश का हवाला देकर इस मामले में जवाब देने के लिए आठ सप्ताह की मांग की थी।

### सीआरपीएफ और पुलिस का संयुक्त सर्च अभियान

# विस्फोटक बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सीआरपीएफ और तोपचांची पुलिस ने गुरुवार को संयुक्त रूप से तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर के समीप स्थित जंगली इलाकों में तालाटूंगरी पहाड़ी के पास सर्च अभियान चलाया गया। जिस दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। कमांडेंट अच्युतानंद 154वीं बटालियन के निर्देश पर यह सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान की अगुवाई दलजीत सिंह भाटी कर रहे थे। एक बंकर में सभी विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी। विस्फोटक सामग्री में जिलेटिन छड़, 45 डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक चार और नन इलेक्ट्रिक 5 विस्फोटक प्राप्त हुए हैं। कहा जा रहा है कि समय रहते सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के मंसूबे को नाकाम कर दिया है। सर्च अभियान के दौरान संजीव कुमार सहायक कमांडेंट, वासुदेव निरीक्षक रतनलाल, तोपचांची थाना प्रभारी जयराम प्रसाद, सिपाही केस राम मीणा, उप निरीक्षक गुरूमेल सिंह, एसआइ अनिल विद्यार्थी तथा अन्य अधिकारी एवं जवान शामिल थे।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं०- 61 ऑफ 2022-23/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: (1) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं०-12-डीडीयू-व०मं०इंजी०-सी-22-23 डीएफसीसी आईएल ट्रैक से परे डाउन साइड जीसी पर सैयदराजा से कर्मनाषा (लगभग 10 किमी आरसीसी द्वारा और त्यागित पीएससी स्लीपर द्वारा 2.5 किमी) तक अनुभागीय गति को 160किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के तहत 2.25 मीटर तक की उँचाई की सीमा दीवार का प्रावधान। (2) कार्य का अनुमानित लागत: रू. 97622008.37 (3) धरोहर राशि: रू.638100.00 (4) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 19.10.2022 को 12:00 बजे तक। (5) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: www.ireps.gov.in नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01096/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/22-23/32

# दुर्गा पूजा के मद्देनजर सरकारी कर्मियों को 28 से मिलेगा वेतन

### वित्त विभाग ने जारी किया पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा को देखते हुए सितंबर माह का वेतन 28 सितंबर से निर्गत करने का फैसला लिया है। राज्य के सभी सरकारी कर्मियों, राज्यपाल सचिवालय, झारखंड विधानसभा के कर्मियों और झारखंड उच्च न्यायालय सहित अन्य कार्यालयों के सभी अधिकारी और कर्मियों को वेतन भुगतान हर हाल में 28 सितंबर तक करने का आदेश दिया है। इस संबंध में गुरुवार को वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में वित्त विभाग ने झारखंड कोषागार संहिता 2016 के नियम 139 में निहित प्रावधान के आलोक में यह फैसला लिये जाने की बात कही है।

**सभी विभागों और महालेखाकार को भेजा गया पत्र :** वित्त विभाग ने इससे संबंधित जारी पत्र झारखंड के प्रधान महालेखाकार के साथ-साथ सभी विभागों के सचिव, प्रधान सचिव, अपर मुख्य सचिव के अलावा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्य सचिव के उप सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी उपायुक्त, नयी दिल्ली स्थित झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त, झारखंड विधानसभा सचिवालय के अवर सचिव, पीएमयू, वित्त विभाग अंतर्गत सभी कोषागार और उप कोषागार पदाधिकारी को भेज दिया है, ताकि ससमय इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# अमेरिका में झारखंड की बेटी काजल का बजा डंका

- संयुक्त राष्ट्र में बालश्रम-शिक्षा पर रखी अपनी बात

संजीव




**कोडरमा।** सपनों का शहर कहलाने वाला और कभी न सोने वाला अमेरिका का न्यूयॉर्क शहर एक यादगार शाम का गवाह बन गया। यादगार इसलिए, क्योंकि यहां भारत के एक पिछड़े राज्य झारखंड से आनेवाली बेटी काजल, जो कभी बाल मजदूर थी, वैश्विक नेताओं के सामने बाल मजदूरों की पीड़ा को लेकर अपनी बात रख रही थी। यह मौका था संयुक्त राष्ट्र की ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन समिट का। 20 साल की काजल ने कहा, बालश्रम और बाल शोषण के खात्मे में शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए बच्चों को शिक्षा के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने होंगे और इसके लिए वैश्विक नेताओं को आर्थिक रूप से अधिक प्रयास करने चाहिए।

**बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक ही चाबी है शिक्षा :** इसके समानांतर आयोजित हुई लॉरिएट्स एंड लीडर्स फॉर चिल्ड्रेन समिट में नोबेल विजेताओं और वैश्विक नेताओं को संबोधित करते हुए काजल ने बालश्रम, बाल विवाह, बाल शोषण और बच्चों की शिक्षा को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। उसने कहा, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा एक चाबी के समान है। इससे ही वे बालश्रम, बाल शोषण, बाल विवाह और गरीबी से बच सकते हैं। इस मौके पर नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित लीमा जीबोवी, स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन लोवेन और जाने-माने बाल अधिकार कार्यकर्ता केरी कैनेडी समेत कई वैश्विक हस्तियां मौजूद थीं।

### कौन है काजल

बचपन में काजल, माइका माइन में ढिबरी चुनने का काम करने को मजबूर थी, ताकि अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सके। 14 साल की उम्र में बाल मित्र ग्राम ने उसे ढिबरा चुनने के काम से निकाल कर स्कूल में दाखिला करवाया गया। इसके बाद से काजल कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन के फ्लैगशिप प्रोग्राम बाल मित्र ग्राम की गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेने लगी। काजल अब तक 35 बच्चों को माइका माइन के बाल मजदूरी के नर्क से आजाद करवा चुकी है और तीन बाल विवाह रुकवा चुकी है। कोरोना काल में जब स्कूल बंद थे, तब उसने बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने में अहम भूमिका निभायी। फिलहाल काजल कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही है और जिसका लक्ष्य है कि वह पुलिस फोर्स ज्वाइन करे।

कोर्ट-नोटिस
न्यायालय सिविल जज (जुनियर डिविजन) मुंसिफ, कोडरमा
मूल वाद संख्या -49/2021
लालमोहन मेहता वगैरह.................वादीगण
बनाम
रोहन मेहता वगैरह..................प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम :-
(1) बैजनाथ मेहता पिता-स्व. जयनारायण मेहता
(2) लालचन्द्र मेहता पिता-स्व. जयनारायण मेहता
दोनों निवासी ग्राम - फुलवारिया, पोस्ट- फुलवारिया
थाना-नवलशाही, जिला - कोडरमा
चूकि वादी ने सिविल जज (जुनियर डिविजन), मुंसिफ, कोडरमा के न्यायालय में उपरोक्त मूल वाद दायर किया है, जिसमें आपको न्यायालय के द्वारा साधारण एवं निबंधित डाक से सम्मन भेजा जा चुका है, परन्तु आपने न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराये है।
अतः आपको एतत द्वारा सूचना दिया जाता है कि दिनांक 21.11.22 को 11:00 A.M. बजे पूर्वाह्न में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त वाद में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद में उचित आदेश पारित किया जाएगा, इसे अतिआवश्यक एवं सख्त ताकिद जाने।
यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 31.08.2022 को निर्गत किया गया।
ह./- सिविल जज (जुनियर डिविजन), मुंसिफ कोडरमा

पूर्व तट रेलवे
ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIIIBBS2022101
दिनांक : 14.09.2022
कार्य का नाम : पूर्व तट रेलवे में सालगांव स्टेशन से बूढ़ापंक स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन से संबंधित ढेंकानाल, हिन्दोल रोड एवं मेरामण्डली स्टेशन में ओवर हेड पानी टैंक स्टेजिंग (Stagging) एवं समपार (एलसी नं.CT 29, 34, 38, 56, 57, 60, 61, 63, 64, 65, 69, 70, 71 एवं 74) मे हाइट गेज, महदिया एवं नयाभागिरथीपुर पीएच में छोटे प्लेटफॉर्म शेल्टर, हिन्दोल रोड एवं मेरामण्डली स्टेशन में IRS प्लेटफॉर्म शेल्टर, राजआठगढ़ स्टेशन, हिन्दोल रोड स्टेशन एवं मेरामण्डली स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज (FOB) का विस्तार, बड़पड़ागांव स्टेशन, जोरन्दा रोड स्टेशन, दाण्डीमाल पीएच, महदिया पीएच, नयाभागिरथीपुर पीएच में फुट ओवर ब्रिज (FOB) का निष्पादन।
कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 1,374.49 लाख, EMD (रुपये में): 8,37,300/-
कार्य पूरा होने की अवधि: 18 (अठारह)महीने।
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.10.2022 को 1200 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।
निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-105/CF/22-23

## भाजपा कोडरमा नगर कमेटि ने वृक्षारोपण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72 वें जन्म दिवस को भारतीय जनता पार्टी कोडरमा नगर के द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए गुरुवार को नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा बूथ नंबर 130, 131 एवं उच्च विद्यालय कोडरमा बूथ संख्या 126, 127 और कोडरमा थाना परिसर में कोडरमा के विधायक डॉ नीरा यादव की उपस्थिति में फलदार वृक्ष लगाया गया। जबकि नगर अध्यक्ष नरेंद्र पाल के उपस्थिति में में कन्या मध्य विद्यालय कोडरमा बूथ संख्या 116, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फरेंदा बूथ संख्या 117, 118, 119, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरसोतियावर बूथ संख्या 120, उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय जलवा बाद बूथ संख्या 121, 122, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नगरखारा, बूथ संख्या 123, आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा बूथ संख्या 124, 125, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेहरवाटाड बूथ संख्या 128,129 में भी फलदार व छायादार वृक्ष लगाए गए। मौके पर भाजपा के बैजनाथ यादव , पप्पू पांडे, प्रवीण कुमार पांडे, अजय पांडे, धनंजय यादव, नगीना पासवान, महेश यादव, संदीप गुप्ता, सुजीत सिन्हा, सचिंद्र शर्मा, मुकेश यादव, राजू यादव, उदय कुमार राम, बचन यादव, धनेश पांडे, अरुण सिंह, प्रवीण पांडे, सोनू श्रीवास्तव, राजा गुप्ता, अनिकेत कुमार, गुड्डू कुमार समेत कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सचिन सोनी ने मुलाकात कर दिव्यांग भाइयों के लिए समस्या रखा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग समारहाणलय परिसर में समाजिक सुरक्षा विभाग के हजारीबाग के सहायक निदेशक नेयाज अहमद से राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन सोनी ने मुलाकात कर दिव्यांग भाइयों के लिए समस्या रखा। उपस्थित जिला अध्यक्ष सचिन सोनी ने कहा कि दिव्यांग जनों के लिए अनगिनत समस्याएं हैं जिसको लेकर आज सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक से मिलकर सारी समस्याओं को रखा और उन्होंने जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने का आशवासन दिया है। मौके पर निधी कुमारी, शैलेश उपाध्याय, आदि लोग उपस्थित थे।

## सामुदायिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव पारित किया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत स्थित इसको पर्यटन स्थल पर सामुदायिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त प्रस्ताव स्वच्छ भारत मिशन हजारीबाग के तत्वधान में नापोखुर्द पंचायत के स्वच्छता समिति नापोकला गांव के टोला डोकाटांड़ शिव मंदिर प्रांगण में मुखिया गणेश साव की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आयोजित ग्राम सभा में लाया गया। इसके अलावा ग्राम सभा में पंचायत के कई स्थानों पर चापाकल निर्माण का भी प्रस्ताव पारित की गई। वहीं प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता सप्ताह के रूप में बैठक करने एवं गांव के सार्वजनिक स्थल पर सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करने का भी बैठक में शपथ ली गई। इस अवसर पर पंचायत सचिव विशेश्वर महतो, रोजगार सेवक पंकज कुमार, जल सहिया उर्मिला देवी, सेविका सुशीला कुमारी, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, लालू साव, धीरज कुमार, सुनीता देवी ,मुकेश कुमार साव, उमेश सोरेन, फूल देवी, चिंता देवी, फूल देवी, सोनी देवी, सहोदरी देवी, सीता देवी, रेनू देवी, राखी देवी, मंजू देवी, लीलावती देवी, जानती देवी, रूपा देवी, श्वेता कुमारी, सुमन देवी, पनवा देवी, मनवा देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मोटरसाइकिल चोरी मामले में दो-दो मामला दर्ज

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हरली गांव में मंगलवार देर रात मोटरसाइकिल चोरी मामले में बड़कागांव थाना में दो अलग-अलग मामला दर्ज किया गया। एक मामला ग्रामीणों के आवेदन पर कांड संख्या 240/ 22 के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों चोर को हजारीबाग जेल भेजा गया। वहीं दुसरा मामला ग्रामीणों द्वारा पुलिस के साथ मारपीट करने के आरोप में एसआई अभय कुमार के बयान पर कांड संख्या 241/22 धारा 147, 148, 149, 341, 342, 330, 332, 353 के तहत 8 लोगों को नामजद एवं 100-150 अज्ञात महिला पुरुष के विरुद्ध मामला दर्ज की गई है।

## मुआवजा एवं हाथियों से बचाव को लेकर सुनील कुमार एसडीओ से की मुलाकात



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में हाथियों से हुए नुकसान एवं प्रभावित किसानों के मुआवजा की मांग के समर्थन में समाजसेवी सुनील कुमार बरही एसडीओ से मिले। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड के सुदूरवर्ती इलाकों में हाथियों के एक सामूहिक झुंड के द्वारा फसलों एवं घरों को क्षति पहुंचाया गया है। पिछले दिनों ग्राम बरकनगाँगो के तेलिया बांध में रामदेव ठाकुर के दुकान व नवनिर्मित घर को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया।जिससे वह बेघर हो गया है।वहीं घर मे खाने का अन्नाज नही है। इस तरह हाथियो द्वारा किये गए नुकसान के मामले को लेकर बरही एसडीओ पूनम कुजूर को जानकारी दी गई।साथ ही उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।एसडीओ ने इसके लिए हरसंभव मदद जा आश्वासन दिया।उन्होंने कहा सरकारी प्रावधान के अनुसार प्रभावित ग्रामीणों व किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए प्रशासन पहल कर रही है।

## खरियोडीह में आम सभा का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** खरियोडीह आजीविका महिला संकुल संगठन जयनगर का वार्षिक आम सभा का आयोजन पंचायत सचिवालय खरियोडीह के प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन केदारनाथ यादव सदस्य जिला परिषद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यकर्म के मुख्य अतिथि जयनगर प्रखंड प्रमुख श्रीमती अंजू देवी उपस्थित थी। प्रमुख मंजू देवी ने सरकार के द्वारा मिल रहे सुविधाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा सुख सुविधा को गरीबों तक पहुंचाना हमारा पहला दायित्व है। उद्घाटनकर्ता केदारनाथ यादव ने महिलाओं के उत्थान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को मुखिया राजेंद्र यादव, मुखिया इंद्रदेव यादव, पूर्व मुखिया बसंती देवी, पूर्व प्रमुख संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा, बीपीएम नंदकिशोर प्रसाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सरिता राणा ने किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रिंकी कुमारी, बैंक सखी अंजू देवी, संगीता देवी, कविता राणा, सरस्वती देवी, सविता देवी, ज्योति शर्मा, लक्ष्मण पंडित, देव नारायण दास, रूपलाल दास, गजाधर यादव आदि उपस्थित थे।

### एनटीपीसी ने केंद्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी दंस्थान से किया करार

# परियोजना क्षेत्र के युवावों में कौशल विकास को मिलेगा बल

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी कोयला खनन (मुख्यालय) ने दिनांक 17 सितम्बर को परियोजना से प्रभावित युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम के लिए केंद्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीटी) के साथ समझौता किया है। इस एमओए के साथ सिपेट केरेडारी, चट्टी बरियातु एवं पकरी बरवाडीह में स्थित एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों व स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण देगा। केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के सिकरी कार्यालय के सभाकक्ष में महाप्रबंधक (चट्टी बरियातु) बी.एम सिंह नें कौशल विकास



कार्यक्रम का उन्मुखीकरण सत्र से आरंभ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि परियोजना स्वावलंबन व स्व रोजगार को हमेशा से ही बढ़ावा देती है। इस कौशल विकास ट्रैनिंग से लोगों को एमएनसी एवं राष्ट्रीय कंपनीज में काम करने को मिलेगा। इस ट्रैनिंग के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को अपने भविष्य को उच्च स्तर पर ले जा सकते हैं। परियोजना प्रमुख ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अभी तक 24 विस्थापित लोगों ने इस ट्रैनिंग के लिए रुचि दिखाई है और उन्हें उम्मीद है कि और भी परियोजना प्रभावित लोग इस अवसर का लाभ उठाएगें। मौके पर उपस्थित सिपेट के अधिकारी शहनवाज अहमद एवं सी.एस. सैथपथी ने बताया कि कौशल विकास का सत्र दो शाखाओं में होगा। इसमें प्रत्येक बैच में 40 छात्र होंगे और इसकी अवधि 6 महीने की होगी। ट्रैनिंग इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों के लिए होस्टल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी जिससे सभी विद्यार्थी मन लगा कर अच्छे से समझ सके और ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिकल ज्ञान को हांसिल कर सके।

इसमें मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग और मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कोर्स पूरा होने के बाद एमएनसी एवं राष्ट्रीय कंपनीज में सभी विद्यार्थी इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार प्राप्त करेगें। मौके पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस.पी. गुप्ता, मां.सां विभाग से कालिया.एस. मूर्ति, एवं वरिष्ठ प्रबंधक आशिश कुल्लु व पकरी बरवाडीह परियोजना से देवराज आनंद मौजूद थे।

### दो दिनों के अंदर चार मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में दर्जनों युवक घायल

## तीन मोटरसाइकिल सवार पुल के 22 फीट नीचे नदी में गिरे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मैं 2 दिन के अंदर चार मोटरसाइकिल दुर्घटना होने से कई लोग घायल हो गए।मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण युवकों द्वारा नशा पान कर तेजी गति से मोटरसाइकिल चलाना माना जा रहा है। हजारीबाग रोड स्थित टावर के पास मोटरसाइकिल चलाने वाले तीन युवक घायल हो गए जिनमें से अशोक कुमार साहू,आशीष कुमार एवं रामधनी राम है। ये तीनों 22 सितंबर को हजारीबाग से टंडवा जा रहे थे यह घटना 3:00 बजे अपराहन की। 22 सितंबर को ही बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित भोक्तास्थान तालाब के पास दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से चार युवक घायल हो गए। जिसमें से रोहित कुमार ,अवधेश कुमार, धनेश्वर महतो ,झरी महतो घायल हो गए। इन घायलों का इलाज हेतु हजारीबाग भेजा गया।21 सितंबर को बड़कागांव -केरेडारी भाया टंडवा रोड स्थित चमगढ़ा पुल 22 फीट नीचे नदी में तीन मोटरसाइकिल सवार जा गिरे। इस कारण तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए ।इनमें से सुनील कुमार (21 वर्ष) रवि कुमार (18 वर्ष) एवं अमर कुमार (22 वर्ष) शामिल है। ये सभी घायल युवक केरेडारी प्रखंड के ग्राम बेंगवरी के निवासी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार यह तीन युवक हजारीबाग से बड़कागांव होते हुए केरेडारी बेंगवरी जा रहे थे।इसी दौरान बड़कागांव चौक से 3 किलोमीटर दूर स्थित चमगढ़ा पुल के पास साइकिल से गिर गए।इस कारण तीनों युवक पुल के नीचे नदी में जा गिरे। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को बड़कागांव अस्पताल में भर्ती किया गया।21 सितंबर को 3:45 बजे बड़कागांव बादम रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने मोटरसाइकिल में सवार दो युवक रवि कुमार यादव एवं दीपक कुमार गिरकर घायल हो गए।ये दोनों युवक नापो खुर्द से हजारीबाग जा रहे थे। इसी दौरान असंतुलित होकर गिर पड़े। दोनों का इलाज प्राइवेट नर्सिंग होम कराया गया।

## सहायक अध्यापकों का जांच ड्राफ्ट रद्द, बीआरसी का किया घेराव

आजाद सिपाह संवाददाता

**सतगावां।** प्रखण्ड के सभी अध्यापकों का सर्टिफिकेट जांच में लापरवाही के कारण ड्राफ्ट रद्द कर दिया गया जिससे सहायक अध्यापकों का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा। सभी सहायक अध्यापकों ने गुरुवार को विद्यालय में छुट्टी के बाद बीएसरसी का घेराव किया। मालूम हो कि सरकार के निदेर्शानुसार सभी अध्यापकों को आकलन परीक्षा से पहले सर्टिफिकेट जांच किया जाना है जिसको लेकर सभी सहायक अध्यापकों का मानदेय विगत तीन



महीनों से रुका हुआ है। ज्ञात हो कि 22 सितम्बर से आकलन परीक्षा का ऑनलाइन फॉर्म भरना है जो 7 अक्टूबर तक समय निर्धारित है। ऐसे में सभी शिक्षकों का कहना है कि पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण आकलन परीक्षा से ज्यादातर शिक्षकों को वंचित होना पड़ेगा। नेतृत्व कर रहे प्रखण्ड अध्यक्ष विकेंद्र सिन्हा ने कहा की विभाग की लापरवाही के कारण हमलोग का आकलन परीक्षा अगर बाधित हुआ तो विभाग के खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा। वहीं मनोज कुमार ने कहा कि लापरवाही की भी हद होती है। पूर्व जिला महासचिव प्रणव मुरारी ने कहा कि बीआरसी के सभी कर्मी इसके लिये दोषी है, सभी सहायक अध्यापकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। पूर्व प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद सिंह और बीपीओ उपेंद्र कुमार की लापरवाही से सहायक अध्यापक का जांच प्रभावित है अगर प्रखण्ड के शिक्षकों को आकलन परीक्षा से वंचित होना पड़ा तो उग्र आंदोलन होगा। संचालन प्रणव मुरारी ने किया।

## पीएम आवास की राशि निर्गत हेतु मांगा 10 हजार, 5 हजार लेते पंचायत सेवक अशोक कुमार एसीबी के रंगे हाथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के ब्रह्मौरिया पंचायत के ग्राम हथिया निवासी गणेश यादव उम्र 38 वर्ष पिता रामेश्वर यादव ग्राम के द्वारा आवेदन दिया गया था कि उन्हें वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण स्वीकृति मिली हुई है। जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच150945759 तथा स्वीकृति संख्या जेएच16014/4/1362 है। उक्त योजना का पूरा प्राक्कलित राशि 1 लाख 30 हजार रुपये है, जिसमें से आवेदक को प्रथम



पंचायत सेवक अशोक कुमार

किश्त के रूप में 40 हजार रुपये दिनांक 03 सितंबर 2021 को मिला चुका था। जिसमे लाभुक द्वारा लिंटर तक कार्य किया जा चुका है द्वितीय किस्त की निकासी हेतु आवेदक करीब 3 माह से पंचायत सेवक अशोक कुमार दास से आग्रह किया जा रहा था। लेकिन द्वितीय किस्त की 85 हजार रुपये की राशि निर्गत नही किया जा रहा था। बल्कि इसके बदले पंचायत सेवक के द्वारा 10 हजार की मांग बतौर रिश्वत मांगी गई। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग के पदनाम से आवेदन दिया गया था। हजारीबाग थाना कांड संख्या 07/2022, दिनांक 21/09/2022, पंजीकृत किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के दंडाधिकारी एवं दो सरकारी गवाह के उपस्थिति में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग ट्रैप टीम के द्वारा गुरुवार 22 सितंबर को प्राथमिकी अभियुक्त अशोक कुमार, पिता श्री गंगाराम, ग्राम- पोस्ट-देवकली, थाना-इचाक, जिला-हजारीबाग सम्प्रति पंचायत सेवक, ब्रह्ममोरिया, प्रखंड-चौपारण, जिला- हजारीबाग को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। अशोक कुमार दास ब्रह्मौरिया सहित रामपुर व दादपुर के भी पंचायत सेवक थे। एसीबी द्वारा आवस्यक पूछताछ व अग्रिम कार्रवाई हेतु अशोक कुमार को अपने साथ हजारीबाग ले गई।

### 28 को झुमरी तिलैया में माता लक्ष्मी के रथ का होगा स्वागत, निकाली जायेगी शोभा यात्रा

## चार दिवसीय अग्रसेन जयंती कार्यक्रम 25 से

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** अग्रवाल समाज के तत्वााधान में श्री अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन 25 से 28 सितम्बर तक आयोजित किया जायेगा। जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ दारूका, सचिव मुन्ना सुल्तानियॉ, जयंती समारोह का संयोजक प्रदीप केडिया ने बताया कि 28 सितम्बर को मुख्य समारोह का आयोजन होगा। इस दिन भारत भ्रमण पर निकली माता लक्ष्मी की रथ के झुमरी तिलैया पहुँचने पर स्वागत होगा और अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन एवं कुल देवी मॉ लक्ष्मी को सुसज्जित वाहन के साथ शहर में शोभा यात्रा निकाली जायेगी। और इसमें 18 गौत्रों के साथ बच्चे शामिल होगें। वहीं 1 रूपया ईट का भी झांकी भी आकर्षण का केन्द्र बिन्दु होगी। इसमें महिलाएं एवं पुरूष राजस्थानी वेशभूषा में शामिल होंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद के निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल उपस्थित रहेगें। शोभा यात्रा के उपरांत श्री अग्रसेन भवन में समाज के इस वर्ष के विभिन्न वर्गो में टॉपर छात्रा छात्राओं के साथ चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। 28 सितम्बर को ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रीअग्र सेवा निधि का विधिवत शुभारंभ, समाज की नयी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण भी किया जायेगा।

साथ ही समाजिक गौठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर श्री अग्रसेन भवन को सजाया एवं संवारा जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन 25 सितम्बर को उदघाटन समारोह का आयोजन होगा।

## इएसजेड संघर्षशील समिति की हुई बैठक, अन्य राज्यों के तर्ज पर दूरी घटाने की मांग



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इको सेंसेटिव जोन संघर्षशील समिति हजारीबाग की बैठक बुधवार को सिझुवा हाई स्कूल के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि व ईएसजेड के अध्यक्ष भागवत मेहता ने की। लोगों ने बताया कि नेशनल पार्क इको सेंसेटिव जोन पूर्व की सरकार द्वारा बढ़ाकर 5 किलोमीटर कर दिया जिसमें, इचाक, पदमा, कटकमसांडी के 218 गांव को लिया गया है जो असंवैधानिक है। इसमें ना तो किसी जनप्रतिनिधि एवं ना ही गांव में आमसभा कर राय ली गई। समिति के लोगों ने राज्य एवं केंद्र सरकार से अपना जीवन यापन करने की मांग करते हुए कहा कि अन्य राज्यों की तरह हजारीबाग नेशनल पार्क की दूरी को कम कर क्षेत्र के मुख्य व्यवसाय क्रेशर को चालू कराया जाए। क्रेशर बंद हो जाने से क्षेत्र में आम जनता एवं मजदूरो के बीच बेरोजगारी एवं पलायन की समस्या बढ़ गई है। साथ ही क्राइम बढ़ता जा रहा है। संशोधन कर दूरी कम नहीं किया जाता है तो इको सेंसेटिव जॉन में पडने वाले क्रेशर खदान के साथ अन्य सभी तरह के व्यवसाय पर प्रतिबंध लग सकता है। संशोधन कर दूरी कम नहीं किया जाता है तो संघर्षशील समिति के लोग सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। बैठक में पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, पूर्व उपप्रमुख सह संरक्षक चंद्रदेव मेहता, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, चोहन मेहता, सचिव राजेश मेहता, उपाध्यक्ष प्रसादी प्रसाद, किशोर मेहता, संतोष मेहता, अजय मेहता, बबलू कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार, विनोद कुमार मेहता, जीतेन्द्र मेहता, सुरेन्द्र कुमार रविदास के अलावा संघर्ष समिति के सैकड़ों लोग शामिल थे।

## हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में कोडरमा प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत भवन में ग्राम उत्थान कार्यक्रम के तहत स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर अभिजीत राय, लैब टेक्नीशियन सतीश पंडित, जन औषधि केंद्र के गुरुदेव प्रसाद, हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना पदाधिकारी तुलसी कुमार साव, विकास कुमार राणा, तिप्ति सेन, गायत्री कुमारी आदि उपस्थित थे। शिविर में कूल 67 रोगियों का इलाज किया गया। साथ ही उन्हें निशुल्क दवाई, सैनिटरी पैड एवं पोषण भी उपलब्ध कराए गए। शिविर में एनेमिक महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को पोषण उपलब्ध कराते हुए डॉक्टर अभिजीत राय ने उचित पोषण एवं स्वच्छता को लेकर उपस्थित लोगों को परामर्श दिए। उन्होंने बताया कि सही खानपान एवं उचित दिनचर्या से आप हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं। हर किसी को शारीरिक श्रम जरूर करना चाहिए। सहायक परियोजना पदाधिकारी तुलसी कुमार साव ने कहा कि यदि आप स्वस्थ हैं तो सब कुछ आपका है और यदि आप अस्वस्थ है, तो सब कुछ होते हुए भी कुछ नहीं है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रौढ़ साक्षरता के शिक्षक तिप्ति सेन एवं विकास कुमार राणा ने किया।

## बच्चा छत से गिरा, गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत ढाब थाम में छत के ऊपर बच्चा खेलने के दौरान अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान टुलु कुमार (उम्र 10 वर्ष पिता शंकर राणा ग्राम थाब थाम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने घर की छत पर खेलने के दौरान अचानक नीचे गिर जाने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन नौवें दिन जारी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** चलकुशा प्रखंड समक्ष तेरह सूत्री मांगों को लेकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के संघर्षों के जनक पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में पिछले 14 सितंबर से शुरू अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन नौवें दिन जारी है। धरनास्थल पर बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर पहुंचे। जहां उन्होंने पुर्व विधायक के जनहित मुद्दा तेरह सुत्री मांग जायज बताया। उन्होंने कहा मैं उच्च संबंधित पदाधिकारी से आपकी बात रखुंगा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी मुखिया आलोक सिंह, सुखदेव यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि केदार यादव गौरीशंकर ठाकुर, जगलाल यादव, सुरेश यादव, कुमार रवि, शंकर साव, उमेश साव,भुनेश्वर पंडित,विवेक गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, मनोज सिंह, पप्पू सिंह, पंकज सिंह, रिंकू सिंह, कुणाल सिंह, आलोक सिंह, श्यामसुंदर यादव, मुन्ना चौधरी, अशोक यादव, डेगलाल चौधरी , पंकज पंडित समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विजली चोरी को लेकर मामला दर्ज

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाने में विजली चोरी को लेकर पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है ।इस सम्बंध में विजली विभाग के कनीय अभियंता कनु राम मुर्मू ने शिकायत दर्ज कराया है ।जिसमे मो जाफीर पिता मो रफीक लोहार टोला विष्णुगढ़, सोनू कसेरा पिता महेंद्र कसेरा अस्पताल चौक,अंजू गोशवामी पति प्रदीप कुमार रमुवा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा पिता कोमल मिस्त्री, एवं विवेक मिस्री पिता वैद्यनाथ मिस्त्री बढ़ई टोला विष्णुगढ़ का नाम शामिल हैं।

### गोपी अध्यक्ष, हिमांशु सचिव, अरविन्द सह सचिव और प्रदीप कोषाध्यक्ष र्निविरोध निर्वाचित

## 151 मतदाता करेगें उपाध्यक्ष एवं 11 कार्यकारिणी सदस्य के लिए वोटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** श्री अग्रवाल समाज झुमरी तिलैया का चुनाव शुक्रवार को श्री अग्रसेन भवन में दिन 11 बजे से 3 बजे तक होगा। इसमें एक उपाध्यक्ष और 11 कार्यकारिणी के सदस्यों का चयन होगा। उपाध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार अजय अग्रवाल एव राधे श्याम मोदी के बीच मुकाबला होगा। इसके अलावा कार्यकारिणी में 13 सदस्यों में 11 का चयन 151 मतदाता करेगें। मुख्य चुनाव पदाधिकारी मधुसुदन दारूका सहायक निर्वाचन पदाधिकारी महेश दारूका एवं ओम शंकर जगनानी ने बताया कि कार्यकारिणी के लिए आयुष पोददार संजय खेमानी, संदीप हिसारिया, मनोज केडिया, संजय कुमार नरेडी, संतोष अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, प्रदीप हिसारिया, अमित गुप्ता उर्फ मंटु संजीव अग्रवाल विपुलचौधरी, अभिषेक गुप्ता तथा संजय अग्रवाल का नाम शामिल है। शुक्रवार की संध्या 05 बजे से चयनित पदाधिकारी की घोषणा की जायेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के पूर्व अध्यक्ष के लिए गोपी कृष्ण अग्रवाल सचिव के लिए हिमांशु केडिया सह सचिव के लिए अरविन्द चौधरी और कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार बंसल र्निविरोध निर्वाचित घोषित किये गये।

**श्री अग्रवाल समाज का शेष पदों के लिए चुनाव आज**

## माता वैष्णो देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र 26 सितंबर से



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के प्रांगण में शारदीय नवरात्र के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 26 सितंबर को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। उक्त बातों की जानकारी माता वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि नवरात्र पूजन 26 सितंबर से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान शिवम चड्डा व उनकी पत्नी निशा चड्डा होंगे। 2 अक्टूबर को मंदिर परिसर में महिला मंडली द्वारा कीर्तन किया जाएगा। वहीं 3 अक्टूबर को हवन, कंजक पूजन एवं 4 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से भंडारा (प्रसाद वितरण) होगा। श्री मारवाह ने बताया कि नवरात्र कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीते दिन पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ कार्यकारिणी समिति व माता वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट की एक बैठक मंदिर परिसर स्थित बिरादरी के कार्यालय में की गई थी।

## बासल पुलिस ने एक टन अवैध कोयला के साथ छह चोर को पकड़ा



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बासल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की सुबह जिंदल गेट के समीप चोरी कर कोयला ले जा रहे छह लोगों को धर-दबोचा। इनके पास से लगभग एक टन अवैध कोयला व छह दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया। बासल थाना के सअनि नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद पुलिस छापेमारी अभियान चलाई। पुलिस को देखते ही कोयला चोर अपनी बाइक छोड़ भागने लगें। सुरक्षा बलो के सहयोग से छह कोयला चोरो को दबोचा गया। साथ ही स्कूटी, स्कूटर व बाइक पर लदी लगभग एक टन कोयला व बिना नंबर का एक स्कूटी, जेएच 01 एएस 9257 नंबर की सीबीजेड बाइक, बिना नंबर का दो स्कूटर, जेएच 24 सी 2034 नंबर की पैशन प्रो बाइक व बिना नंबर की बजाज डिस्कवर मोटर साईकिल भी जब्त की गई। पकड़े गये चोरो में रेलवे साईडिंग टिपला भुरकुंडा निवासी सत्येंद्र साहू, जयनगर निवासी राकेश भुंइया व फहीम अंसारी, सौंदा बस्ती निवासी सुरेश प्रजापति व नंदीलाल कुमार और सौंदा टिपला बस्ती निवासी शिव पासवान शामिल थे। थाना प्रभारी सैनिक समद ने बताया कि पकड़े गये सभी कोयला चोरो पर कोल माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत टंडवा में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया



टंडवा (आजाद सिपाही)। बाजार टांड टंडवा दुर्गा मण्डप के प्रांगण में गुरुवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में स्वक्षता कार्यक्रम सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक किशुन कुमार दास हुये। विधायक ने खुद से झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। साथ में सभी लोग स्वच्छता हेतु हाथ बटाते हुये स्वच्छता के प्रति संकल्पित लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम बूथ स्तर पर पौधा लगाकर मनाया गया। वृक्षारोपण विशेष रूप में बूथ संख्या 351,352 सिसई में किया गया। मौके पर विशेष रूप में विद्युत विभाग विधायक प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, प्रताप चौरसिया, बाजार टांड टंडवा दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष रुदेश नायक, मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री विक्की मालाकार, मंडल महामंत्री संजीव पांडेय, उदय कुमार पांडेय, राजेन्द्र सिंह, मंडल प्रवक्ता महेन्द्र यादव,अजय गुप्ता, मदन भगत, राजा अंसारी, राजू रजक, नारायण महतो, रज्जू महतो व अन्य उपस्थित थे।

## सुख, शांति और समृद्धि का शुभ फल लेकर आयेंगी महामाया : आचार्य चेतन पांडेय



चतरा (अजय चौरसिया/आजाद सिपाही)। जगत जननी, महामाया, माता दुर्गा की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र 26 सितंबर दिन सोमवार से शुरू हो रहे हैं। इस बार शारदीय नवरात्र पूरे नौ दिनों का होगा। जबकि दुर्गोत्सव का महापर्व दशहरा दस दिनों का ही होगा। जन्म कुंडली वास्तु व कर्मकांड परामर्श केंद्र के आचार्य पं. चेतन पांडेय ने बताया कि इस बार माता दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है। जबकि गमन चरणायुध अर्थात् मुर्गा पर होगा। माता का आगमन शुभ है जबकि गमन ठीक नहीं है। माता रानी का आगमन राजा और प्रजा दोनों के लिए ठीक है। खासकर किसानों के लिए अत्यंत लाभप्रद होगा। अर्थात् अच्छी बारिश होगी। लेकिन इस बार माता का गमन अशुभ माना जा रहा है। ऐसे में रोग शोक बढ़ेंगे। राजनीतिक उठापटक बढ़ेगा। रोग बिमारी जनमानस का स्वास्थ्य प्रभावित करेगा। कुल मिलाकर इस वर्ष माता रानी का गमन ठीक नहीं है। प्रजा को कष्ट होंगे तो वहीं राज्य विग्रह का योग बनेगा। नवरात्र का शुभारंभ 26 अक्टूबर दिन सोमवार को हो रहा है। इस दिन प्रतिपदा तिथि में कलश स्थापना और मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री का पूजन होगा। नवरात्र 4 अक्टूबर दिन मंगलवार तक चलेगा। 4 अक्टूबर दिन मंगलवार को माता रानी के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के बाद नवरात्र का हवन व अन्य अनुष्ठान भी इसी दिन किए जाएंगे। इसी दिन दोपहर 1:33 बजे दसवीं तिथि का योग बनने के कारण माता रानी का गमन भी इसी दिन होगा। हालांकि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी का त्यौहार 5 अक्टूबर दिन बुधवार को मनाया जाएगा। दिनांक एक अक्टूबर दिन शनिवार को माता के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना के बाद गोधि बेला में बेलवरण पूजा होगी। 2 अक्टूबर दिन रविवार को माता के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा और ध्यान होंगे। इसी दिन नवपत्रिका स्नान-पूजन के बाद आदिशक्ति माता दुर्गा के पट खुलेंगे। जबकि दुर्गाष्टमी का व्रत 3 अक्टूबर दिन सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन माता दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा और ध्यान होगी। इसी दिन शाम 3 बज कर 59 मिनट 30 सेकेंड पर संधिबलि की पूजा होगी। 4 अक्टूबर दिन मंगलवार को महानवमी का व्रत होगा। इस दिन माता के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा के बाद नवरात्र का हवन किया जाएगा।

## प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में मनरेगाकर्मियों और भेंडर पर लगाया गया जुर्माना



टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड सभागार में गुरुवार को मनरेगा का प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण सह जनसुनवाई कार्यक्रम किया गया।जिसमे बीडीओ रंथू महतो,प्रमुख रीना कुमारी,उतरी जिप सदस्य देवंती देवी,मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव,दक्षिणी जिप सदस्य नेहा तिर्की के अलावे ज्यूरी टीम के सदस्य मौजूद थे।इस दौरान वितीय वर्ष 2019-20एवं 2020-21की लंबित जनसुनवाई हुयी।सुनवाई में विभिन्न पंचायतों से दर्जनों मामले ज्यूरी टीम के समक्ष आये।मनरेगा के तहत आम बागवानी,वर्मी कम्पोस्ट,कुआं व शेड निर्माण से जुडा था।इस बीच काफी हंगामा भी हुआ।सभी मामलों की समीक्षा के बाद ज्यूरी सदस्यों ने पंचायत सेवक, रोजगार सेवक,कनीय अभियंता,मुखिया समेत संबंधित भेंडर को पांच सौ से लेकर तीन हजार रुपये तक जुमार्ना लगाया गया।तथा पंद्रह दिन के अंदर लंबित कार्य को करने का समय दिया गया। कुछ योजनाओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।सुनवाई 2020-21 की चल रही थी।जनसुनवाई में बीपीओ राजेश कुमार,बीस सुत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी,जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मो आशिक,राजेश चौधरी,पर्व जिप सदस्य बनवारी साव,राम जतन यादव,मोहन राणा,समेत मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन पर लगाया आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप

## रावण दहन का परमिशन नहीं मिलने पर समिति ने जताया आक्रोश

▶▶ आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहा है जिला प्रशासन, समिति इसकी निंदा करती है : रोशनलाल

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन रावण दहन का कार्यक्रम पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। रामगढ़ जिले में भी यह कार्यक्रम काफी भव्य तरीके से मनाया जाता रहा है। इस वर्ष शहर के बाजार टाड़ स्थित सिद्धू कान्हो मैदान में रावण दहन कार्यक्रम करने का आदेश जिला प्रशासन की ओर से नहीं दिया गया है। इस मुद्दे पर आजसू नेताओं ने काफी आक्रोश जताया है। आजसू के नेताओं के द्वारा बनाए गए सूरज हॉल कमेटी के द्वारा रावण दहन कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता रहा है। पिछले 2 वर्ष कोरोना काल में यह कार्यक्रम नहीं हो पाया था। इस वर्ष काफी धूमधाम से यह कार्यक्रम करने का मन सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल



समिति के द्वारा बनाया गया था। लेकिन उनकी मंशा पर जिला प्रशासन के रवैए ने पानी फेर दिया है।

**लाखों लोगों के आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है जिला प्रशासन : रोशनलाल**

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी ने जिला प्रशासन पर हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि रावण दहन कार्यक्रम हिंदू आस्था से जुड़ा हुआ है। जिस स्थान पर हर वर्ष यह कार्यक्रम होता आ रहा है, उसी स्थान पर इस वर्ष भी रावण दहन करने के लिए जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया था। लेकिन एसडीओ मो जावेद हुसैन के द्वारा उस स्थान पर कार्यक्रम नहीं करने के लिए समिति को पत्र लिखा गया है।

**एसडीओ ने क्या कहा है पत्र में**

रामगढ़ एसडीओ मोहम्मद जावेद हुसैन के द्वारा जो पत्र समिति को लिखा गया है उसमें कहा गया है कि सिद्धू-कान्हो मैदान में स्टेडियम का निर्माण कार्य चल रहा है। उस स्थान पर ठेकेदारों के द्वारा कई विकास कार्य किए गए हैं। उनके लाखों रुपए का सामान भी वहां पड़ा हुआ है। रावण दहन कार्यक्रम के दौरान वहां भारी भीड़ लगेगी, जिससे विकास कार्य को क्षति पहुंच सकती है। उन्होंने कहा है कि इस विषय पर विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, रामगढ़ थाना प्रभारी और रामगढ़ अंचल अधिकारी से भी रिपोर्ट ली गई है। सभी लोगों ने निमार्णाधीन स्टेडियम स्थल पर रावण दहन कार्यक्रम करने की अनुशंसा नहीं की है। इस वजह से वहां पर रावण दहन कार्यक्रम करने के बजाय किसी दूसरे स्थान पर इस कार्यक्रम को आयोजित करने को कहा गया है।

## भाजपा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



कुजू (आजाद सिपाही)। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर जारी विशेष पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप स्वास्थ्य केंद्र दिगवार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान कोविड-19 का ध्यान में रखते हुए करीब 20 लोगों को बूस्टर का डोज लगाया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग कर्मी गीता कुमारी, रजनीश कुमार तथा रविता कुमारी ने अपना अहम भूमिका निभाया। इस अवसर पर भाजपा के नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि, कुलदीप कुशवाहा, विगू प्रसाद, दुलाल पंडा, संजय यादव, रोहित प्रसाद, दिलेश्वर कुशवाहा, सीताराम प्रसाद मौजूद रहे।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल ने किया पौधरोपण

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के तहत गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। भुरकुंडा मंडल के मीडिया प्रभारी आकाश साहू के आवास पर फलदार पौधे लगाए गए। मौके पर मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जयंती तक चलेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधे जरूर लगाना चाहिए। पौधारोपण के बाद भाजपाईयों ने इसके संरक्षण का भी संकल्प लिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, महामंत्री अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतन सिंह, मीडिया प्रभारी आकाश साहू, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

## हनुमान चालीसा पाठ और डांस प्रतियोगिता में बच्चों में दिखा उत्साह

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के चट्टी बाजार स्थित श्री मारवाड़ी धर्मशाला में अग्रवाल समाज रामगढ़ कैंट के तत्वधान में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के पांचवे दिन गुरुवार को हनुमान चालीसा पाठ और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसकी, संयोजिका आशा चौधरी और पिंकी अग्रवाल थी। जबकि, डांस प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर मिलाकर 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसकी, संयोजिका रमा अग्रवाल और बॉबी गोयल थी। प्रतियोगिता के दौरान समाज के



बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया। बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी अपनी कला पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

**ये थे उपस्थित**

समिति के अध्यक्ष नानू राम गोयल, उपाध्यक्ष विनोद कुमार पंकज, मंत्री शंकर लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास शाह, भंडारी अनिल सुरेका, जयंती संयोजक पंकज बेरलिया, नरेश अग्रवाल, अरुण गोयल, संयोजिका पिंकी गोयल, प्रिया अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सुमन गोयल, रमा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, सिंपल बेरलिया, संगीता बुधिया, सुधा गोयल, संजना अग्रवाल, जगदीश गोयल, संजीव बेरलिया, महेश अग्रवाल, महावीर बेरलिया, हनुमान गोयल सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

**बेबी रैंप शो का आयोजन आज**

महोत्सव से संबंधित जानकारी देते हुए मंत्री शंकरलाल अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को 3.30 बजे से बेबी रैंप शो का आयोजन किया गया है। जिसकी, संयोजिका रीता अग्रवाल और सुमन गोयल होगी।

# हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन इटखोरी पहुचे, प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा

## जिला प्रधान जज व उपायुक्त ने मुख्य न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत

चतरा (आजाद सिपाही)। झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश डा0 रवि रंजन के इटखोरी आगमन पर जिला प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह उपायुक्त अबु इमरान एवं रजिस्ट्रार सदीस उज्जवल वेक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिला के जवानों ने मुख्य न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। मुख्य न्यायधीश ने जिले के प्रसिद्ध तीन धर्मों का संगम स्थल मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। उपायुक्त के अगुवाई



में मुख्य न्यायधीश ने पूजा-अर्चना कर माता की महत्ता की जानकारी ली। मुख्य न्यायाधीश गुरुवार संध्या माता के दर्शन करने पहुचें थे। मुख्य पुजारी नागेश्वर तिवारी ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कराई। इस दौरान पुजारी ने माता के चुनरी आशीर्वाद के रूप में न्यायधीश में दी। पूजा के पश्चात उपायुक्त ने माता के मोमेंटो मुख्य न्यायधीश भेंट में दी। एसडीपीओ व डीएसपी के नेतृत्व में मंदिर के चारो ओर सुरक्षा चाक चौबंद थी। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, इटखोरी बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ रामविनय शर्मा समेत अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएसटीपीपी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा शिविर का आयोजन



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीवीयूएन लिमिटेड की चिकित्सा टीम ने गुरुवार को पीएसटीपीपी स्वास्थ्य केंद्र, पतरातू में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मेदांता होस्पिटा, रांची के सहयोग से आयोजित किया गया था।इस कैंप में नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्पाइरोमेट्री, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की भी जांच की जा रही थी. इस मौके पर सीआईएसएफ और स्थानीय गांवों के 50 से अधिक लाभार्थियों ने सुविधाओं का लाभ उठाया और चिकित्सक से मार्गदर्शन लिया। स्वास्थ्य जांच शिविर में सीईओ (पीवीयूएन) प्रेम प्रकाश महाप्रबंधक (परियोजना), एस के पांडा , महाप्रबंधक(इंजीनियरिंग) बी दास , एचओएचआर नीरज कुमार राय सहित पीवीयूएन लिमिटेड के अन्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुए ।

# शोकाकुल सिख परिवार से मिलने पहुंचे सांसद

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। पिछले दिनों टाटीझरिया मे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सिख समाज के मृतक शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मृतक के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया एवं दुर्घटना में अन्य घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की ! मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का भरोसा दिया ! घटना की जानकारी आपबीती पीड़ित परिवार वालों ने बताया कि बीते 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के दिन गिरिडीह से रांची कीर्तन समागम में जा रही बस टाटीझरिया के समीप पुल में गिर जाने से 8 शिक्षक दालों की मौत हो गई 2 दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। घटना को



लेकर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के साथ गहरा दुख व्यक्त किया तथा परिजनों को आश्वासन देते हुए कहा कि जरूरतमंद पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिलाने का काम किया जाएगा ! मौके पर सिख समाज से उपस्थित गुरुद्वारा प्रबंधक सेक्रेटरी नरेंद्र सिंह सलूजा (शम्मी), समाजसेवी जगजीत सिंह बग्गा, रविंद्र चावला, ऋषि चावला सरबजीत सिंह, राजू चावला, रोबिन चावला, खुश्मीत सिंह, सरबजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह अवतार सिंह सहित आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष गुड्डु यादव, डुमरी विधानसभा प्रभारी वा पूर्व डूंमरी प्रमुख यशोदा देवी,आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र राम, अजीत मोदी, बीजेपी नगर अध्यक्ष हरविंदर सिंह बग्गा, समाजसेवी जोगिंदर सिंह बग्गा, रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, राजेश पंडीत, अमित यादव, प्रतीक साहू, बाबू बंगाली, धर्मद्र यादव, पिंटू महतो, दीपक पांडे, संजीत तारवे मौजूद थे ! सभी ने पीड़ित परिवार को संवेदना व्यक्त की और कहा कि जान माल क्षति की भरपाई कभी नहीं की जा सकती, हम सभी आजसू पार्टी के कार्यकर्ता इस दुख की घड़ी में आपके साथ हैं !

## बिरसा परियोजना शाखा कमिटी को रैविमो ने किया भंग




उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी स्थित बिरसा ऑफिसर क्लब में आयोजित रैयत विस्थापित मोर्चा का 12 वां स्थापना दिवस समारोह में बुधवार को बरका सयाल क्षेत्रीय कमिटी द्वारा सर्वसम्मति से बिरसा परियोजना उरीमारी शाखा कमिटी को भंग कर पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव को कार्यमुक्त किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में ही क्षेत्रीय कमिटी द्वारा सर्वसम्मति से बिरसा परियोजना उरीमारी शाखा कमिटी में नये लोगों को जिम्मेवारी दी गई। जिसमें शाखा अध्यक्ष पप्पू लाल मांझी एवं सचिव सन्नी सोरेन बनाए गए। वहीं अध्यक्ष व सचिव को क्षेत्रीय कमिटी द्वारा जिम्मेवारी देते हुए कहा गया कि 15 दिनों के अंदर बिरसा शाखा कमिटी का विस्तार कर क्षेत्रीय कमिटी एवं केंद्रीय कमिटी को सूचित करेंगे। साथ ही स्थापना दिवस समारोह में क्षेत्रीय कमिटी द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अंतिम नवंबर तक सभी शाखा कमिटी अपने - अपने परियोजना के समस्याओं को लिखित रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सचिव को सौंपेंगे। वहीं आने वाले दिसंबर माह में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।जिसके लिए तिथि बाद में निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कार्यवाहक कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, केंद्रीय सचिव सन्नी बेसरा, उपाध्यक्ष विरेंद्र मांझी,बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा बहादुर मांझी, रुस्तम सोहराब, मुरसिंह मांझी, न्यू बिरसा शाखा अध्यक्ष जीतन मुंडा, सचिव संजय करमाली, उरीमारी शाखा सचिव बिनोद हेंब्रम,चोरधारा शाखा अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो, सचिव सुखदेव उरांव, जीवन धारा कोषाध्यक्ष बैजनाथ बेदिया, शंकर मांझी, धनीराम मांझी, राजू कुमार, अरविंद मरांडी, सुनील मुर्मू, दुर्गा हांसदा,थूरका मांझी, लाल बिहारी मांझी, प्रदीप हांसदा, छट्टू मांझी,सेवामति किस्कू,पोटंगा पंसस बभनी देवी, दावलेन मिंज, रेशमी हस्सा, तारा देवी, पंकज हेंब्रम, आनंद बेसरा, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, अजय बेसरा,अजय करमाली, दिनेश टुडू, प्रेम सोरेन, बंशी मुर्मू, महेश बेसरा, बसंत मांझी आदि मौजूद थे।

## पोषण माह के तहत जुबिली कॉलेज में निबंध और भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को पोषण माह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. बी रविदास ने स्वयंसवेको व विद्यार्थियों को पोषण माह योजना की विशेष जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं, किशोरियां व नवजात शिशुओं के पोषण की स्थिति के प्रति समाज व देश को जागरूक करना है। साथ ही ऐसे लोगों को हर संभव सरकारी सहायता प्रदान कराना है। मुख्य वक्ता डॉ. एकेएस झा ने कहा कि संतुलित आहार के साथ-साथ संतुलित दिनचर्या भी अपनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में संतुलित आहार जीवन का आधार विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ो स्वयंसेवक व विद्यार्थी शामिल हुए। मौके पर डॉ. महेंद्र पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, पारा शंकर, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. मिथिलेश कुमार, मनोज प्रसाद, कृष्णा, सुशील, सिमरन, जान्हवी, मोनिका, काजल, आयशा, संध्या, सलोनी, निशा, सुनैना, खुशबू, मुस्कान, स्नेहा, जूही, अमित, राजकुमार, विवेक सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## भुरकुंडा अतिक्रमण मामले पर सिर्फ फोटो खिंचवा कर राजनीतिक रंग देना चाहती है आजसू पार्टी : अंबा



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका सयाल प्रबंधन द्वारा विगत दिनों भुरकुंडा बाजार के दुकानदारों को अतिक्रमण मामले को लेकर जारी की गई बेदखली नोटिस मिलने के बाद पहले दिन से ही स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद स्थानीय लोगों के हित में सकारात्मक पहल कर रही है भुरकुंडा बाजार के व्यवसायियों व दुकानदारों के साथ अन्याय नहीं हो उसके लिए सीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक से मुलाकात भी की परंतु विगत दिनों सीसीएल प्रबंधन द्वारा भुरकुंडा बाजार में सर्वे का काम करने पर भुरकुंडा वासी डरे सहमे हैं और इस दौरान इस पूरे मामले पर सिर्फ और सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे आजसू पार्टी पर विधायक ने कड़ा प्रहार कियो उन्होंने इस मामले पर कहा कि भुरकुंडा वासियों के भावनाओं साथ सिर्फ और सिर्फ आजसू के नेताओं ने राजनीति करने का प्रयास किया, उनके पार्टी के नेताओं का सिर्फ और सिर्फ फोटो खिंचवाने का काम बाकी रह गया है, यही वजह है कि जनता ने उन्हें पूरी तरह से नकार दियो जबकि इस पूरे मामले में हमने अपनी पैनी नजर बनाए रखी हुई है, पल-पल भुरकुंडा बाजार के व्यवसायियों से मिलकर आगे की रणनीति तय की जा रही है । विधायक ने कहा कि भुरकुंडा वासियों के हक अधिकार की रक्षा के लिए उनके साथ खड़ी हैं, सीसीएल द्वारा की जा रही पल-पल की कार्रवाई पर हमारी नजर है और भुरकुंडा वासियों को हो रही परेशानियों से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है विधायक ने कहा कि मौजूदा स्थिति से संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराने के लिए भुरकुंडा के व्यापारी संघ व दुकानदारों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सीसीएल के सीएमडी सहित माननीय मंत्री और मुख्यमंत्री तक जाऊँगी और जब तक इस मामले में न्याय नहीं मिलेगा तब तक सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहूंगी, भुरकुंडा वासियों के साथ अन्याय ना हो उसके लिए विधायक अंबा प्रसाद अग्रिम पंक्ति में खड़ी रहेंगी, सीसीएल द्वारा की जा रही कार्रवाई पर अगर धरना प्रदर्शन करने की भी नौबत आई तो वह खुद धरना करेंगी ।

## पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा : सांसद



गोला (आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसोकला से पतरातू, मगनपुर से रोला व सुतरी से लेवाटांड़,बिहर डीह से डिमरा रोड तक ग्रामीण पथ निर्माण की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मिली है। जिसका शिलान्यास हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विधायक पति समाजसेवी बजरंग महतो के द्वारा गुरुवार को नारियल फोड़कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत कार्यकताओं द्वारा बुके देकर व माला पहनाकर किया गया। बताया गया कि उक्त ग्रामीण पथों का निर्माण दस वर्षों पूर्व किया गया था। जिसके बाद से उक्त पथों को देखने वाला कोई नहीं था। जिस कारण सभी पथ पुरी तरह से जर्जर हो गया था। जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों द्वारा पथों की मरम्मती करने के लिए वर्षों से स्थानीय विधायक व सांसद से किया जा रहा था। जिसका शिलान्यास किया गया। ग्रामीण पथों का निर्माण सागर आनंद कंस्ट्रक्शन रांची के द्वारा कराया जायेगा। वही डिमरा पथ का जगजीत सिंह कॉन्ट्रैक्शन के द्वारा किया जाना है। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि इस प्रखण्ड में सड़कों की स्वकृति मिली है जो मेरे द्वारा किया गया है। पूरे संसदीय क्षेत्र में अभी भी दर्जनो सड़क ऐसे है जिसका स्वीकृति नही मिली है। निर्माण की प्राक्कलित राशि- सोसोकला से पतरातू चार किलोमीटर प्राक्कलित राशि 1 करोड़ 2 लाख 482 रु, मगनपुर से रोला 3.30 किलोमीटर प्राक्कलित राशि 82 लाख 403 रु व सुतरी से लेवाटांड़ 1.50 किलोमीटर प्राक्कलित राशि 37 लाख रुपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा। इधर उद्घाटन के मौके पर सोसो कलां में कांग्रेस एवं भाजपा कार्यकर्ताओ में अपने अपने समर्थ न में नारे लगाये गए। इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ता ताना तानी में दिखें। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो, प्रमुख गीता देवी,जीप सदस्य सरस्वती देवी,संतोष सोनी, उप प्रमुख विजय ओझा, गौरीशंकर महतो, जनार्दन पाठक,मनोज महतो,नुरुल्लाह अंसारी हसन इमाम आदि थे।

# ऐसे तराशेंगे टैलंट!

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 200 से ज्यादा अंडर 17 विमिन कबड्डी प्लेयर्स को जिस तरह से जेंट्स टॉयलेट में रखा खाना परोसा गया, वह देश में खेल और खिलाड़ियों को लेकर सरकारी तंत्र के शर्मनाक रवैये को उजागर करता है। हालांकि विडियो वायरल होने और इसकी खबरें मीडिया में आने के बाद कार्रवाई में देर नहीं की गयी। तत्काल स्पोर्ट्स ऑफिसर को निलंबित करने और संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच के भी आदेश जारी कर दिये गये, लेकिन यह कार्रवाई न तो इस प्रकरण से हुए नुकसान की भरपाई करती है और न ही इस तरह के रवैये का कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण पेश कर पाती है। अगर यह घटना इस तरह मीडिया में नहीं आती या इसके विडियो वायरल न हुए होते तो महिला कबड्डी प्लेयर्स के साथ ऐसा बर्ताव करने वाले लोगों में से किसी के भी मन में शायद ही कोई अपराध भाव आता या प्रशासन के आला अधिकारियों में से कोई इसे नोटिस में लेता। ऐसी धारणा का कारण यह है कि अपने देश में खिलाड़ियों की उपेक्षा कोई नयी बात नहीं है। खेल तंत्र, प्रशासन और सत्ता से जुड़े लोग खुद को इन खिलाड़ियों की किस्मत का शहंशाह मानते हैं। उनकी यह भावना कभी किसी महिला खिलाड़ी के यौन शोषण की खबर के रूप में सामने आती है, तो कभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों को अनदेखा करने और आयोजनों के दौरान उन्हें अहमियत न दिये जाने के रूप में। इसी रविवार को कोलकाता में डुरंड कप फाइनल के बाद ट्रॉफी देते समय विजेता टीम के कप्तान सुनील छेत्री को जिस तरह से साइड करने की कोशिश की गयी, वह खेलों और खिलाड़ियों के प्रति सत्ताधीशों के नजरिये को बताता है। आश्चर्य की बात यह है कि सत्ता का यह नजरिया तब है, जब खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की हर मुमकिन कोशिश में जुटे नजर आते हैं। वह न केवल महत्वपूर्ण मुकाबलों से पहले निजी तौर पर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हैं, बल्कि मुकाबले के बाद भी उनसे मिल कर अलग-अलग तरीकों से सार्वजनिक तौर पर उनका उत्साह बढ़ाते हुए दिखते हैं। इसका एक मकसद व्यापक तौर पर यह संदेश देना भी है कि देश अपनी इन खेल प्रतिभाओं की परवाह करता है, उनका सम्मान करता है। इस बीच कई ऐसी योजनाएं भी लायी गयीं जिनसे ग्रासरूट लेवल पर टैलेंट को पहचानने और मांजने में मदद मिले। इन सबका पॉजिटिव असर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत के प्रदर्शन पर भी देखा जा रहा है, लेकिन ये सब प्रतीकात्मक उपाय बन कर रह जायेंगे, अगर देश में ऊपर से नीचे तक खिलाड़ियों को लेकर खेल तंत्र का रवैया नहीं बदलेगा। आखिर कितनी भी अच्छी स्कीम लायी जाये उसका क्रियान्वयन तो इसी तंत्र के जरिए होना है। जरूरी है कि इस रवैये में स्थायी सुधार के दूरगामी उपाय किये जायें।

**अगर यह घटना इस तरह मीडिया में नहीं आती या इसके विडियो वायरल न हुए होते तो महिला कबड्डी प्लेयर्स के साथ ऐसा बर्ताव करने वाले लोगों में से किसी के भी मन में शायद ही कोई अपराध भाव आता या प्रशासन के आला अधिकारियों में से कोई इसे नोटिस में लेता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत का अस्तित्व एक सेक्यूलर देश के रूप में शुरू से रहा है, यहां गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिलती है। इसलिए यह देश सांप्रदायिक साजिश का शिकार नहीं हो सकता। वसुधैव कुटुंबकम के संस्कार और सर्वे भवंतु सुखिनः के संकल्प का ही नतीजा है कि भारत में दुनिया के सभी धर्मावलंबी समानता, स्वतंत्रता और समावेशी माहौल में रहकर फल-फूल रहे हैं। 2014 से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार देश के अल्पसंख्यक वर्ग के विकास, सामाजिक न्याय और उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है।**

# मोदी सरकार का प्रयास अल्पसंख्यकों का विकास



डॉ मिस्फीका हसन

2014 के बाद पिछले आठ वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार के भेदभाव रहित विकास के संकल्प ने अल्पसंख्यकों समेत सभी वर्गों के विकास में बराबर का हिस्सेदार एवं भागीदार बनाया है। यही विश्वास और विकास का माहौल भारत विरोधी तत्वों की बेचैनी का कारण है। भारत का अस्तित्व एक सेक्यूलर देश के रूप में शुरू से रहा है, यहां गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिलती है। इसलिए यह देश सांप्रदायिक साजिश का शिकार नहीं हो सकता।

वसुधैव कुटुंबकम के संस्कार और सर्वे भवंतु सुखिनः के संकल्प का ही नतीजा है कि भारत में दुनिया के सभी धर्मावलंबी समानता, स्वतंत्रता और समावेशी माहौल में रहकर फल-फूल रहे हैं।

2014 से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार देश के अल्पसंख्यक वर्ग के विकास, सामाजिक न्याय और उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है।

**2014 से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार देश के अल्पसंख्यक वर्ग के विकास, सामाजिक न्याय और उन्हें देश कि मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है।**

भाजपा पर अल्पसंख्यक विरोधी होने का आरोप लगता रहा है, परंतु केंद्र की मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के नारे के संकल्प के साथ नयी मंजिल, हुनरहाट और उस्ताद जैसी योजनाओं से उनके सर्वांगीण विकास का प्रयास किया है। मुस्लिम महिलाओं के साथ होने वाले वाले अन्यायों की समाप्ति के लिए भी मोदी सरकार ने मुस्लिम वीमेन बिल 2017 लेकर मुस्लिम महिलाओं को वर्षों से चले आ रहे अत्याचार को दूर कर अधिकार देने का ऐतिहासिक प्रयास किया है।



**भारत में तीन लाख से ज्यादा मस्जिदें हैं, जहां इबादत होती है, इतने ही अन्य धार्मिक स्थल हैं। हजारों चर्च, गुरुद्वारे, बौद्ध प्रार्थना घर, पारसी और जैन मंदिर और पूजा स्थल हैं। इस तरह 50 हजार से ज्यादा पंजीकृत मदरसे हैं, 50 हजार से ज्यादा अन्य अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान। जो कई इस्लामिक देशों से भी ज्यादा हैं। यह सभी एक भारत-श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता की ताकत के एहसास को पुख्ता करते हैं।**

पीएम मोदी का जो विकास का मसौदा है, वोट का सौदा नहीं है। अगर वोट का सौदा होता, तो नरेंद्र मोदी ने इन 8 सालों में 5.5 करोड़ से ज्यादा अल्पसंख्यक बच्चे-बच्चियों को स्कॉलरशिप नहीं दी होती। अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा अल्पसंख्यक समाज को दी गयी फ्री कोचिंग से यूपीएससी सीएसइ 2019 में 40 मुस्लिम छात्र-छात्राएं नामांकित हुए। वर्तमान में भी यूपीएससी परीक्षा में कई अल्पसंख्यक छात्र-छात्राएं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अल्पसंख्यकों के विकास की लंबी सूची तैयार की है, जिसमें प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास की योजना नयी रोशनी, अल्पसंख्यक युवाओं के कौशल विकास हेतु सिखों और कमाओ योजना, अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजनाएं नया सवेरा, यूपीएससी- यूएसएससी, राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले अल्पसंख्यक छात्रों हेतु सहायता की योजना नयी उड़ान, जिसके तहत 18-65 वर्ष की 295000 अल्पसंख्यक महिलाएं लाभान्वित हुई है। वर्ष 2014 से पहले इसके आंकड़े मात्र 97825 थे।

अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षणिक श्रृण पर ब्याज इमदाद की योजना पढ़ो परदेश, घटती पारसी जनसंख्या दर में वृद्धि के लिए जियो पारसी योजना, भारतीय संस्कृति की समग्र संकल्पना के अधीन भारत के अल्पसंख्यक समुदाय की समृद्ध विरासत संरक्षित करने की हमारी धरोहर योजना, विकास के लिए पारंपरिक कलाओं शिल्पों एवं कौशलों का उन्नयन प्रशिक्षण उस्ताद योजना के तहत परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों का मनोनयन और प्रशिक्षु का आवंटन की उस्ताद योजना सहित कई योजनाएं अल्पसंख्यकों के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है।

दुनिया भर में रहने वाले हर दस मुसलमान में से एक मुसलमान भारत में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिणक, धार्मिक, संवैधानिक स्वंतत्रता और सुरक्षा के साथ रह रहा है। वहीं पड़ोस के इस्लामिक देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे जुर्म और जुल्म जगजाहिर है।

भारत में तीन लाख से ज्यादा मस्जिदें हैं, जहां इबादत होती है, इतने ही अन्य धार्मिक स्थल हैं। हजारों चर्च, गुरुद्वारे, बौद्ध प्रार्थना घर, पारसी और जैन मंदिर और पूजा स्थल हैं। इस तरह 50 हजार से ज्यादा पंजीकृत मदरसे हैं, 50 हजार से ज्यादा अन्य अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान। जो कई इस्लामिक देशों से भी ज्यादा हैं। यह सभी एक भारत-श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता की ताकत के एहसास को पुख्ता करते हैं।

भारत में मुसलमानों सहित सभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा, सम्मान, भारत के संस्कृति-संस्कार-संकल्प का हिस्सा हैं, जिसे पीएम मोदी ने साकार करने का कार्य किया है।

**(लेखिका : राष्ट्रीय मंत्री, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा झारखंड हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### विधायक ने जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

# पेयजल सप्लाई के समय में 1 घंटे की होगी बढ़ोतरी, काम के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं: मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधायक मंगल कालिंदी लगातार प्रयासरत हैं। गुरुवार को विधायक मंगल कालिंदी ने जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से जुगसलाई नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव, बिजली विभाग के इंजीनियर, बिजली विभाग के एसडीओ और पेयजल विभाग के अधिकारी शामिल रहे। विधायक ने स्थानीय लोगो की समस्याओं के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने जल्द से जल्द इन सभी समस्याओं को निराकरण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान विधायक ने पेयजल विभाग के अधिकारियों को पेयजल सप्लाई के समय में बदलाव कर 1 घंटे बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया। वही गरीब नवाज कॉलोनी, मछली मोहल्ला, ग्वालापाड़ा क्षेत्र के धर्मशाला, मारवाड़ी पाड़ा, सफीगंज मोहल्ला, सेवा सदन रोड के देजी गार्डन स्कूल क्षेत्र, स्टेशन रोड गुलमोहर होटल के समीप पेयजल की आपूर्ति नहीं होने पर विधायक ने नाराजगी जतायी। उन्होंने 15 दिन के अंदर में सभी समस्याओं का समाधान कर सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई कराने और पुरानी बस्ती रोड की पाइप की सफाई कराने का निर्देश दिया। अंसारी मोहल्ले, मिल्लत नगर, और हिल व्यू एरिया में जर्जर विद्युत खंभों को बदलने का निर्देश, ईदगाह मैदान की जर्जर तारों को बदलने व ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने और कुछ जगहों पर ट्रांसफार्मर को बदल कर 200 केवी के ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही केबल तार लगाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने सभी क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिया।



**इनकी रही उपस्थिति**

**मौके पर विधायक ने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कार्य के प्रति लापरवाही करने पर उनके विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में मो जमील, विजय महतो, मोहम्मद शमशाद,मो श्यामू, शमशेर आलम, रूबल सिंह, मुकेश शर्मा, रंजन पांडे ,सोनू सिंह, अब्दुल कादिर आदि स्थानीय झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# सेवा पखवाड़ा के तहत अलग अलग बूथ पर किया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 'सेवा पखवाड़ा' चला रही है। सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को पौधारोपण समेत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान सदर प्रखंड में अध्यक्ष जयकिशन बिरूली एवं प्रभारी संजय पति की उपस्थिति में विभिन्न बूथों में पौधा वितरण एवं रोपण किया गया। हाटगम्हरीया प्रखंड में कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बृजमोहन चातोम्बा के उपस्थिति में, प्रखंड टोन्टो में मंडल अध्यक्ष लेबिया लागुरी एवं प्रभारी चंद्रमोहन तियु के उपस्थिति में, झीकपानी प्रखंड में मंडल अध्यक्ष कमल किशोर नायक एवं प्रभारी संजय अखाड़ा के उपस्थिति में प्रखंडों के विभिन्न बूथों में पौधा वितरण एवं रोपण किया गया। गुरुवार को हुए सेवा पखवाड़ा में चाईबासा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चाईबासा पद्मावती जैन सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में अक्षय खत्री के उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। चाईबासा विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों में 240 पौधा वितरण एवं रोपण किया गया और लोगों को बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में चलाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा में पूर्व विधायक पुत्कर हेम्ब्रम, विधानसभा संयोजक मनोज लेयांगी, जिला महामंत्री प्रताप कटियार, दिलीप साव, राकेश पोद्दार, सतीश पूरी, पप्पू महतो, मुरली मनोहर खण्डाईत, श्याम लाल दास, अर्जुन हेंब्रम, भागीरथी गोप, अजय गोप सतारी खंडाइत, देवेंद्र लागुरी, बुलेट गागराई, रामेश्वर पिंगुआ, भोलानाथ पिंगवा, भगवती पिंगुआ, सारिका पिंगुआ, गंगाराम पिंगुआ, सेडेगा पिंगवा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।



# चार धाम की पैदल यात्रा पर निकले अविनाश झा का लौहनगरी में भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पड़ोसी राज्य बिहार के पूर्णिया जिला अंतर्गत बहोरा ग्राम से 'द्वादश ज्योतिर्लिंग सह चार धाम' की पैदल यात्रा का संकल्प लेकर निकले पथिक अविनाश झा का लौहनगरी जमशेदपुर पहुचे। गुरुवार को गोलमुरी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में शहर के सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की सदस्यों व अन्य धार्मिक संगठन सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मौके पर श्री हनुमानजी की आरती एवं पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान उपस्थितजनों ने भगवा अंगवस्त्र, पुष्पमाला भेंटकर उनके मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की कामना की। अविनाश झा बीते पंद्रह दिनों से लगातार 630 किमी की पैदल यात्रा कर प्रसिद्ध तीर्थस्थल और 12 ज्योतिर्लिंग में से एक बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करेंगे। उसके बाद चार धाम में श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ जी के दर्शन के लिए प्रस्थान करेंगे। मौके पर मंदिर परिसर में हर हर महादेव, जय श्री राम के नारों से गुंजायमान रहा।अविनाश झा ने बताया पिछले पंद्रह दिनों से लगातार पद यात्रा कर जमशेदपुर पहुंचे है। सम्मान और आशीर्वाद से अभिभूत हुए। उन्होंने बताया सुल्तानगंज से जल लेकर बाबा बैद्यनाथ को अर्पित करने के बाद अब पूरी स्थित श्री जगन्नाथ धाम में महाप्रभु जगन्नाथ जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे। उन्होंने बताया सनातन संस्कृति के शौर्य को आगे बढ़ाने के साथ युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ना यात्रा का ध्येय है। 26 वर्षीय अविनाश झा शुक्रवार सुबह जमशेदपुर से हाता, चाइबासा, नोवामुंडी में मुर्गा महादेव के दर्शन के बाद क्योंझर, कटक, भुबनेश्वर के रास्ते पूरी तक का सफर तय करेंगे। इसके बाद अपने पंद्रह हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा में आंध्र प्रदेश, शैलम मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग, त्रिम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाराष्ट्र के बाद नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम, काशी विश्वनाथ यात्रा के बाद श्रीराम जन्मभूमि श्री अयोध्याधम में पूर्ण होगा। उन्होंने बताया यात्रा पूरी होने में करीब ड़ेढ साल से अधिक का वक्त लगेगा। रास्ते में कई कठिनाइयों का सामना करते हुए बाबा भोलेनाथ की कृपा से आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर सामाजिक संस्था कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने कहा हमारा सौभाग्य है सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक के रूप में कार्य कर रहे नवयुवक अविनाश झा का आगमन लौहनगरी की धरती पर हुआ है। ऐसे सनातनी वीर अपने संकल्प को अवश्य पूर्ण करेंगे। धर्म और संस्कृति संरक्षण के इस प्रेरणादायी पवित्र मुहिम में मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की हम सभी कामना करते हैं।



**मौके पर ये रहे उपस्थित**

**इस अवसर पर समाजसेवी शिवशंकर सिंह, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, भाजपा गोलमुरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रोबिर चटर्जी राणा, भाजपा जिला प्रवक्ता प्रेम झा, पप्पू कुमार, ह्न्नी परिहार, पीयूष ईशु, राकेश गिरी, उमेश गिरी, सुनील पांडेय, कृपानंद झा, भरत भूषण मिश्रा, मनीष सिंह, संतोष वुटा समेत अन्य उपस्थित थे।**

# उपायुक्त ने मानगो का किया दौरा, दिये दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर शहर से सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ उपायुक्त ने कार्रवाई शुरू कर दी। गुरुवार को उपायुक्त विजया जाधव ने मानगो एमएनएससी, गोलचक्कर से डिमना रोड में सड़क किनारे किये गये अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, डीटीओ दिनेश रंजन, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी व सिटी मैनेजर शामिल रहे। अतिक्रमण हटाने की शुरूआत मानगो नगर निगम कार्यालय से की गई। उपायुक्त विजया जाधव ने पैदल ही मानगो चौक की ओर निकल कर सड़क का समीक्षा की। इस दौरान लोगो मे हड़कंप मच गया। उन्होंने सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों पर भी कार्रवाई की। उपायुक्त विजया जाधव ने बताया दुर्गा पूजा को देखते हुए सड़क मॉनिटरिंग किया जा रहा है। मानगो में आये दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। आगामी पूजा को देखते हुए समीक्षा की जा रही है। कुछ दुकानदार के द्वारा सामने समान लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके कारण आने जाने में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पर्व के ट्राफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समुचित कार्रवाई की जा रही है। ताकि लोगों को आने जाने में परेशानी ना हो। उन्होंने बताया दुर्गा पूजा को लेकर पंडालों में सीसीटीवी कैमरा, साफ सफाई, पब्लिक टॉयलेट एवं अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने की निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया सड़क पर बने मकान की समीक्षा की जा रही है। अवैध निर्माण का जांच की जायेगी। उन्होंने दुर्गा पूजा को शांति पूर्वक मनाने के लिये लोगों से अपील की।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### सेवा सप्ताह के पांचवें दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने छात्राओं के ब्लड ग्रुप की जांच करायी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स सेवा सप्ताह 2022 के तहत पांचवें दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा में सदस्य चंद्रभूषण सिन्हा की अध्यक्षता में सैकड़ों छात्राओं के ब्लड ग्रुप की जांच की गयी। साथ ही वक्ताओं ने अपने संबोधन में मोबाइल के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन अवधेश कुशवाहा के साथ लैब टेकनीशियन वेद प्रकाश शर्मा एवं सोनू गुप्ता ने अहम भूमिका निभायी। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष सह जायंट्स गढ़वा के संस्थापक अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, चंद्रभूषण सिन्हा, अशोक विश्वकर्मा, लैब टेकनीशियन वेद प्रकाश शर्मा, सोनू गुप्ता, विद्यालय शिक्षक उमेश राम, शिक्षिका अंजना केशरी, सुनीता कुमारी सिंह, प्रतिमा कुमारी, सुनीता कच्छप सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थीं।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के सदस्यों ने दो सौ विद्यार्थियों के बीच किया पाठ्य सामग्री का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के तत्वावधान में जायन्ट्स सेवा सप्ताह के तीसरे दिन सोमवार को गढ़वा में नवादा के पीड़ियाही टोला के प्राथमिक मध्य विद्यालय में पढ़ रहे करीब 200 विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के स्पांसर डॉ आशीष गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल सेवा सप्ताह में कई वर्षों से किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में आस्था के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सोनी, डीए राजेश कुमार सोनी, मेडिकल ऑफिसर डॉ आलोक कश्यप, गौतम रौनियार, हर्ष कमलापुरी, विराट राजा विश्वास, वेद प्रकाश शर्मा, डॉ संजय सिंह, प्रवीण जायसवाल, दीपक कश्यप आदि मौजूद थे।

### जिला पेंशनर समाज ने डॉ कुमार पंकज प्रभात को उच्च शिक्षा प्राप्त कर गढ़वा आने की खुशी में किया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष केके यादव, सचिव अशर्फी राम तथा संतोष कुमार कोषाध्यक्ष झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के द्वारा डॉ कुमार पंकज प्रभात को उनके आवास पर जाकर पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण करके उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्ति कर पुनः गढ़वा आने की खुशी में सम्मानित किया गया। श्री यादव ने कहा कि हमें आप पर गर्व है कि आप हृदय रोग के विशेषज्ञ डीएम कार्डियोलॉजिस्ट बनकर गढ़वा में आकर अपनी सेवा दे रहे हैं। इसके लिए हम सभी झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा की ओर से आपका आभार प्रकट करते हुए बधाई दे रहे हैं। आप गढ़वा के गौरव हैं। हम सबों को आप पर गर्व है कि आप अपनी मातृभूमि पर आकर गढ़वा वासियों को अपने शिक्षा का लाभ दे रहे हैं। श्री अशर्फी राम सचिव ने भी डॉक्टर पंकज को माल्यार्पण करते हुए उनके गढ़वा आगमन पर बधाई दी तथा उन्होंने कहा कि इतनी योग्यता पाने के बावजूद गढ़वा में आकर सेवा कार्य करना आप की महानता है। आपके आने से गढ़वा की जनता के साथ-साथ हमारा पेंशनर कल्याण समाज भी बहुत प्रसन्न है। हम सभी बुजुर्ग आपको आशीर्वाद दे रहे हैं कि आप दीर्घायु हों तथा उन्नति के पथ पर चलते रहें। इस अवसर पर संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष एवं श्रवण कुमार संगठन मंत्री आदि भी उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में युवक को चाकू मारकर किया घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी पंचायत के बरवारी गांव में जमीन विवाद के कारण उपजे विवाद में बीती रात सिद्धनाथ राम नामक युवक की चाकू मारकर हत्या का प्रयास किया गया। घायलावस्था में परिजनों द्वारा तत्काल उसे इलाज हेतु भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सिद्धनाथ राम व उसके गोतिया के साथ पुराना जमीन विवाद चलते आ रहा था। इसी को लेकर बीते बुधवार की शाम दोनों पक्षों के बीच नोंक झोंक हुई थी। इसके बाद रात करीब साढ़े 8 बजे दूसरे पक्ष के सुमेर राम, कन्हाई राम, सुखाड़ी राम, मानती देवी लाठी डंडे और हथियार से लैस होकर सिद्धनाथ राम के घर आ धमके तथा उसे मारने पीटने लगे। इसी बीच किसी एक आरोपी ने सिद्धनाथ राम के पेट में धारधार चाकू घुसेड़ दिया और उसे वहीं गिरकर तड़पता देख सभी आरोपी फरार हो गये। आनन फानन में परिजनों द्वारा इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी लाया गया। इधर सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची तथा घायल का फर्द बयान दर्ज करने के बाद मामले के अनुसंधान में जुट गई है।

**बैठक :** सांसद की उपस्थिति में डीसी ने की सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों की समीक्षा, कहा

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को दिये जायेंगे नकद पुरस्कार

**अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले को नगद पांच हजार एवं प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे**

**थाने में पूछताछ अथवा न्यायालय में गवाही के लिए प्रतिदिन एक हजार रुपये का भुगतान किया जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक एवं सड़क सुरक्षा नियमों के कार्यान्वयन हेतु बैठक की गई। जिसमें सांसद वीडी राम भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न एजेंडों पर बिंदुवार समीक्षा की गई। गढ़वा बाईपास रोड की अद्यतन स्थिति की चर्चा की गई। अन्नराज घाटी पर स्थित रोड के कर्व को सीधा करने पर चर्चा करते हुए इसके कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। रंका बाजार अवस्थित सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना से सांसद श्री राम द्वारा अवगत कराया गया। जिस पर उपायुक्त गढ़वा श्री घोलप द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता को संवेदक द्वारा कार्य पूरा नहीं करने एवं लापरवाही तथा उदासीनता बरतने पर यथाशीघ्र नियमानुसार कार्यवाही करने एवं नाली निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। उपायुक्त, श्री घोलप द्वारा बताया गया कि सड़क मोटर वाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने तथा सुनहरा घंटा में अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु नगद पुरस्कार 5000 रुपये मात्र तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू की गई है। नेक व्यक्ति को पुलिस थाने में पूछताछ अथवा न्यायालय में गवाही के लिए बुलाये जाने पर प्रतिदिन 1000 रु. की दर से राशि का भुगतान मदद करने वाले व्यक्ति द्वारा उपलब्ध करायी गयी जानकारी के अनुरूप उनके बैंक खाते में दिया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा नेक व्यक्ति के संबंध में प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 05 तारीख तक जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी आलोक कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संतोष कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशील कुमार स्थानीय विधायक प्रतिनिधि धीरज दुबे, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग गढ़वा, आरईओ गढ़वा, विशेष प्रमंडल गढ़वा तथा एनएचएआई पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# ओखरगाड़ा के ग्रामीणों ने डीसी से मिलकर लगायी न्याय की गुहार




**मंत्री के इशारे पर गरीबों की लूटी जा रही है जमीन : सत्येन्द्र नाथ तिवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार को मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में डीसी से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। ग्रामीणों ने डीसी कहा कि वे लोग 80 साल से अधिक समय से वहां पर घर, मकान और दुकान बनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। अचानक मेराल अंचल के सीओ सहित अन्य अधिकारी पहुंचकर जमीन की मापी कर उक्त जमीन पर पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय बनाने की बात कहकर चले गये। उसके बाद से हम सभी ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पूर्व विधायक ने भी डीसी से ग्रामीणों के साथ न्याय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नियमानुसार बकास्त जमीन कभी भी सरकार के हिस्से में नही जा सकती है। उन्होंने कहा कि डीसी ने ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए कमेटी बनाकर जांच कराकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

पूर्व विधायक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में गरीबों को उजाड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय विधायक सह मंत्री से बड़ा दिल दिखाते हुए कल्याणपुर स्थित अपने आवास जो मूसहर परिवार की जमीन पर बना हुआ है, उसे खाली कर शिक्षण संस्थान के रूप विकसित करने की मांग की है। साथ ही कल्याणपुर की उस जमीन से बेदखल किये गये 22 मूसहर परिवार को पुनर्वासित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जिले के तत्कालीक डीसी एसके सत्पथी ने मूसहर परिवार को स्थापित करने के लिए बैल, हल सहित अन्य समान उपलब्ध कराये थे। लेकिन मूसहर परिवार को उनकी जमीन से ही बेदखल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मंत्री के इशारे पर गरीबों की जमीन लूटने का कार्य किया जा रहा है। जिस जमीन पर ग्रामीण 70 से 80 वर्ष से जीवन यापन कर रहे हैं, उस जमीन पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधि की नजर है। पूर्व विधायक ने कहा कि उनके रहते कोई भी लोग गरीब-गुरबों को उनकी जमीन से बेदखल नहीं कर सकता है। इसके लिए वह ग्रामीणों के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। मौके पर भाजपा नेता जवाहर पासवान, पंकज कुमार गुप्ता, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रितेश चौबे, उज्जवल चौबे सहित ओखरगाड़ा गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## सांसद निधि की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें : वीडी राम

**योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी गति पर सांसद ने जतायी नाराजगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप एवं सांसद विष्णु दयाल राम की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सांसद निधि के तहत आवंटित की गयी राशि को विभिन्न योजनाओं के तहत खर्च करते हुए सदुपयोग में लाने हेतु समीक्षात्मक बैठक की गयी। सांसद निधि के अंतर्गत आये फंड के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन धीमी गति से होने पर सांसद श्री राम के द्वारा असंतोष जतायी गयी। योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यपालक अभियंता को सांसद ने कार्य को सुनियोजित तरीके से करते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी संसद का सदन चलने के पूर्व योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए कार्य को पूरा करें, राशि खर्च करें, ताकि विकास कार्यों के लिए और भी अतिरिक्त राशि की मांग की जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन आदि उपस्थित थे।

### युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर की आत्महत्या

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा रोड-चोपन रेलखंड पर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन से पश्चिम ओर 5 किमी दूरी पर पंडरिया स्कूल स्थित पोल संख्या 47/16 के समीप गुरुवार की अहले सुबह में एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्रबंधक और जीआरपी को दी। वहीं घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी नीतीश कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आये। पुलिस की जांच पड़ताल के बाद मृतक युवक की पहचान थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआ गांव निवासी रामसृंगार चंद्रवंशी के पुत्र आदित्य चंद्रवंशी के रूप में हुई।

## घटिया मेटेरियल के इस्तेमाल पर भड़के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य बंद कराया

**पथ निर्माण विभाग के जेई ने भी अनियमितता देख जतायी नाराजगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुरा।** नगर उंटारी बिशनपुरा पथ के किलोमीटर 0.00 से 15.60 तक मजबूतीकरण/राइडिंग में सुधार कार्य (आईआरक्यूपी) पथ का शिलान्यास सह भूमि पूजन 11 सितंबर रविवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा संपन्न हुआ था। रोड निर्माण कार्य गुमला मैसर्स आनंद कंस्ट्रक्शन के द्वारा 10 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। सड़क निर्माण में अनियमितता देख पिपरी कला के ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए काम को बंद करा दिया। ग्रामीणों ने कहा ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए संवेदक के सुपरवाइजर से कहा आप अपना डिपार्टमेंटल जेई को बुलाइये तब काम शुरू होगा। वहीं संवेदक के सुपरवाइजर के बुलाने के पश्चात पथ निर्माण विभाग के जेई मानदेव राम रोड निर्माण कार्य को देख संवेदक के सुपरवाइजर तथा इंजीनियर पर भड़क गये। ग्रामीणों के द्वारा जेई से पूछा गया कि इस रोड निर्माण कार्य में क्या-क्या करना है। वहीं जेई ने बताया कि टूटी हुई सड़क को खोदकर डबलूएमएम मेटेरियल डालकर रोलिंग कर 2.25 इंच थिकनेस के बाद दो कोट डामरीकरण करना है। जेई ने यह भी बताया कि रोड में पुलिया के पास पुलिया के दोनों तरफ पांच-पांच मीटर लम्बाई में खुदाई कर 2.25 इंच डबलूएमएम करना है। वहीं जेई मानदेव राम ने कहा कि जब तक मेटेरियल का लैब टेस्ट नहीं हो जाता तब तक कार्य बंद रहेगा।

मौके पर पिपरीकला जेएमएम पंचायत अध्यक्ष रामाश्रय यादव, गयासुद्दीन अंसारी, धर्मेंद्र सिंह, मानिक सिंह, सुनील चंद्रवंशी, रंजय चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, अक्ल यादव, जहारत अंसारी, विजय बैठा, विजय यादव, शिवकुमार यादव, जगजीत प्रजापति, अजय चंद्रवंशी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना संख्या–01/2022–23 ,PR संख्या–277954 (Building)22-23*D द्वारा प्रकाशित नीलामी के कंडिका :–03 में लिखा नीलामी की ड्राफ्ट राष्ट्रीकृत बैंक का बना होना चाहिए एवं मुख्य शाखा, राँची के नाम से भुगतेय होना चाहिए के स्थान पर मुख्य शाखा, हजारीबाग के नाम से भुगतेय होना चाहिए पढ़ा जाय।

नीलामी की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.278375 Building(22-23):D

**District Legal Services Authority, Koderma**

**Important Notice of LADCS**

This is to inform that the Interview for 02 posts of the Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel and 03 posts of the Assistant Legal Aid Defence Counsel for LADCS, Koderma is scheduled to be held on 27.09.2022 and 28.09.2022 at 09 : 30 AM in the Chamber of the Principal District & Sessions Judge, Koderma.

All applicants are requested to come with original documents at 08 : 00 A.M. for verification before interview and for details information you may visit the website of Civil Court, Koderma (https://districts.ecourts.gov.in/koderma) and contact the Office of DLSA, Koderma.

Sd/-
Secretary
District Legal Services Authority,
Koderma

PR278391 (Law)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।**

(संविदा पर नियुक्ति हेतु लिखित एवं दक्षता मुल्यांकण संबधी सूचना)

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ में जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आपत्ति निराकरण के पश्चात् परीक्षा में सम्मलित होने हेतु सफल अभ्यर्थियों, MIS Coordinator, IEC Coordinator, एवं SBM cum SLWM Coordinator का नियुक्ति हेतु निम्न तिथियों के अनुसार लिखित परीक्षा एवं दक्षता मुल्यांकन की जायेगी।

| क्र0 संख्या | पद का नाम | लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थल | दक्षता मुल्यांकन की तिथि/स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | MIS Coordinator | तिथि – 28.09.2022<br>समय – 11:00 बजे पूर्वाहन् से 12:00 बजे पूर्वाहन् तक।<br>स्थल – समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू।<br>Reporting Time – 10:30 AM | तिथि – 30.09.2022<br>समय – 11:00 बजे पूर्वाहन् से 05:00 बजे पूर्वाहन् तक।<br>स्थल – समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू।<br>Reporting Time – 10:30 AM |
| 2 | IEC Coordinator | तिथि – 28.09.2022<br>समय – 01:00 बजे अपराहन् से 02:00 बजे अपराहन् तक।<br>स्थल – समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू।<br>Reporting Time – 12:30 AM | तिथि – 30.09.2022<br>समय – 11:00 बजे पूर्वाहन् से 05:00 बजे पूर्वाहन् तक।<br>स्थल – समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू।<br>Reporting Time – 10:30 AM |
| 3 | SLWM Coordinator | तिथि – 28.09.2022<br>समय – 03:00 बजे अपराहन् से 04:00 बजे अपराहन् तक।<br>स्थल – समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू।<br>Reporting Time – 02:30 AM | तिथि – 30.09.2022<br>समय – 11:00 बजे पूर्वाहन् से 05:00 बजे पूर्वाहन् तक।<br>स्थल – समाहरणालय रामगढ़, ब्लॉक 'बी0' छतरमाण्डू।<br>Reporting Time – 10:30 AM |

नियम एवं शर्तें की विस्तृत सूचनाऐं www.ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR 278393 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

**अवैध उगाही :** मेराल प्रखंड में श्रमिक मित्र विकास चंद्रवंशी का लोगों से अवैध पैसे की उगाही का वीडियो हुआ वायरल

# छात्रवृत्ति, डिलीवरी एवं निबंधित मजदूरों से की जाती है पैसे की उगाही

**पीड़ितों ने डीडीसी को आवेदन सौंपकर श्रमिक मित्र से पैसे वापस कराने एवं उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत श्रमिक मित्र के द्वारा लाभुकों से अवैध पैसे की उगाही करने का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में साफ रूप से श्रमिक मित्र विकास कुमार चंद्रवंशी के द्वारा लाभुकों से पैसे की मांग की जा रही है। उसके द्वारा साफ शब्दों में बच्चों से कहा जा रहा है कि पैसा तुम लोग दोगे तभी ना अच्छे नंबर से पास होगे और छात्रवृत्ति मिलेगी। उक्त मामले में लाभुकों ने उप विकास आयुक्त को लिखित आवेदन देते हुए कहा है कि श्रमिक मित्र अवैध रूप से पैसा की उगाही कर रहा है और उसके द्वारा मनमानी ढंग से बर्ताव किया जा रहा है। लिखित आवेदन में ललिता कुंवर पति स्व. कृष्णा राम 4500 रु., रिजवान खातून 12000, आयशा खातून 4800, शबनम बीवी 7500, सबीना बीवी 7500, खुशबू बीवी 4500, अरमान बीवी 8300, तसीबन बीबी 8500, सभी ग्राम लोवादाग प्रखंड के निवासी हैं।

जिन लोगों के द्वारा श्रमिक मित्र विकास कुमार चन्द्रवंशी के द्वारा सभी सरकारी योजना के तहत छात्रवृत्ति, डिलिवरी, परिवारिक लाभ इत्यादि योजना में आधा से अधिक पैसे की उगाही की जाती है, साथ ही नहीं देने पर लाभुकों को धमकी भी दी जाती है एवं उन्हें डराया जाता है कि आपको किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा और साथ ही उनके द्वारा यह कहा जाता है कि आप लोग यदि पैसा नहीं दीजिएगा तो हम आगे उच्च अधिकारी को पैसा कहां से देंगे। आप लोगों को पैसा देना ही पड़ेगा। आपको जहां जाना है, वहां जा सकते हैं। वहीं उप विकास आयुक्त को आवेदन देते हुए ग्रामीणों ने मांग की है कि हम लोग गरीब परिवार से आते हैं। हम लोगों से लिया गया पैसा वापस कराया जाए तथा श्रमिक मित्र विकास कुमार चंद्रावंशी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाये।

मौके पर ललिता कुंवर, तसीबन बीबी, रिजवाना खातून, आयशा खातून, तबस्सुम बीबी आदि अन्य लोग मौजूद थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर धराया



**मनिका(लातेहार)।** मनिका थाना अंतर्गत स्थित दोमुहान नदी से बुधवार के रात मे अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध बालू उत्खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने धर दबोचा। थाना प्रभारी शुभम कुमार को गुप्त सूचना मिली कि दोमुहान नदी में बालू उत्खनन करने ट्रैक्टर गया है। सूचना मिलते ही एसआई गौतम कुमार दल बल के साथ दोमुहान नदी के पास पहुंचे।जब तक पुलिस पहुंचती तब तक ट्रैक्टर लाली गांव की ओर बढ़ गया। इसी बीच पुलिस ट्रैक्टर के टायर का निशान देखते हुए लाली गांव पुलिस पहुंची। पुलिस को देख चालक ट्रैक्टर का ट्राली उठाकर बालू गिराने लगा। पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। थाना प्रभारी ने कहा कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बालू उत्खनन कर लाली गांव ले आया था। उन्होंने कहा कि अवैध बालू उत्खनन करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी बालू घाटों पर पुलिस की पैनी निगाह है और अवैध बालू उत्खनन करने वाले नहीं बच पायेंगे। मौके पर पुलिस बल के विनय कुमार, इंद्रजीत तिवारी, मो नौशाद, दिनेश कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## भंडरा में वाहन जांच अभियान चला



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा लोहरदगा मुख्यपथ में भैसमुंदो चर्च के समीप गुरुवार को एसआई विकास कुमार विश्कर्मा के नेतृत्व में एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बाइक सहित सभी बड़ी छोटी गाड़ी का जांच किया गया। अभियान के तहत सभी वाहनों का कागजात एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गयी साथ बाइक चालकों के हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग आदि की जांच किया गया। इस दौरान एसआई ने वाहनों के सभी कागजातों के साथ चलने का हिदायत दिया साथ ही उन्होंने ने कहा कि नशे के हालत में वाहनों को नही चलाय पकड़े जाने पर कड़ी कारवाई की जायेगी। उन्हों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आर राजकुमार के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है आपराधिक घटनाओं को अंकुश लगाने के लिए जिले अन्य क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में भंडरा थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

## मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्राप्त करने का निर्देश



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा गरिमा सिंह अध्यक्षता में प्रखंड भंडरा के सभाकक्ष में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित समीक्षा की गयी। जिसमें मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजनाओं के पौधों के रख-रखाव तथा थाला सफाई किया जाना है। साथ ही मनरेगा श्रमिकों को आधार प्रविष्टि एवं जॉब कार्ड सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जियो टैगिंग में आकाशी, बड़गाई, 2 दिनों ने जियो टैगिंग का कार्य समाप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी पंचायत को जियो टैगिंग 10 से कम रखने को कहा गया। समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास प्राधिकारी, भंडरा, अंचल आधिकारी भंडरा,परियोजना पदाधिकारी, लोहरदगा, जिला ट्रेनिंग समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बीपीएम, जेएसएलपीएस, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी जनसेवक, सभी पंचायत सचिव एंव सभी ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित हुए।

## मनिका थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के थाना परिसर में दिन गुरुवार दशहरा पर्व को लेकर लोगों के साथ पुलिस प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन के द्वारा शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ बिरेंद्र किंडो ने किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि उपद्रवियों द्वारा शांति व्यवस्था बिगड़ना, अश्लील गाने बजा कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और धार्मिक कार्य के दौरान सौंदर्यता बिगाड़ने वाले पर पुलिस सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। मौके पर डीएसपी दिल्लू लोहरा, एसआई गौतम कुमार, जिप सदस्य बलवंत सिंह, सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, पूर्व प्रमुख उमेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, समाजसेवी बल्ली यादव, सूर्यदेव सिंह, सागर कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, मनदीप कुमार, समाजसेवी अख्तर अंसारी, तस्लीम अंसारी, अकबर अंसारी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, अनिल पासवान, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की दूसरी मासिक बैठक



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत समिति सदस्यों की दूसरी बार मासिक बैठक बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख सुशीला देवी उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल समेत सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा किया गया। एवं उनके द्वारा प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी दी गयी। तथा सभी पंचायत समिति सदस्यों को उनके पद की जिम्मेदारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी चिकित्सा पदाधिकारी विकास परियोजना पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रधान सहायक पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार एवं सभी पंचायत सचिव उपस्थित हुए।जंहा इस दौरान पंचायत समिति के सदस्यों ने 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं के चयन एवं कार्यान्वयन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आंगनबाड़ी, जनवितरण प्रणाली, जलजमाव एवं विभिन्न संचालित योजनाओं की रिपोर्ट को बारीकी से उसकी जांच की व कुछ जनमानस समस्याओं को रखने का कार्य किया।

### जय श्रीराम समिति की बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

# दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था पर होगा मुख्य फोकस : राजीव रंजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में जिला अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में पूर्व विधायक वह समिति के मुख्य संरक्षक एवं कोर कमेटी सदस्य रमेश उरांव, सुषमा सिंह,अजय सोनी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था को लेकर खास चर्चा की गयी। जिसमें शहर के सभी गणमान्य अभिभावक गण उपस्थित थे। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह ने सभी के समक्ष संगठन के किए हुए कार्यों को प्रस्तुत किया जिलाध्यक्ष राजीव रंजन ने सभी अभिभावकों के विचारों का स्वागत करते हुए जल्द ही सभी स्थानों पर विस्तार करने की बात कही। सनातन समाज के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि पूजा के दौरान नशे से दूर रहे एवं दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने हेतु सभी अपने-अपने पूजा पंडालों में विधि व्यवस्था को चुस्त रखें एवं किसी तरह की बातें होने पर अभिलंब प्रशासन तथा समिति को सूचित करें समिति हमेशा समाज के लिए खड़ी है। जय श्रीराम समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेगी, मौजूद सभी अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए बैठक की समाप्ति की। बैठक में राजकिशोर महतो, शैलेश कुमार बलवीर देव परमेश्वर साहू राजेश महतो महेश प्रसाद कसेरा रमेश साहू पिंटू मित्तल लाल ओंकार नाथ शाहदेव, रंजीत कुमार, कमलकांत सिंह, मुरारी महतो उमेश कांस्यकार, कमला देवी विनोद सोनी, रामविलास सिंह, प्रमोद प्रजापति, बालकृष्णा सिंह समेत कई अभिभावकों ने संगठन की मजबूती संगठन का विस्तार एवं दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था को लेकर अपने विचारों को बहुत ही सुंदर रूप से रखा। बैठक का संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो के द्वारा किया गया।

### महिला किसान उत्पादक कंपनी की वार्षिक आमसभा का आयोजन

# उपायुक्त ने सभी शेयरधारकों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सेनेम निरेम महिला किसान उत्पादक कंपनी का वार्षिक आम सभा का आयोजन कुडू प्रखंड के बहुउद्देशीय भवन में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी शेयर धारकों को उनके सफलता के लिए बधाई दी एवम् उनका मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में संगठित होकर कृषि को एक व्यापार के रूप में हमें देखने की जरूरत है। किसानो को सीधा बाजार से जोड़कर बिचौलियों से बचाया जा सकता है ताकि उनको ज्यादा से ज्यादा मुनाफा दिलाया जा सके। उपायुक्त ने फसल उत्पाद को प्रोसेसिंग कर वैल्यू एडिशन करने का भी सुझाव दिया। साथ ही, कृषि के साथ पशुपालन से आजीविका जैसे बकरी पालन, गाय पालन एवम् दूध के उत्पादों को बेचकर लाभ उठाने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने कहा कि कृषि से जुड़ी तमाम संभावनाओं पर काम करते हुए अपने और अपने बच्चों के जीवन को समृद्ध बनाएं। उपायुक्त द्वारा किसान संगठन के प्रयासों को सराहा गया एवम् भरपूर सहयोग का भरोसा दिया गया। सहायक जिला कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार ने ब्लॉक चैन तकनीक से जुड़कर किसानों को लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने भी महिला मंडल के आधार पर किसानों को भी संगठित होने का और संगठन शक्ति को मजबूत करने पर सुझाव दिया तथा सरकार के द्वारा चल रहे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने के लिए कहा। पंचायत मुखिया सुषमा उराँव ने भी किसान संगठन के लाभ की जानकारी दी और प्रसन्नता पूर्वक बताया कि वो खुद भी सेनेम निरेम की शेयर धारक सदस्य हैं।

## भाजपा ने किया पौधरोपण

**बालूमाथ।** सेवा पकवाड़ा के तहत वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत जिले के कार्यक्रम प्रभारी श्री रघुपाल सिंह के निदेर्शानुसार बालूमाथ मंडल में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया साथ प्रदेश यूथ आईटी सेल के संयोजक एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी सुमन सौरभ जी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कुल 8 पौधे 6 अमरूद एक लीची और एक पीपल का पौधा लगाया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी सुमन सौरभ जी जिला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योति सिन्हा जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता विजय यादव मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह ओबीसी जिला उपाध्यक्ष दसरथ ठाकुर भाजपा जिला कार्यालयमीडिया प्रभारी आशुतोष पाठक, रामसुंदर ठाकुर समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित कैरो थाना परिसर में 22 सितंबर गुरुवार को आगामी दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक बीडीओ और प्रखंड अंचल अधिकारी कमलेश उंराव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें प्रखंड के स्थानीय जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए बैठक में दुर्गा पूजा त्यौहार लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्वक त्योहार को मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने प्रखंड के पुजा पंडालो के लोगो से कार्यक्रमों के विषय में ली जानकारिया, वही त्योहार को शान्ति एवं सद्भाव से मनाने का दिये निर्देश। एस आई हरिऔध करमाली ने कहा कि झारखंड में बच्चा चोरी का अफवाह इन दिनो तेजी से फैल रहा है।

# दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर बंपर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत में खेल मैदान में कमेटी के अध्यक्ष मोहर सिंह के नेतृत्व में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर बंफर फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव मुखिया अमरेश उरांव पंचायत समिति रेशमा बानो आबिद हुसैन के द्वारा फीता काटकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष मोहर सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने को लेकर बंपर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है यहां पर खिलाड़ियों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। अगर खेल के दौरान किसी भी खिलाड़ी को चोट लग जाती है तो उसके लिए तत्कालीन दवा की व्यवस्था कराई गयी है। आगे उन्होंने कहा कि हमारा एक ही सोच है कि गांव गांव से खिलाड़ियों को चिह्नित कर खेल के प्रति जागरूक करें ताकि खिलाड़ी गांव में अच्छे से खेल खेल कर जिला अस्तर तक जाय। अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। आगे सिंह ने कहा कि फुटबॉल टूनार्मेंट में प्रथम विजेता खिलाड़ी को 22 हजार द्वितीय विजेता टीम को11 हजार तृतीय विजेता टीम को 51सौ रखा गया है खिलाड़ी जल्द से जल्द कमेटी में आकर अपना एंट्री करवा सकते हैं। एंट्री फीस ₹501 रखा गया है।

## दाह संस्कार में शामिल हुए महेश सिंह



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड के पंचायत के पुर्णी पल्हेया में लंबे समय से बीमार चल रहे स्व. अवधेष सिंह के अंतिम दर्शन के पश्चात दाह संस्कार में शामिल हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह और रघुपाल सिंह। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार मंडल उपाध्यक्ष अजय गुप्ता महामंत्री मनदीप कुमार गुप्ता ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद पलहेया मुखिया पति सुरेश सिंह भारदुल सिंह अजय सिंह संजय सिंह एवं मृतक के परिवार जन कई लोग मौजूद रहे।

## कैरो में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**कैरो।** प्रखंड में आज नगजुआ रेलवे क्रॉसिंग मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल एवं सामाजिक विचार मंच के संरक्षक कवंलजीत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया यह टूर्नामेंट चार दिवसीय चलेगी 32 टीमों ने इस टूनार्मेंट में भाग लिया उद्घाटन के पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विधिवत पूजा कराई गई इसमें प्रथम पुरस्कार 15 हजार नगद एवं जोड़ा खस्सी, द्वितीय पुरस्कार 10,000 हजार नगद एक खस्सी, तृतीय पुरस्कार 7000 नगर एक खस्सी एवं चौथा पुरस्कार 6000 नगर और एक खस्सी रखी गई है टूनार्मेंट में आज के उद्घटन के अवसर पर नरौली पंचायत मुखिया अरविंद उरांव, बृजकिशोर मिश्रा कमेटी के अध्यक्ष पर्वत उरांव, सचिव धर्मेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष सुमित उरांव, मंकू उरांव, हरिचंद्र भगत, सुरेंद्र उराव, इरफान अंसारी, अवधेश साहू,संजय कुजुर, बोलो उरांव, सुल्तान खान, गोलू सिंह एवं रेफरी राजा लाल, मनोज महली जाहिद अंसारी उपस्थित थे साथ ही आजसू के पूर्व नेता इस्लाम खान के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी उद्घाटन मैच बड़ाईक ब्रदर्स तेतरा एवं यूएफसी गराडीह के बीच में खेली गयी।

## बीएसएनएल ने 4जी के लिए टावर चयनित स्थल का जायजा लेने का दिया निर्देश



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में बीएसएनल के कर्मियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने की बैठक। बताते चलें प्रखंड के 8 गांव जिसमे लादी, गणेशपुर, केचकी, हेहेगड़ा, ततहा, सिंधोरवा, मेराल, रमनदाग में बीएसएनल का 4जी का टावर लगाया जाना है। जिसे लेकर जिले के उपायुक्त के निर्देश के बाद चयनित स्थल का जायजा लेने को लेकर बीडीओ ने विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू की मौजूदगी में बैठक की और अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता अमीन झमन सिंह सिंह विवेक दुबे मनोज यादव को चयनित स्थल का जायजा लेने का निर्देश दिया। साथ ही ये भी कहा कि भारत संचार निगम लि. अपने यूजर्स के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने की दिशा में हमेशा सकारात्मक सोच रखती है।

## अविराम परिवार ने दी राजू श्रीवास्तव को भावभीनी श्रद्धांजलि




**लातेहार।** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव इंद्रजीत कुमार ने प्रसिद्ध हास्य कलाकार, अभिनेता, स्टैंडअप कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि प्रदान की और उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने हेतु बताया कि वे कभी अपने लक्ष्य से विचलित नही हुए ऑटो चलाया पर अपने सपने को पूरा करने के लिए संघर्ष करते रहे और आज हम सभी के हृदयों में उनका विशिष्ट स्थान है। मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गयी तथा प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, पंकज, रेणुका, रितिका, ऋतु, ममता, रोजमेरी, पवन, बिनोद, जंगबहादुर, आफताब समेत प्रसिक्षुओ आदि ने पुष्प चढ़ाकर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## दूसरी बार प्रखंड अध्यक्ष बने असगर खान



**चंदवा।** चंदवा रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन सभागार में नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्षों के आयोजित सम्मेलन में राज्य भर में 320 प्रखंड अध्यक्षों की घोषणा प्रदेश प्रभारी के द्वारा की गई है जिसमें चंदवा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता असगर खान को लगातार दुसरी बार चंदवा प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष मनोयन किया गया है। दुसरी बार प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद असगर खान ने बताया कि कांग्रेस प्रभारी द्वारा संगठन का विस्तार और राज्य सरकार की विकास सहित लाभकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत कराने की जिम्मेवारी दी गयी है।

## पेयजल की समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने उपायुक्त भोर सिंह यादव को कामता पंचायत में गहराए पेयजल समस्या को लेकर कार्यालय में पत्र सौंपा है। सौंपे गए पत्र में कहा है कि प्रखंड चंदवा के पंचायत कामता के ग्रामीण करीब एक वर्ष से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। ग्राम अंबादोहर, दामोदर, हिसरी, भूसाढ़, चटुआग, कामता के विभिन्न टोलों में 3 दर्जन से अधिक चापानल एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है वहीं आधा दर्जन जलमीनार खराब है। एक वर्ष से पंचायत में एक भी चापानल जलमीनार नहीं बन रहा है वहीं दूसरी तरफ लगातार जलमीनार चापानल खराब हो रहा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग व प्रखंड कार्यालय को खराब पड़े जलमीनार चापानल की सूची सौंपे जाने के बाद भी नहीं बनाये जा रहे हैं।पंसस अयुब खान ने उपायुक्त भोर सिंह यादव से कमता पंचायत में खराब पड़े चापानल एवं जलमीनार को तत्काल ठीक कराने कराने का अनुरोध किया है।

## डीसी ने किया अटल मोहल्ला क्लिनिक का शुभारंभ



**लोहरदगा।** डीसी ने ओल्ड मेसो भवन में अटल मोहल्ला क्लिनिक का शुभारंभ किया। जिला में नवाड़ीपाड़ा के बाद यह दूसरा अटल मोहल्ला क्लिनिक है। यह क्लिनिक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक (चार घंटे) खुला रहेगा। इस क्लिनिक में सर्दी, खांसी, बुखार सहित तमाम साधारण बीमारियों का इलाज निःशुल्क किया जायेगा। गंभीर मरीजों को सदर अस्पताल रेफर किया जायेगा। इस मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ सिंह, डीपीएम नाजिश अख्तर समेत अन्य चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

## हाथी का दांत मिला, तस्कर फरार



**गारु।** पलामू व्याघ्र आरक्ष के अति नक्सल प्रभावित लाटू के घने जंगल बीसी 3 में बृहस्पतिवार को गुप्त सूचना के आधार पर वन पाल परमजीत तिवारी और उनके टीम ने छापामारी अभियान चलाया। जिसके बाद छापामारी दस्ते को देखकर तस्कर भागने लगा। वन कर्मियों के कुछ दूर पीछा करने पर वह अपने पास रखे थैला को फेंककर घने जंगलो का फायदा लेकर भाग गया। थैला मे बच्चे हाथी का दांत था। इस विषय में डीएफओ ने बतलाया की हमें गुप्त सूचना मिली थी की कोई व्यक्ति हाथी के दांत के तस्करी करने की फिराक मे है। गुप्त सूचना के आधार प छापामारी अभियान चलाया। छापामारी टीम को देखकर तस्कर थैला छोड़ते हुए भाग खड़ा हुआ। हाथी के दांत की लम्बाई लगभग एक फीट है। भागे हुए तस्ककी तलाश जारी है।

### बैठक : जिला योजना की बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के विभिन्न इंडिकेटर्स की समीक्षा हुई

# नये ब्रिकेटिंग प्लांट के लिए स्थल चयन करने का निदेश

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के विभिन्न इंडिकेटर्स की भी समीक्षा की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला योजना की समीक्षा बैठक की गयी। इसमें एससीए, अनाबद्ध कोष, अवार्ड मनी की राशि से ली जा सकने वाली नई योजनाओं की समीक्षा की गयी। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के विभिन्न इंडिकेटर्स की भी समीक्षा की गयी। इंडिकेटर्स की समीक्षा में निदेश दिया गया कि जहां सुधार की जरूरत है उस इंडिकेटर्स में आवश्यक रूप से सुधार किया जाय। जिला को केंद्र से प्राप्त अवार्ड मनी से डेयरी प्रोडक्ट उत्पादन के लिए एक प्लान बनाये जाने निदेश दिया गया। एससीए मद से विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए मेडिकल उपकरण की खरीद, प्रखंडों में तीन पुस्तकालयों के लिए भवन की मरम्मती, पुस्तक व फर्नीचर की खरीद की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिला पुस्तकालय के लिए भी पुस्तकें व फर्नीचर की स्वीकृति प्रदान की गयी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही के लिए 50 बेड, कम्प्यूटर लैब और एक जनरेटर की स्वीकृति प्रदान की गई। 50 विद्यालयों में रनिंग वाटर और आवासीय विद्यालय में जल जीवन मिशन से पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिला सहकारिता पदाधिकारी को नए ब्रिकेटिंग प्लांट के लिए स्थल चयन करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा कुडू में एफपीओ के लिए सरसों का तेल निकालने का प्लांट हेतु आवश्यक निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, डीपीओ अरुण सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति समेत अन्य उपस्थित थे।

**अभियान :** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता रैली को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा

# लोगों को जागरूक कर जिले को कुपोषण मुक्त बनाना है

रैली गुमला सदर आंगनबाड़ी केंद्र से निकलते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी एवं सरना टोली पहुंचकर गोष्ठी में तब्दील हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जेएसएलपीएस एवं महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुमला सदर की आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं सखी मंडल के सदस्यों द्वारा गुरुवार को पोषण जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव द्वारा नया समाहरणालय भवन परिसर में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

रैली में तख्तियों को लिए हुए आंगनवाड़ी सेविका सहायिका एवं जेएसएलपीएस की सखी मंडल की महिलाओं ने हरी साग-सब्जी के प्रयोग, हाथ धुलाई के महत्व, गर्भकाल से लेकर 2 वर्ष 1000 दिन का महत्व स्वच्छता, बाल विवाह एवं नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया गया। साथ सेविकाओं एवं सखी मंडल की महिलाओं द्वारा रैली में सेविकाओं द्वारा हरी साग-सब्जी खाना है, एनीमिया दूर भगाना है, संतुलित आहार खाना है कुपोषण दूर भगाना है, सही पोषण देश रोशन, जैसे नारे लगाए गए। रैली गुमला सदर आंगनवाड़ी केंद्र से निकलते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी एवं सरना टोली पहुंचकर गोष्ठी में तब्दील हो गई। इस दौरान पोषण माह की महत्ता के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया।

उपायुक्त गुमला द्वारा हरी झंडी दिखाते हुए जागरूकता रैली को रवाना किया एवं पोषण माह की सफलता के दौरान आंगनवाड़ी सेविका सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ आदि की भूमिका एवं उनके द्वार किये जा रहे कार्यों की सराहना की एवं आगे भी इसी प्रकार से कार्य करने की बात कही। उपायुक्त गुमला द्वारा आईसीडीएस कर्मियों का हौसला बढ़ाया गया। आंगनवाड़ी सेविका सहायिका, सीडीपीओ, जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं आदि को घर घर जाकर कुपोषण मुक्त, एनीमिया आदि के विषय में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु पहला कदम लोगों को जागरूक करना है। जिसके लिए इस प्रकार की रैली एवं जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक पौष्टिक आहार पाये जाते हैं केवल उन चीजों के सेवन से ही बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा सकता है एवं जिले व समाज को कुपोषण मुक्त किया जा सकता है।

सरना टोली में जागरूकता रैली गोष्ठी में तब्दील हो गई जहां उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गुमला सीता पुष्पा एवं जेएसएलपीएस के सदस्यों द्वारा गोष्ठी को संबोधित किया गया एवं कुपोषण मुक्त अभियान के तहत सैम/मैम बच्चों को चिन्हित कर उन्हें एमटीसी भेजने को निर्देश दिया गया। रैली एवं गोष्ठी के सफल आयोजन में गुमला सदर की महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस दौरान उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जेएसएलपीएस डीपीएम, गुमला सदर की आंगनवाड़ी सेविका सहायिका, गुमला सदर की महिला पर्यवेक्षिकाएं, जेएसएलपीएस सखी मंडल की दीदियों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सांसद सुदर्शन भगत चैनपुर में कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से हुए अवगत




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने गुरुवार को चैनपुर दौरे के क्रम में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनका हालचाल जाना। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। इस क्रम में सांसद सुदर्शन भगत एवं पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ चैनपुर ब्लॉक परिसर में पौधरोपण किया। इस क्रम में चैनपुर के कई युवाओं ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों का बीजेपी में स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक कमलेश उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी प्रीति किस्कू, बीडीओ शिशिर कुमार सिंह, मनोहर बड़ाइक, अरविंद मौर्य, विक्की साहू, नवीन गोप, संदीप रौतिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पुलिस के संज्ञान में आने के बावजूद आरोपी के विरुद्ध नहीं हुई कार्रवाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के सदर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम मुरकुंडा की रहने वाली एक युवती के साथ लगातार तीन वर्षों से यौन शोषण होता रहा। इस घटना का आरोपी ग्राम तर्री निवासी गंणपति साहू युवती को शादी का झांसा देकर उसके के साथ यौन शोषण करता रहा। गंभीर मामला तो यह है कि युवती का दो बार गर्भपात भी करवा दिया गया। पीड़िता मामले को लेकर थाने पहुंची, लेकिन दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई। युवती ने आरोप लगाया है कि उलटा पीड़िता पर लांछन लगाते हुए पीड़िता पर कार्रवाई करने की बात पुलिस के द्वारा कही जा रही थी। डरी सहमी पीड़िता मिशन बदलाव के सदस्यों के संपर्क में आयी और मामले को मिशन बदलाव के सदस्यों के सामने रखा। मिशन बदलाव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाल कल्याण समिति से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। जिसमें उन्होंने बताया कि ये बालिग नहीं है इसके लिए वन स्टाप सेंटर के प्रशासक सरिता कुमारी के माध्यम से पीड़िता को नारी निकेतन भेज दिया गया है।

## बीडीओ ने प्रधानाध्यापकों को विद्यालय का संचालन सही तरीके से करने के दिये निर्देश

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। उन्होंने सभी को सख्त हिदायत देते हुए अपनी कार्यशैली में सुधार लाने, विद्यालय संचालन सही तरीके से करने, विद्यालय को स्वच्छ रखने, बच्चों को सभ्य इंसान बनाने, बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने, नये नये तकनीक से पढ़ाने ताकि उनमें जागरूकता आये, किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान देने आदि की बातें कही। उन्होंने पदाधिकारी द्वारा विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने और शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात भी कही। बैठक में बीइइओ, एवं बीपीएम भी उपस्थित थे।

## जिला भाजपा ने सेवा पखवाड़ा पर किया पौधरोपण

अगर वृक्ष नहीं होंगे तो हम अपने भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकते : गंगोत्री कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिला भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत अयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडर विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर एवं सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। साथ ही विभिन्न मंडलों में बूथों पर पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर गंगोत्री कुजूर ने कहा कि पौधरोपण हमारी संस्कृति का हिस्सा है। अगर वृक्ष नहीं होंगे तो हम अपने भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने सभी को अपने आसपास एक एक वृक्ष लगाने की बात कही। वहीं सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि हमें वृक्ष लगाना भी है वृक्ष बचाना भी है। क्योंकि एक तरफ पेड़ लगाए जाएं और दूसरी तरफ तेजी के साथ पेड़ कटेंगे तो हमारे जीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वहीं पौधारोपण के बाद अगर उसे नहीं बचाया जाता है तो वह विशालकाय पेड़ में तब्दील नहीं हो पाता।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, सुजीत नंदा, शंभू सिंह, वालकेश्वर सिंह, संजय कुमार, अजीत कुमार, ज्योति कुमारी आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मिशन बदलाव युवाओं की आवाज है : भूषण भगत

कामडारा प्रखंड में मिशन बदलाव के कार्यालय का किया गया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव युवाओं की आवाज है। ये बातें मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य भूषण भगत ने कामडारा प्रखंड कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कहीं। उद्घाटन कार्यक्रम सयुंक्त रूप से जितेस मिंज, प्रखंड प्रमुख सुनील सुरीन, बीरेंद्र सुरीन, रामबालक बड़ाईक, जेम्स होरो, मारवाड़ी होरो एवं प्रदीप कुमार अन्य कार्यरत साथियों के सहयोग से किया गया।

जीतेश मिंज ने युवा शक्ति को राज्य के बदलाव में आगे आने के लिए प्रेरित किया। मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातून ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को डरने की नहीं लड़ने की जरूरत है।

प्रखंड प्रमुख कामडारा ने मिशन बदलाव के कार्यों से जुड़ने की अपील की। मिशन बदलाव सदस्य रामबालक बड़ाईक सह मुखिया बीरेंद्र सुरीन एवं पंचायत समिति सदस्य मारवाड़ी बिरहोर एवं जेम्श होरो ने कहा कि कामडारा प्रखंड में सभी युवाओं को एकजुट होने की जरूरत है। अगर हम सभी एकजुट हुए तो सभी समस्याओं का समाधान त्वरित हो जायेगा। मिशन बदलाव की पूरी टीम ने रामबालक बड़ाईक को समाजसेवा के लिये कार्यालय का निःशुल्क योगदान पर धन्यवाद दिया।

उदघाटन कार्यक्रम में मिशन बदलाव कामडारा के सिकंदर सिंह, सतीश गोप, जेम्श होरो, प्रमिला कुजूर, चम्पा कोंनगड़ी मुकुट राम मुखिया विनीता टोपनो, देवन्ती मिंज, ज्योति कुजूर, ज्योति गोलरिया, लखन गोप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झानद नगर परिषद की बैठक 25 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल जेएनडी की गुमला नगर परिषद इकाई की बैठक 25 सितंबर को गुमला जिला मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। यह बैठक 28 सितंबर को आयोजित जन सत्याग्रह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुलाई गई है। जिसमें भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी व गुमला को रेल लाइन से जोड़ने तथा आसपास की जनसमस्याएं सत्याग्रह के विशेष मुद्दे होंगे।

## टेंपो पलटने से दर्जन भर लोग हुए घायल

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मोड़ के समीप गुरुवार दोपहर लगभग 2:00 बजे एक टेंपो वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दर्जन भर लोग घायल हो गए। वहीं इस घटना में एक महिला का पैर भी टूट गया है। जिसमें सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर डीएन ठाकुर के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इस दुर्घटना में जुड़वानि गांव निवासी महिला का दाहिना पैर टूट गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर डीएन ठाकुर ने सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। घायलों में अलमा मिंज, अल्बर्ट मिंज, टेरेसा एक्का, आशा मिंज, रामदयाल नायक सहित कई लोग शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंवला टोली गांव का एक ऑटो वाहन सवारी बैठाकर चैनपुर सप्ताहिक बाजार आ रहा था।

**स्वास्थ्य सेवा :** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती होकर कुपोषण मुक्त हो रहे हैं बच्चे

# भर्ती होने पर सभी बच्चों का रखा जाता है ख्याल : सीता पुष्पा

कुपोषित बच्चों को भर्ती करने के पश्चात उनके खाने-पीने की व्यवस्था एवं आवश्यक दवा के साथ प्रत्येक दिन 100 रुपये की दर से भुगतान भी किया जाता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में जिले के सभी प्रखंडों के एमटीसी सेंटरों में सैम बच्चों को चिन्हित कर भर्ती करते हुए उनका इलाज किया जा रहा है। केंद्र में ड्यूटी पर तैनात एएनएम/जीएनएम पूरी लगन व सेवा भाव से बच्चों को समय के अनुसार पौष्टिक आहार खिलाकर उन्हें तंदुरूस्त करने में लगी हुई हैं।

अस्पताल के चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी अपने रूटीन से अतिरिक्त समय देकर निरंतर केंद्र पहुंचकर बच्चों की बेहतर देखभाल कर रहे हैं। आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका /सहायिका , सीडीपीओ ,महिला पर्येक्षिका द्वारा सैम मैम बच्चों की स्क्रीनिंग करते हुए उनके परिजनों को डाइट से संबंधित जानकारी दे रही हैं एवं सैम बच्चों को उनके द्वारा एमटीसी सेंटर भेजा जा रहा है। अब तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 150 से अधिक सैम बच्चों को चिन्हित करते हुए एमटीसी सेंटरों में भर्ती किया गया है। जिसके लिए बेड की संख्या को भी बढ़ाया गया है। गुमला सदर में उपलब्ध 36 बेड हैं जिसमें 34 सैम बच्चों को एडमिट किया गया है। वहीं रायडीह प्रखंड में 27 सैम बच्चों को एडमिट किया गया। सिसई के एमटीसी सेंटर में कुल 17 बेड हैं जिसमें 10 सैम बच्चों को एडमिट किया गया है। बिशुनपुर में कुल 20 बेड हैं जिसमें अब तक 11 सैम बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें एडमिट किया गया ।

अधिकतर सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले बच्चे कुपोषण का शिकार होते हैं। इसके लिए आंगनवाड़ी सेविका और सहिया ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान देती हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वे ऐसे बच्चों को शीघ्र चिन्हित कर उन्हें एमटीसी केंद्र में भर्ती कराती हैं। जिन्हें पोष्टिक आहार एवं आवश्यक दवा देकर उन्हें तंदुरूस्त किया जा रहा है। एमटीसी केंद्रों में सैम बच्चों के भर्ती करने के पश्चात उनके खाने पीने की व्यवस्था एवं आवश्यक दवाई के साथ प्रत्येक दिन 100 रुपये की दर से भुगतान भी किया जाता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गुमला सीता पुष्पा बताती हैं कि एमटीसी में भर्ती सभी बच्चों का खास ख्याल रखा जाता है। विभागीय नियमों के तहत बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए उन्हें पौष्टिक भोजन एवं जरूरी दवाई दी जाती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय पोषण माह चल रहा है। इसके लिए सभी प्रखंड के सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका और सहिया दीदी को विशेष रूप से निर्देश दिया गया है। जिसके तहत सैम बच्चों को चिन्हित करते हुए बच्चों का स्क्रीनिंग किया जाता है साथ ही बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग करने के पश्चात उन्हें एमटीसी सेंटर में भेजा जा रहा है तथा मैम बच्चों के परिवारजनों को पौष्टिक भोजन देने हेतु उनकी काउंसलिंग की जा रही है। साथ ही बच्चों के अभिभावकों को मौसमी साग सब्जी एवं फल जो आसानी से उपलब्ध होते है वैसे पौष्टिक आहार का सेवन करने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही सैम मैम बच्चों के लिए कुल 3000 वृद्धि निगरानी चार्ट का वितरण सभी प्रखंडों में किया गया है, जिसके आधार पर बच्चों की वृद्धि निगरानी की जा रही है। इसके अलावा उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में सभी चिन्हित सैम मैम बच्चों के परिवारजनों को सरकार के अन्य कल्याणकारी योजनाओं से प्राथमिक रूप से आच्छादित भी किया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्वास्थ्य विभाग की ओर से रेफरल अस्पताल बसिया को बेबी केयर किट उपलब्ध कराया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल बसिया को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवजात बच्चे के लिए बेबी केयर किट उपलब्ध कराया गया। जिसे बच्चे के डिस्चार्ज के समय ही लाभुक को अस्पताल में देना है। गुरुवार को लाभुक माता को बेबी केयर किट देकर बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा, डॉ राजेश कुमार, डॉ रुचि भूषण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में बीपीएम संदीप साहू एवं अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।

### वूमेन फार्मर प्रोड्यूशर कंपनी की प्रथम वार्षिक आमसभा का आयोजन




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सिया धर्मशाला में वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की प्रथम वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, कृषि पदाधिकारी संस्थान के अधिकारी और प्रदान के कर्मी सुभोजित घोष, जितेंद्र कुमार यादव, अरित्रा पात्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कंपनी की दीदियों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत की गई और अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर वूमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर कुंती देवी और बिरसमुनी उरांव द्वारा संस्था की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। साथ ही अगले साल के लक्ष्य को बताया गया। वहीं बागवानी, पशुपालन व सब्जी खेती में जुड़े सक्रिय किसानों को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर जयदीप देव, सोनल, राजू महतो, हिरामुनि कुमारी, रेणु कुमारी सहित कई सदस्य दीदी उपस्थित थे।

### कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को पोषण और स्वच्छता की दी गयी जानकारी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में पोषण माह अंतर्गत बाल विकास कार्यक्रम विभाग बसिया की महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय की किशोरियों को पोषण आहार, स्वच्छता, आयरन, फोलिक एसिड सेवन के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। पर्यवेक्षिका डेजी कुजूर ने किशोरियों को योग को अपने जीवन में अपनाने, एनीमिया की रोकथाम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय की वार्डन, पर्यवेक्षिका डेजी कुजूर, सलोमी तिग्गा समेत विद्यालय की छात्रायें उपस्थित थीं।

### डुमरी थाना परिस में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना परिसर में बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें विशेष रूप से सीओ शिवपूजन तिवारी, प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का, सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित सभी समुदाय के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना है। प्रखंड अंतर्गत होने वाले दुर्गा पूजा को स्वच्छ व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने वाले पूजा समिति को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। सीओ शिवपूजन तिवारी ने कहा की समिति के लोग अपने क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। वहीं प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि सभी समुदाय से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनायें। सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि पूजा समिति के लोग पूजा एवं कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ व साफ सुथरी छवि वाले लोगों को वोलेंटियर के रूप में तैनात रखें। धन्यवाद ज्ञापन थाना प्रभारी मनीष कुमार ने किया। मौके पर ग्राम पुरोहित ब्रजेंद्र पाण्डेय, जगरनाथ प्रसाद, अनिल ताम्रकार, अमित सिंह, मो अख्तर अली, मो. हैदर अली, मो. मकबूल आलम, गंगा प्रसाद, जयश्री साहू, रामकृपाल बैगा, गोविंद सिंह, सब्जीलाल साहु, मो. वाज मियां, मो. सलीम, जवाहर कवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### महिला विकास मंडल रायडीह की 10वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** महिला विकास मंडल रायडीह का 10वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को पुराना प्रखंड परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ अमित कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि प्रमुख ममता सोरेंग, उपप्रमुख दीपक कुजूर, महिला विकास मंडल की अध्यक्ष एमन्ती देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रखंड की महिलाएं महिला मंडल से जुड़कर प्रखंड से संचालित विकास योजनाओं में जनभागीदारी निभायें। उन्होंने कहा जेएसएलपीएस के माध्यम से समर सप्ताह पोषण सप्ताह एवं रागी के तहत महिलाओं को जोड़कर स्वरोजगार मुहैया कर आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया जा रहा है। प्रमुख ममता सोरेंग ने महिलाओं को स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष एमंती देवी ने वार्षिक आम सभा में लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मौके पर अतिथियों का पारम्परिक स्वागत फुलमाला व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। महिलाओं ने अंधविश्वास और नशापान जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मौके पर जेएसएलपीएस के हरी साहू, किरण बाखला, चेरया उरांव, लालावती टोप्पो, जोसपा खेस, मिलानी बाखला, कौशल्या देवी, सोनिया कुमारी, अन्ना मिंज, रजनी मिंज, बिजया लकड़ा, मुखिया किरण बिलुंग, स्माईल कुजूर, दीपक कुजूर, हिमांशु कुमार गुप्ता, उपमुखिया तस्लीम एवं सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं।

### राष्ट्रीय पोषण माह के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज की दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह

# जब तक माताएं और बच्चे स्वस्थ नहीं होंगे तब तक देश स्वस्थ नहीं होगा : वीडी राम

- सबकी भागीदारी से सफल होगा पोषण अभियान : विधायक
- आज उपायुक्त और उप विकास आयुक्त के हाथों पुरस्कृत होंगे सभी प्रतिभागी

**मेदिनीनगर/पलामू( आजाद सिपाही)।** स्वस्थ परिवार की कल्पना तभी की जा सकती है जब हमारी माताएं और बच्चे स्वस्थ हों। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत हम सभी का कर्तव्य है कि पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सही पोषण देश रोशन को सार्थक करें। पलामू सहित पूरे देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सभी लोग जनभागीदारी के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। उक्त बातें पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने राष्ट्रीय पोषण माह-2022 के मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज की ओर से आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के दौरान कहीं। राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च +2 विद्यालय कोल्हुआ, चैनपुर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने चित्र प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से लोग काफी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश कुपोषण मुक्त हो। पीएम ने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह भी किया है कि जब भी आप किसी समारोह में जाते हैं और वहां कोई खाने-पीने की चीज मिलती है तो उसे आंगनबाड़ी केंद्रों में दें



जिससे कि वह माताओं-बच्चों के बीच वितरित हो सके। डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम में सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। पोषण अभियान तभी सफल होगा जब इसमें सबकी भागीदारी होगी। विधायक महोदय ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रदर्शनी को देखें और पोषण के बारे में जरूरी जानकारी प्राप्त करें। इससे पूर्व सांसद, विधायक, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर, पलामू की समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, चैनपुर की महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी श्रीमती लक्ष्मी भारती, विद्यालय के प्राचार्य मदन मोहन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

**गोद भराई, अन्नप्राशन एवं हेल्दी बेबी शो का आयोजन, स्टॉल से मिली जानकारी**

समाज कल्याण विभाग, पलामू के सहयोग से प्रदर्शनी स्थल पर पौष्टिक तत्वों की जानकारी से जुड़ा स्टॉल भी लगाया गया है, वहां सांसद और विधायक महोदय के द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन की रस्मअदायगी की गई एवं हेल्दी बेबी शो के तहत सभी बच्चों को खिलौने दिए गए। प्रदर्शनी स्थल पर जेएसएलपीएस की ओर से स्टॉल भी लगाया गया है। स्वतंत्रा सेनानी, आजादी क्वेस्ट गेम से जुड़ी जानकारी प्रदर्शनी में शामिल दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश और झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी जानकारी को प्रदर्शित किया गया है। यहां आजादी क्वेस्ट गेम को डाउनलोड करने के तरीके एवं खेलने के बारे में भी जानकारी दी गई है। हिन्दी पखवाड़ा से जुड़ी स्टैंडी का भी प्रदर्शन किया गया है।

**आज उपायुक्त और उप विकास आयुक्त के हाथों पुरस्कृत होंगे प्रतिभागी**

चित्र प्रदर्शनी के दूसरे दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 23 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे किया जाएगा। पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू डोड्डे एवं उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। इस दौरान पोषण माह के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे एवं प्रमाण पत्र का वितरण करेंगे। उद्घाटन समारोह के कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सीके पांडेय ने किया जबकि सीतेश कुमार ने उनका सहयोग किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के जिला समन्वयक जीशान अहमद, समाज कल्याण विभाग की महिला पर्वेक्षिकाएं, सेविका-सहायिकाएं, तेजस्विनी समूह की किशोरियां भी मौजूद रहीं।

## रतनाग में सहायिका उषा देवी के घर में लगी आग

**पांडू/पलामू(आजाद सिपाही)।** पांडू थाना क्षेत्र के रतनाग में सहायिका उषा देवी के घर में पिछले रविवार की देर रात आग लगने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि रतनाग आंगनबाड़ी सहायिका उषा देवी का पूरा परिवार घर में सोया था। रविवार की रात लगभग 12 बजे के आसपास घर में आग का तेज लपट देखकर उषा देवी ने हल्ला की तो परिवार के लोग एवं आसपास लोग इकट्ठा हो कर आग बुझाने का प्रयास किया काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी की घटना में घर में रखे कपड़ा, अनाज सहित कई जरूरत का समान जलकर राख हो गया। इस घटना में सहायिका उषा देवी ने सेविका देवंती देवी व उसके पुत्र पर आरोप लगाया है। मालूम हो कि आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार रखने को लेकर सेविका व सहायिका में पूर्व से ही झगड़ा चल रही थी, सहायिका का कहना था कि सेविका पोषाहार को अपने घर पर रखती है। वहीं से पोषाहार को बेच देती है, लाभकों को नहीं मिल पाता है, इस बात की झगड़ा दोनों के बीच चल रही थी। सेविका ने पोषाहार रूम में ताला लगा दी, ऊपर से सहायिका ने भी उस रूम में ताला लगा दी। इसके बाद दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई, सेविका के द्वारा दिखा देने की धमकी भी दी गयी थी। वहीं रविवार की रात उषा देवी के घर में आग लग गयी। कई समान जलकर राख हो गया। सोमवार को ग्रामीणों के द्वारा कहा हया की पंचायत में इस मामले को निबटारा किया जाएगा। लेकिन पंचायत में यह मामला का निबटारा नहीं हो सका। यह मामला थाना पहुंच गया और सहायिका उषा देवी ने सेविका व उसके पुत्र के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा दी है। उधर थाना प्रभारी का कहना है कि लिखित शिकायत मिला है, जांच भी किया गया है, दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुई है, घर में आग लगाने की बात गलत है, आपसी दुश्मनी के कारण ऐसा कहा जा रहा है।

## सांसद प्रतिनिधि ने सरस्वती शिशु मंदिर हैदरनगर परिसर में किया पौधरोपण



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा की सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में गुरुवार को प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। श्री सिंह एवं अन्य गणमान्य द्वारा परिसर में आम-जामुन के फलदार पौधों के अलावे शीशम के इमारती पौधे लगाए गए। हैदरनगर के इटवा स्थित शिशु मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि सभी व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिये। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कमी के कारण पर्याप्त वर्षा भी नहीं हो रही है जिसका खामियाजा सुखाड़ के रूप में भुगतना पड़ रहा है। श्री सिंह ने कहा कि पेड़ लगाकर ही पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य विन्देश्वरी सिंह, भूमिदाता सुधीर सिंह,आचार्या निशु सिंह के अलावे अभिभावक सह समाजसेवी सत्येंद्र पासवान, सनोज पासवान एवं रामाशीष पासवान उपस्थित थे।

## धूमधाम से महाराजा अग्रसेन की जयंती मनायेगा अग्रवाल क्लब

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय नारनौलीय अग्रवाल महासभा की पलामूईकाई अग्रवाल क्लब ने हर साल की भांति इस साल भी महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। महासभा के सभापति प्रमोद अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री विष्णु मंदिर के सत्संग भवन में 25 और 26 सितंबर को जयंती समारोह के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 25 सितंबर को सुबह 10 बजे से छोटे बच्चों का बुद्धि परीक्षण, चॉकलेट रेस, युगल क्विज प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए एक मिनट गेम, चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 सितंबर को सुबह 10 बजे से महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना एवं दोपहर 2:30 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा, जिसमें सभापति प्रमोद अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं उपसभापति कंचन अग्रवाल विशिष्ठ अतिथि होंगे। बैठक में अग्रवाल क्लब के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल, सचिव नवीन अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, जवाहर अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, राजू अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल,अनूप अग्रवाल समेत कई अग्रवालबंधु उपस्थित थे।

## दशहरा पूजा को लेकर वार्ड नौ के पार्षद ने की विशेष बैठक की मांग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड नौ के पार्षद नजीर अहमद ने दशहरा पूजा को लेकर नगर पंचायत बोर्ड की विशेष बैठक की मांग की है।इस संबंध में उन्होंने विज्ञप्ति जारी कर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर अध्यक्ष ,एवम उपाध्यक्ष से आगामी दुर्गोत्सव पर्व के मद्देनजर बैठक आयोजन का आग्रह किया है।उन्होंने कहा की बैठक में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सफाई व्यवस्था पर चर्चा हो,दुगार्पूजा के पूर्व विशेष सफाई अभियान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया जाए।जिससे श्रद्धालुओं व आमलोगों को पर्व के अवसर पर किसी प्रकार का कठिनाई उत्पन्न ना हो।

## पुरानी पेंशन विजय समारोह का आयोजन

जफर हुसैन

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय हैदरनगर के प्रशाल में एनपीएस से जुड़े कर्मियों ने पुरानी पेंशन विजय समारोह का आयोजन किया, एनपीएस कर्मियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। कर्मियों ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा दिनांक 1 सितंबर 2022 से पुनः पुरानी पेंशन को शुरू कर दिया गया। जिससे झारखंड के सभी एनपीएस से जुड़े कर्मी काफी खुश है। कर्मचारियों की विशेष मांग रही है कि एनपीएस को बंद कर पुरानी पेंशन को ही बहाल किया जाए। पुरानी पेंशन



के पुनः बहाल होने पर प्रखंड हैदरनगर अंतर्गत सभी एनपीएस से जुड़े कर्मी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया। एक-दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम का संचालन नूर मोहम्मद अंसारी ने किया। उन्होंने अपने मधुर स्वर एवं संगीत से सभी कर्मियों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व से ही पुरानी पेंशन से आच्छादित जीपीएफ कर्मचारी, सहायक अध्यापक संगठन के नेतृत्वकर्ता एवं सभी एनपीएस से जुड़े कर्मी मौजूद थे।बैठक में मुख्य रूप से बाबूराम चौधरी, हरिश्चन्द्र कुमार द्विवेदी, भरदुल राम,सतेंद्र कुमार, प्रेम चौधरी, संजय सिंह, स्वय प्रकाश पांडेय, अब्दुल रहीम, विजय बहादुर सिंह, गौतम प्रसाद, अरुण चौधरी, हरेंद्र कुमार नीरज, संजय तिवारी, सत्यनारायण भगत, आलोक पासवान, राजेंद्र प्रजापति, विश्वनाथ मेहता, रामचंद्र राम आदि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस की बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज एवं पलामू प्रभारी कृतिका त्रिपाठी के निर्देशानुसार डाल्टनगंज विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारणी की अहम और पहली बैठक की गई।बैठक में विधानसभा क्षेत्र में कार्य को लेकर साथ ही साथ आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने की चर्चा हुई। जिसमे बैठक की अध्यक्षता डाल्टनगंज विधानसभा अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह ने की। पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने युवा कांग्रेस का हर कदम साथ देने का वचन दिया।

## बच्चों के साथ नियमित समय को साझा करें अभिभावक : अविनाश देव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपही)।** गुरुवार को अग्रसेन भवन में संत मरियम स्कूल के बच्चों के बेहतर विकास और उन्नति को प्रमुखता से ध्यान में रखते हुऐ उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने हेतु शिक्षक और अभिभावकों की संगोष्ठी अयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बदलते समय और परिवेश के साथ शिक्षा पद्धति भी अत्याधुनिक होती जा रही है। हम सभी को इस परिवेश में सामंजस्य स्थापित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर मुख्य फोकस करना है। संत मरियम स्कूल मात्र किताबी शिक्षा ग्रहण करने का स्थान नहीं जो बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के बाद नौकरी करके मशीन बन जाए और अपने सामाजिक पहलुओं के दायित्व को भूल जाए। अपितु बच्चों में संस्कार ,नैतिक शिक्षा का मूल विकास ही स्कूल का प्रमुख उद्देश्य है, जिससे



उनके अंदर नम्रता, शालीनता सहित विभिन्न क्षेत्रों में संपूर्ण विकास हो सके। बदलते समय के अनुसार अभिभावक भी यह सुनिश्चित करें कि स्कूल से जाने के बाद बच्चे का रूटीन क्या है ? आप अपने व्यस्ततम समय में से भी प्रतिदिन बच्चों के साथ अपने महत्वपूर्ण समय को साझा करें क्योंकि आप की असल पूंजी यही लोग है जो आप के बेहतर भविष्य और आने वाले बुढ़ापे का सहारा होंगे। आप अपने बच्चे को सदा अपने नियंत्रण में रखते हुए उन्हे ऐसी परवरिश दे की आसपास के सामाजिक लोग आपके बच्चे के साथ आपका भी गुणगान करें कि आप एक बेहतर अभिभावक हैं। श्री देव ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन का यह प्रयास है शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी नियमित अंतराल के बाद यथावत चलती रहे जिसके माध्यम से हम सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की यथास्थिति पर एक साथ चिंतन मनन कर सकें। जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। मौके पर प्रिंसिपल आदर्श कुमार, साहा सर, विकास सर, दीपक सर, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय, निवेदिता पांडेय,सुभम पांडे, प्रवीण दुबे, रोहित सिंह, राजू कुमार, सतीश गुप्ता सहित विभिन्न शिक्षक उपस्थित रहें।

## डीसी से मिलकर सरोज एवं शिव ने सौंपा विवादित जमीन के कागजात

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त से मिलकर अररूआ खुर्द स्थित मौजा में मठ के विवादित जमीन मामले में केवालेदार सरोज प्रसाद व शिवनंदन यादव ने उन्हें कागजात सौंपी है। इसकी जानकारी सरोज प्रसाद व शिवनंदन यादव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। उन्होंने बताया कि विवादित जमीन संबंधित सभी कागजातों की मूल प्रति दिखाने के साथ ही उसकी छाया प्रति उपायुक्त को सौंपी गई है। इनमें प्लॉट संख्या 328,329 की 1980-81 में अ/फ केस संख्या-03 से प्राप्त जमीन की छाया प्रति, बांके बिहारी जायसवाल का केवाला की छाया प्रति, सरोज प्रसाद एवं शिवनंदन यादव द्वारा जमीन खरीदगी की केवाला की छाया प्रति, 1980-81 से 2016 तक रजिस्टर टू एवं लगान रसीद की छाया प्रति के अलावे गलत से हाल सर्वे में बिहार बिहारनी अयोध्या प्रमोद वन बड़ी कुटिया कपरदार सुरजी कुंवर एवं महंत सत्यनारायण दास के द्वारा, जिन्होंने हम दोनों को लिखित स्टाम्प पेपर पर समझौता की है। जिसमे लिखा गया है कि मेरे संस्था पर गलत से हाल सर्वे में चढ़ गया है। इस जमीन से कोई वास्ता नहीं है।

## नगर अध्यक्ष ने रेल अंडर पास का लिया जायजा, पानी निकासी की मांग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेलवे जोन के बीडी रेल सेक्सन में जपला रेलवे स्टेशन अंर्तगत बक्शी हाई स्कूल परिसर के पीछे बनी नया रेलवे अंडरपास में मामूली वर्षा के पानी जमा होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गये हैं। इससे लोगों को पैदल पैदल गुजरने में शरीर के एक चौथाई भाग ही जलजामव में डूबोने पड़ते हैं।गुरुवार को नगर अध्यक्ष शशि कुमार,नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,डॉ एजाज आलम आदि ने अंडरपास का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि विभागीय अभियंता की लापरवाही से अंडरपास से पानी निकासी की मुक्क्मल व्यवस्था नहीं की गई। जिससे आये दिनों आवागमन की परेशानी से लोगों को जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में बढ़ती आबादी व जपला स्टेशन में मुख्य केबिन के पास रेल फाटक के बंद होने के बाद लगी जाम से छुटकारा दिलाने के लिये इस अंडरपास की व्यवस्था पिछले साल ही करायी गई है। कई बार विभाग से गुहार लगाने के बाद अंडरपास के उपर शेड तो लगाये गये, पर इसमें सड़क व आसपास का पानी जाना नहीं रुका। जबकि इसी रास्ते से शहर की आधी आबादी ब्लॉक, स्कूल, कॉलेज के छात्र - छात्राओं सहित आम राहगीर को रोजमर्रा के कार्य से गुजरना पड़ता है। वर्तमान में इसमें करीब तीन फीट जलस्तर रहने से दोपहिया व छोटे वाहनों के आवागमन में परेशानी हो गई है। इन समस्याओं से स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बनी है।उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही रेल विभाग द्वारा पानी निवासी का स्थायी समाधान नही किया जाता है तो हुसैनाबाद की जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी।मौके पर केदार सिंह,जनक पासवान,इजहार अंसारी,इम्तेयाज आलम,सिबतेंन मिर्जा आदि मौजूद थे।

## पलामू डीसी के आश्वासन पर खुली हरिहरगंज की दुकानें

**हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ खुर्द मौजा में बिहार बीहारिनी प्रमोद वन बड़ी कुटिया अयोध्या मठ की जमीन को लेकर कई दिनों से चल रहे आंदोलन को व्यवसायियों ने फर्जी मुकदमा वापस कराने और उचित न्याय देने के उपायुक्त के आश्वाशन पर स्थगित कर दिया। वहीं गुरूवार से सभी दुकान प्रतिष्ठान को भी खोल दिया। यह जानकारी मोतीराज महिला इंटर कॉलेज के समीप मेघा इंटरप्राइजेज परिसर में व्यवसायियों ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। मठ कमिटी के सदस्यों ने बताया कि गलत केवला के आधार पर वगैर मोटेशन हुए भूमाफिया सरोज प्रसाद एवं शिवनंदन यादव के द्वारा जमीन पर उन्माद पैदा करते हुए कब्जा करने की कोशिश की गई। जिसकी सूचना प्रशासन को देने के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने उक्त जमीन को कब्जा से मुक्त कराया। जिसे लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा निर्दोश ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमा किया गया। जबकि यह मुकदमा शांति भंग करने के मामले में भूमाफियों के साथ ही ब्रजेश जायसवाल पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए थी। ग्रामीणों ने पूरे मामले में एसडीओ एनपी गुप्ता और प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार के कार्रवाई पर जांच टीम गठित कर कार्रवाई करने की मांग डीसी से की। वहीं व्यवसायियों ने जरुरत पड़ने पर एकजुटता के साथ पुनः आंदोलन करने की बात कही। मौके पर भोला गुप्ता, विनय जायसवाल, राजीव रंजन, महादेव यादव, कमलेश कुमार यादव, बुधन सिंह यादव,विश्वदीप कुमार,कृष्ण कुमार सिंह, विकास यादव, कृष्ण कुमार क्रांतिकारी,दिनेश वर्मा,दिनेश स्वर्णकार, अखिलेश विश्वकर्मा, पवन कुमार शर्मा,दिनेश कुमार,धनंजय सिंह,मुन्ना जायसवाल, अभय सिंह, जेपी गुप्ता, कामेश शर्मा, लखन यादव,अनिल शौंडीक, लक्ष्मी विश्वकर्मा, अशोक यादव, राजेश शौंडीक, रामजी पासवान, धर्मेंद्र पटेल, गोपाल प्रसाद,नरेश मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पीपरा पुलिस ने अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर किया जब्त



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा थाना पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के मसुरिया मोड़ स्थित संध्या गश्ती के दौरान अवैध रूप से बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया है । इस संबंध में थाना प्रभारी सूरज चेल ने बताया कि अवैध बालू के उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया । इस दौरान चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर कार्रवाई हेतु आवेदन जिला खनन पदाधिकारी पलामू को भेजा गया है । इस अभियान में थाना प्रभारी सूरज चेल के अलावे एसआई अभय आनंद, एएसआई उमेश कुमार महतो आदि शामिल थे ।

## भाजयुमो नेताओं ने हरिहरगंज खादी बोर्ड परिसर में किया पौधरोपण



**हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाड़ा पर गुरुवार को हरिहरगंज खादी बोर्ड परिसर में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीतीश कुमार, कार्यक्रम संयोजक सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के अलावे मोर्चा के मंडल अध्यक्षों ने पौधरोपण किया। इस दौरान प्रखंड के सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि पर्यावरण समस्या को लेकर देश चिंतित है। पौधरोपण कर इस समस्या से निजात मिल सकेगी।मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि सेवा पखवाड़ा पर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुन्ना मेहता, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चंदन जयसवाल,सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, कर्ण राजवीर, गोपाल प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य लाल बहादुर सिंह,पीपरा मंडल महामंत्री विजय प्रजापति, महिला मोर्चा संजू सिंह, संजय सिंह, प्रदीप कुमार सोनी, भोला प्रसाद, अमरेश कुमार सिंह, अमित कुमार सहित कई कार्यकर्ता सामिल थे।

## प्रफुल्ल बने बिहार हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन के निदेशक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ प्रफुल्ल कुमार सिंह को बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का निदेशक बनाया गया है। उन्हें झारखंड का भी अधिभार मिला है। पटना के ललित भवन में संपन्न वार्षिक आम बैठक से पहले श्री सिंह का इस पद के लिए चयन हुआ। बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि. पटना (बिहार-झारखंड) की आम सभा 21 सितंबर को संपन्न हुई। आम सभा में लिए गए कुछ प्रमुख निर्णय जैसे ऋण वितरण, ऋण वसूली,ऋण हेतु योजनाओं एवं बिहार-झारखंड में स्थित सहकारी समितियां एवं केंद्रीय सहकारी समितियां एवं राज्य से बाहरी सहकारी संस्थाओं में फेडरेशन के प्रतिनिधि समय-समय पर भेजने पर सहमति हुई। भूमि विकास बैंक और बिस्कोमान के बाद हाउसिंग कोऑपरेटिव फेडरेशन,बिहार-झारखंड का तीसरा सबसे बड़ा सहकारी संस्थान मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी एक्ट के तहत संचालित होता है। प्रफुल्ल सिंह वर्तमान में भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड) के निदेशक हैं साथ ही बिस्कोमान में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हैं। अब वो दोनों राज्यों की तीनों बड़ी सहकारी समितियों के सदस्य हो गए हैं। श्री। सिंह ने बताया कि हर व्यक्ति के अपने घर का सपना अब आसानी से सच होगा। बिहार-झारखंड में उपलब्ध हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड की अपनी जमीन पर फ्लैट बना कर आवंटित किए जाएंगे। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार की सुविधा के लिए छोटे फ्लैट ज्यादा बनाए जाएंगे। यही नहीं उन्हें आसान शर्तो पर सस्ता ऋण भी मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि अपने कार्यकाल में वह सहकारिता को झारखंड में उत्कर्ष पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हाउसिंग फेडरेशन पुनः बिहार-झारखंड को गौरवांवित करेगा। बिहार-झारखंड में सहकारिता से विकास की असीम संभावनाएं हैं। बहुत खुशी की बात है कि राजनीति से ऊपर उठकर सहकारिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। जुलाई 2021 में मोदी सरकार ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक नए 'सहकारिता मंत्रालय' का गठन किया। मंत्रालय सहकारिता के लिए कारोबार करने में आसानी के लिए प्रक्रियाओं को कारगर बनाने और बहु-राज्य सहकारी समितियों (एमएससीएस) के विकास को सक्षम बनाने के लिए काम करेगा। देश में सहकारी आधारित आर्थिक विकास मॉडल बहुत प्रासंगिक है जहां प्रत्येक सदस्य जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करता है।

## स्पोर्ट्स



**हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे मध्यक्रम के खिलाड़ियों की फॉर्म इस साल भारत के लिए वरदान रही है**

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 जीत कर श्रृंखला बराबरी करना चाहेगी भारतीय टीम

**नागपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी 20 के लिए नागपुर में जब मैदान में उतरेगी, तो उसका लक्ष्य मोहाली की हार को भूलते हुए श्रृंखला बराबरी करने पर होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टी20 मैच शुक्रवार को नागपुर में खेला जाएगा। मोहाली में पहले मैच में मिली चार विकेट से जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है। भारत को अपना अभ्यास सत्र शुरू करते समय बहुत कुछ देखना है। एक ऑलराउंड इकाई के रूप में निरंतरता की कमी ने पिछले कुछ मैचों में टीम को निराश किया है। केएल राहुल, कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के शीर्ष क्रम को एक साथ आए हुए कुछ समय हो गया है। उनमें से एक या दो के फेल होने और दूसरे के क्लिक करने का पैटर्न नियमित आधार पर चल रहा है। अब यह समय आ गया है कि वे इस दुर्भाग्यपूर्ण पैटर्न को ठीक करें क्योंकि उन्हें आईसीसी टी 20 विश्व



कप 2022 से पहले दो विश्व स्तरीय पक्षों, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है। हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव जैसे मध्यक्रम के खिलाड़ियों की फॉर्म इस साल भारत के लिए वरदान रही है और वे इसे जारी रखना चाहेंगे। भारतीय गेंदबाजी ने पिछले कुछ मैचों में डेथ ओवरों में निराश किया है। यह भारत के हित में होगा कि जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर दबाव कम करने के लिए इस बार प्लेइंग इलेवन में जगह बनाएं, जिनकी एशिया कप 2022 के बाद से डेथ ओवरों में विफलताओं को काफी आलोचना मिली है। स्पिनर युजवेंद्र चहल की आर्थिक दर और विकेटों की कमी एक और चिंता का विषय है। हर्षल पटेल की वापसी निराशाजनक रही और वह दूसरे टी20 में इसकी भरपाई करना चाहेंगे। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया को भारत की तुलना में ज्यादा चिंता करने की जरुरत नहीं है। उनके बल्लेबाजों ने मोहाली में खेले गए पहले टी-20 के दौरान 209 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा किया। भारत को हरफनमौला कैमरून ग्रीन से सावधान रहना होगा, जिन्होंने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी पहली चार गेंदों में अनुभवी उमेश यादव को चौके लगाकर तत्काल प्रभाव डाला और 61 रन बनाए। विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड और नवागंतुक टिम डेविड अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से उतने ही कठोर हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
11

## भाजपा झारखंड की सभी सीटों पर हासिल करेगी शानदार जीत : लक्ष्मीकांत वाजपेयी




बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा के नए प्रभारी बनाए जाने के बाद लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहली बार सपरिवार गुरुवार को देवघर, दुमका, जामताड़ा व धनबाद होते हुए बोकारो पहुंचे। तेलमाच्चो ब्रिज पर भरत यादव के नेतृव मे पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी का स्वागत व अभिनदंन किया। इस दौरान लक्ष्मीकांत बाजपेई , सांसद पशुपतिनाथ सिंह, मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण, पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय , पूर्व मंत्री छत्रुराम महतो, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने मिलन सभागार प्रांगण में पौधा रोपण भी किया। साथ ही प्रदेश प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर संगठन को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिए जाने की बात कही, ताकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि मैं घुटना टेक कर संगठन के लिए काम करूंगा। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखंड की सभी सीटों पर शानदार जीत हासिल करेगी।

## गोमिया विधायक लंबोदर महतो को पत्र सौंपकर सड़क बनवाने की मांग



ललपनिया (आजाद सिपाही)। उग्रवाद प्रभावित गोमिया प्रखंड क्षेत्र के तिलैया ग्राम पंचायत अंतर्गत दनिया से हलवे गांव तक लगभग पांच किलोमीटर लंबी सड़क का अतिशीघ्र निर्माण कराने की मांग को लेकर गुरुवार को विधायक लंबोदर महतो को पत्र सौंपा गया। इसके अलावा बोकारो जीप अध्यक्ष सुनीता देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार, जीप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज को भी प्रतिलिपि भेजा गया है। पत्र सौंपने के बाद गोमिया विधानसभा प्रभारी कुड़मी सेना सह आजसू के नेता पंकज कुमार चौधरी ने विधायक को समस्या से अवगत कराया। कहा कि तिलैया पंचायत के राजस्व ग्राम हलवे में अभी तक सड़क निर्माण का कार्य नहीं हुआ है। जबकि इस गांव में ग्रामीणों की संख्या करीब 300 तक है जो आदिवासी बहुल क्षेत्र है। पक्के सड़क के अभाव में ग्रामीण कष्टमय जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि हलवे गांव को छोड़कर अन्य सभी गांव पक्के सड़क से जुड़ चुके हैं, लेकिन आजादी के 75 वर्ष बाद भी हलवे ग्रामवासी पक्की सड़क से अबतक वंचित हैं। इस मौके पर एसटी मोर्चा गोमिया प्रखंड अध्यक्ष दशरथ हेंब्रम, शिक्षक तुलसी बेसरा, सुरेश बेसरा, सुनील कुमार, देवालाल कुमार और नरेश बेसरा आदि उपस्थित थे।

## झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन की बोकारो शाखा का चुनाव कराने को लेकर डीआइजी को लिखा पत्र

सेवा ही लक्ष्य
झारखण्ड पुलिस

बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन बोकारो शाखा का चुनाव कराने के संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक) मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। इसमें लिखा गया है कि बोकारो जिला एसोसिएशन का कार्यकाल तीन वर्ष पहले ही समाप्त हो चुका है। यहां एसोसिएशन के लगभग सभी सदस्य मनोनीत हैं और अपने प्रभाव का उपयोग कर पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा, बोकारो के चुनाव का लाभ उठाने के उद्देश्य से विलंब कराने पर जोड़ दिया जा रहा है। इस कारण बोकारो जिला में पुलिस कल्याण कार्य का निष्पादन नहीं हो पा रहा है और यहां क्षेत्र की राजनीति पर जोर दिया जा रहा है। फलस्वरूप बोकारो जिला बल के सभी आरक्षी एवं हवलदार अपने आप को ठगा और असहाय महसूस कर रहें हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा, बोकारो का चुनाव कराने हेतु केंद्रीय शाखा, झारखंड, रांची को आदेशित करें। साथ ही विलंब होने की स्थिति में मासिक कोष कटिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाये। इस कार्य हेतु समस्त पुलिस परिवार बोकारो जिला बल आपका सदा आभारी बना रहेगा।बोकारो पुलिसकर्मियों ने पत्र पर हस्ताक्षर भी किया है।

## सीआइएसएफ ने चलाया छापामारी अभियान,17 टन अवैध कोयला जब्त



झरिया/अलकडीहा (आजाद सिपाही)। कोयला तस्करी पर लगाम कसने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बीच सीआइएसएफ ने भी मोर्चा संभाल लिया है। लोदना क्षेत्र की सीआइएसएफ टीम ने गुरुवार को अपराध शाखा के जवानों के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षक रोहतास कुमार के नेतृत्व में जीनागोरा कालीथान मुहल्ला व कोल डंप के समीप छापामारी कर चोरी का 17 टन अवैध कोयला जब्त किया। जिसे एनटीएसटी परियोजना प्रबंधन को सौंप दिया गया। उधर, सीआइएसएफ की छापामारी से कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है। वहीं छापामारी में विधि व्यवस्था के सहयोग के लिए सूचना दिए जाने पर भी स्थानीय पुलिस ने कथित रूप से कोई सहयोग नहीं किया। बतातें चलें कि अलकडीहा ओपी और तिसरा थाना क्षेत्रों में कोलियरियों से सटे जीनागोरा कालीथान, माड़ीगोदाम, साउथ तिसरा खटाल धौड़ा, गोल्डेन पहाड़ी धौड़ा, तीलाइबनी, नॉर्थ तिसरा चेकपोस्ट, सुरुंगा कुम्हार पट्टी, पहाड़ीगोड़ा, लक्ष्मी कालोनी आदि मुहल्ले के समीप कोयला चोरों का सुसंगठित गिरोह सक्रिय है। उक्त क्षेत्रों के अतिरिक्त बाहरी सैकड़ों कोयला चोरों द्वारा रोजाना एनटीएसटी जीनागोरा कि उत्खनन परियोजनाओं व बंद परियोजनाओं से अवैध खनन तथा कोलडंप से बड़े पैमाने पर सैकड़ों टन कोयला चोरी कर बलियापुर, गोविंदपुर एवं बंगाल के भट्ठों में खपाया जाता है। जिला प्रशासन व एसएसपी के निर्देश पर पूरे जिले में कोयला तस्करी के खिलाफ एसआइटी गठन कर अभियान चलाया जा रहा है।

## 35.5 लाख की साइबर ठगी में दिल्ली पुलिस ने कुमारधुबी के महादेव को किया गिरफ्तार

धनबाद (आजाद सिपाही)। साइबर क्राइम के एक मामले में दिल्ली के साइबर सेल की पुलिस टीम ने निरसा पुलिस के सहयोग से कुमारधुबी क्षेत्र के बरडंगाल रविदास टोला निवासी महादेव रविदास को निरसा स्थित उसके नाना के घर से गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद उसे कुमारधुबी ओपी लाया गया। जहां दिल्ली पुलिस ने उससे दो घंटे तक पूछताछ की। दिल्ली पुलिस ने इस संबंध कुछ विशेष जानकारी नहीं दी। सिर्फ यह कहा कि 35.5 लाख ठगी का मामला है। पूछताछ में महादेव ने अपने कुछ साथियों का नाम भी बताया। लेकिन पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया। कहा कि जब पकड़े जायेंगे तभी घटना की पूरी जानकारी दी जायेगी। पूछताछ के बाद महादेव रविदास को दिल्ली पुलिस धनबाद जेल ले गयी।

### सड़क निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लेने पहुंची थी वर्ल्ड बैंक की टीम : डीसी

# वर्ल्ड बैंक की टीम ने की आठ लेन सड़क की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



कतरास में सड़क निर्माण कार्य की स्थिति का अवलोकन करती वल्र्ड बैंक की टीम।

**धनबाद।** वर्ल्ड बैंक के चार सदस्यीय टीम ने गुरुवार को कतरास कांको मोड़ से लेकर धनबाद गोल बिल्डिंग तक बनने वाले आठ लाइन सड़क का निरीक्षण किया। सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के साथ ही नक्शे को देखा और कई दिशा-निर्देश दिए। वर्ल्ड बैंक की टीम में शामिल वरिष्ठ शहरी विशेषज्ञ क्वाइना अमनक्वाह ने कांको मोड़ के आगे बन रहे पुलिया निर्माण के कार्य व नीचे बह रही नदी को देखा और वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए आपस में विचार विमर्श किए। इसके बाद योगेश्वर मोड़, श्रीधरपुर, बैजकारटांड़ व शक्ति चौक के पास बन रहे आठ लेन सड़क की जांच की व चौक पर गड्ढानुमा सड़क देखकर हैरान रह गये। उक्त सड़क का मिट्टी नीचे दबा हुआ था और गड्ढा बन गया था, जिसे देख टीम ने निर्माण कार्य में लगे अभियंता से उक्त सड़क की नक्शे की मांग की। शक्ति चौक के बीचो बीच पोस्ट मिट्टी भराई कर उस पर सड़क निर्माण कार्य करने की सलाह दी। इसके अलावे कई जगहों पर डिवाइडर टूटा देख उसे दुरूस्त करने का निर्देश दिए। इस दौरान बैजकारटांड़ के ग्रामीणों ने धनबाद के डीसी संदीप कुमार से फुट ओवरब्रिज बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिस पर उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान की दिशा में पहल की जा रही है। टीम के लोग यहां एक घंटे तक निरीक्षण किये। इसके बाद धनबाद के लिए रवाना हो गए। टीम के सदस्यों ने क्वाइना अमनक्वाह को बताया कि सड़क के दोनों तरफ वृक्ष लगाया जाएगा, ताकि वातावरण शुद्ध रहे। साथ ही सड़क के बीचो बीच लाइट की व्यवस्था होगी, जिससे आने जाने वाले लोगों को रात में भी कोई परेशानी नहीं होगी। वल्र्ड बैंक की टीम में क्वाइना अमनक्वाह-एवाइएच, टीटीएल, जेएमडीपी और सिनीयर अरबन स्पेशलिस्ट के साथ अभिजीत घोष, सिनीयर इनवायरोमेंटल स्पेशलिस्ट, राकेश अग्रवाल कंसलटेंट, उत्कर्ष मिश्रा, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरकेटर जूडको, कुमार मृणाल सिनीयर मुंशिपल इंजीनियर जुडूको, रामाशीष रजक सोशल स्पेशलिस्ट जुडूको, बिदिशा मुखर्जी इनवायरोमेंटल स्पेशलिस्ट इपीटीसा, विनय सरस्वती सोशल स्पेशलिस्ट इपीटीसा, आदित्य प्रताप सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर एससीसी/एनसीबी शामिल थे। इसके अलावे एडीएम नंद किशोर गुप्ता, सीओ गोविंदपुर रामजी वर्मा, बाघमारा सीओ कमल किशोर सिंह, बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति समेत स्टेट हाइवे ऑफ झारखंड के मैनेजर एमके वर्मा, डीजीएम संजय कुमार, जयकृष्ण कुमार, साइड इंजीनियर सतीष उपाध्याय भी पहुंचे थे। उधर, डीसी संदीप सिंह ने कहा कि धनबाद जिले का सबसे महत्वपूर्ण सड़क आठ लेन बन रहा है, जहां से गुड्स वाहन समेत अन्य बड़े वाहन सुगमता पूर्वक पार होगें। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक की टीम यहां सर्वे करने पहुंची है कि समयानुसार काम हो रहा है या नहीं। सड़क का निर्माण किस तरह से किया जा रहा है इसकी जांच की गयी है। टीम के साथ पुलिस प्रशासन के अलावे अधिकारी मौजूद थे।

## बंद क्रेशर से 750 कार्टून अवैध शराब व 500 लीटर स्प्रिट जब्त, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना पर बड़ी कर्रवाई करते हुए बंद पड़े क्रेशर में छापामारी कर 750 कार्टून अवैध विदेशी शराब और 500 लीटर स्प्रिट बरामद किया है। इसके अलावा प्लास्टिक की खाली बोतल, 10 हजार ढक्कन, रेपर, अवैध शराब बनाने वाले कैरेमल और एक स्कॉर्पियो भी जब्त किया है। लगे हाथ क्रेशर के मालिक संतोष कुमार सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर ने बताया कि बुधवार को उत्पाद विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालीडीह बियाड़ा क्षेत्र के स्थित बंद पड़े क्रेशर में छापामारी की गई, जो गुरुवार की सुबह तक चली। शराब की खेप को बिहार भेजने की तैयारी थी। सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि क्रेशर से बरामद शराब पर ओनली फोर सेल हिमाचल प्रदेश का स्टीकर लगा हुआ है। इस खेप को बिहार भेजने की तैयारी चल रही थी। इससे पहले ही उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब तस्करी की योजना को नाकाम कर दिया। अरविंद कुजूर ने बताया कि क्रेशर में अवैध शराब का भी निर्माण हो रहा था। बताया कि शराब तस्करी में मुख्य सरगना समेत तीन की संलिप्तता सामने आयी है। शराब माफियाओं को गिरफ्तार करने के लिए उत्पाद विभाग ने टीम भी गठित किया है।

## जाति व आवासीय प्रमाण पत्र का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद गुरुवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने धनबाद समाहरणालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें जाति और आवासीय प्रमाण पत्र का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा कि अधिकारी सेवा भाव से काम करें। पिछड़ी जाति से जुड़े मामलों के निबटारे में देर नहीं करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी संदीप सिंह आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### कार्रवाई : झारखंड-बंगाल सीमा पर पशु तस्करी का खुलासा

# मैथन पुलिस ने मवेशियों से लदा कंटेनर पकड़ा, चालक और खलासी भी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/चिरकुंडा।** जिले के मैथन थाना क्षेत्र स्थित झारखंड-बंगाल सीमा के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-2) पर गुरुवार को मैथन पुलिस ने गुप्त सूचना के आदार पर घेराबंदी करते हुए मवेशियों से भरे एक कंटेनर को जब्त किया है। साथ ही चालक और सह चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। उधर, कार्रवाई की सूचना पाकर निरसा पशुपालन पदाधिकारी मौके पर पहुंच मवेशियों की चिकित्सीय जांच की। साथ ही तस्करी मामले की जांच में जुट गए। इसके बाद मवेशियों को बस्ताकोला स्थित झरिया धनबाद गौशाला प्रबंधन को सौंपे जाने की बात कही। गौरतलब हो कि झारखंड-बंगाल सीमा पर इन दिनों पशु तस्करी का खेल दिन-रात जारी है। तस्कर प्रशासन को भी खुली चुनौती दे रहे हैं। पशु तस्कर बेखौफ दिन के उजाले में झारखंड से पशु तस्करी कर बंगाल भेज रहे हैं। मवेशियों को क्रूरता पूर्वक कंटेनर जैसे वाहनों में लाद झारखंड बंगाल सीमा को पार कर जाते हैं। हालांकि बीच-बीच में चलाए जाने वाले पुलिसिया अभियान में इन पर कार्रवाई जरूर हुई है, लेकिन पशु तस्करों का मनोबल कम नहीं हुआ है।

### जांच के बाद होगी कड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी



मैथन थाना प्रभारी बालाजी राजहंस ने बताया कि कंटेनर निरसा की ओर से आ रहा था जिसके बंगाल जाने की संभावना थी। पर उससे पहले ही पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। साथ ही कंटेनर चालक नौशाद खान और खलासी आशीष कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। कंटेनर में लगभग 30 से 35 मवेशी लदे थे। जांच चल रही है। इसके बाद मवेशियों को गौशाला प्रबंधन को सौंपने के साथ ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षक की मार से टूटा छात्र का हाथ, लोगों का हंगामा

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। कसमार प्लस-2 हाई स्कूल के शिक्षक विनीत कुमार झा ने बुधवार को स्कूल में अध्यनरत नवम श्रेणी के छात्र राजकुमार महतो की इतनी बुरी तरह पिटाई कर दी कि उसके बायें हाथ की हड्डी ही टूट गई। यही नहीं, अदनान, शाहिद और साहिल अहमद नामक छात्र की पिटाई से बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना को लेकर अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को स्कूल के मेन गेट और सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्त शिक्षक पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई। उधर, कसमार के बीडीओ, जिला परिषद अमरदीप मबाराज व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मध्यस्तता करते हुए आरोपित शिक्षक के निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के आश्वासन के बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया। साथ ही घायल छात्रों के उपचार की समूचित व्यवस्था करवाई गई।

**Govt. of Jharkhand**
**Directorate of Culture**
**(Dept. of Tourism, Art Culture, Sports & Youth Affairs.)**
**MDI Building, 3rd Floor, Dhurwa, Ranchi-4**
Ph.-0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF EVENT MANAGEMENT AGENCY FOR ORGANIZING ONE DAY "SUFI MAHOTSAV 2022", RANCHI , JHARKHAND**

Ref. No. 302 Dated :- 21/09/2022

Directorate of Culture , Dept. of Tourism, Art Culture, Sports & Youth Affairs, Govt. of Jharkhand, Ranchi intends to issue this Request for Proposal (RFP) For Selection of Event Management Agency for organizing one day "SUFI MAHOTSAV 2022", RANCHI, JHARKHAND Scheduled to be held in the month of Oct-Nov' 2022.

Proposals are invited from reputed and experienced agency. RFP document can be downloaded from the website http://jharkhand culture.com & jharkhand.gov.in/

Proposals completed in all respect, shall be submitted at the address mentioned in RFP on or before 11:30 hrs. of 10.10.2022.

Corrigendum, Addendum if any shall be uploaded in the above stated website only and shall not be published in the newspapers.

Directorate of Culture reserves the right to reject any or all proposals and annul this process at any time without assigning any reason whatsoever.

Director Culture
Directorate of Culture,
Jharkhand. Ranchi

PR.NO.278354 Art Culture Sports and Youth Affairs(22-23):D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**
**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 04/2022-23/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 20.09.2022

1.कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/01/2022-23 | नावाडीह सियारी गॉधी कॉलोनी अशोक पाण्डेय के घर से मुकेष राषन दुकान तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.00 कि0मी0)। | 70,61,639/- | सत्तर लाख एकसठ हजार छः सौ उनचालीस मात्र। | 9 (नौ) माह |
| 2 | RWD/HAZ/MMGSY/02/2022-23 | एन0एच0–100 मुख्य पथ होलंग से दोमुहान नाला तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–1.850 कि0मी0) । | 85,29,238/- | पचासी लाख उनतीस हजार दो सौ अड़तीस मात्र। | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.10.2022 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.10.2022 अपराह्न 5.00 बजे ।
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग (ग) मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि–19.10.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक ।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग,–20.10.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे ।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा ।
9.यदि किसी कारणवश उपरोक्त अंकित तिथियों में अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्यदिवस में अंकित कंडिकाओं का कार्य किया जायेगा एवं सभी शर्तें पूर्ववत रहेगी ।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट या बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR278367 (Rural Work Department)22-23*D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **22/2022-23/RWD/HAZARIBAGH** दिनांक :- **22.09.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/HAZARIBAGH/01/2022-23 | एन0एच0–02 से गंगटियाही तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.900 कि0मी0) | 2,94,11,200.00 | दो करोड़ चौरानवे लाख ग्यारह हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/HAZARIBAGH/02/2022-23 | पंचायत हुवाग के हुवाग कब्रिस्तान से लेकर पिण्डरा मोड़ भाया दरिया तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.800 कि0मी0) | 2,78,00,800.00 | दो करोड़ अठहत्तर लाख आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/HAZARIBAGH/03/2022-23 | कुरहागढ़ा से रेलवे स्टेशन तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.500 कि0मी0) | 2,57,84,700.00 | दो करोड़ सनतावन लाख चौरासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/HAZARIBAGH/04/2022-23 | पंचशील कॉलोनी मुख्य पथ से संजय कु0 सिंह के घर से धीरज त्रिपाठी के घर होते हुए देवेन्द्र सिंह के घर से श्रीकांत पाण्डे के घर होते हुए मृदुला सिंह के घर से सुरदीप कुमार के घर होते हुए कन्हाई सिंह के घर से बबन दास के घर होते हुए नृसिंह स्थान मुख्य पथ से पंचशील कॉलोनी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.623 कि0मी0) | 2,33,65,400.00 | दो करोड़ तैंतीस लाख पैंसठ हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 5. | RWD/HAZARIBAGH/05/2022-23 | हजारीधमना से हजारी होते हुए पुरहारा नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.600 कि0मी0) | 2,06,41,200.00 | दो करोड़ छः लाख इकतालीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 6. | RWD/HAZARIBAGH/06/2022-23 | आर0ई0ओ0 रोड डोमापहाड़ी से मरगोजा होते हुए कोरियाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 1,81,19,900.00 | एक करोड़ एकासी लाख उन्नीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 7. | RWD/HAZARIBAGH/07/2022-23 | लुपुंग मंदिर चौक से भदैया नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि0मी0) | 1,45,11,100.00 | एक करोड़ पैंतालीस लाख ग्यारह हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **28.09.2022**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **17.10.2022** अपराह्न 5.00 बजे।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **18.10.2022** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **19.10.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR278411 (Rural Work Department)22-23*D

## मुख्य सचिव ने धान खरीदी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली

# सभी केंद्रों में धान खरीदी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

### राज्य में एक नवंबर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक लेकर आगामी एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में एक नवम्बर से धान की खरीदी शुरू होगी। बैठक में किसान पंजीयन, धान का रकबा, गिरदावरी, कस्टम मिलिंग, धान परिवहन वित्तीय व्यवस्था सहित धान खरीदी के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी की समीक्षा की गई। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में एक लाख दस हजार मीटरिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। धान खरीदी के लिए नये किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक होगा।

### सभी समितियों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को हर हाल में एक नवंबर से पहले तक राज्य के सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक नवंबर से धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए सभी समितियों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने समितियों को बारदाने की आपूर्ति करते समय अधिकारियों को इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिये कि जिन समितियों में धान की आवक ज्यादा होती है, वहां बारदाना आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की जाये। किसानों से खरीदे जाने वाले धान के एवज में एक नवंबर से ही राशि का भुगतान किसानों के खाते में किये जाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये गये। फसल चक्र में परिवर्तन करने वाले किसानों को विशेष रूप से चिन्हांकित करने कहा गया है। किसानों द्वारा बोये गये रकबे का सत्यापन के लिए गिरदावरी का काम 30 सितंबर तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिये गये।

## कोरापुट पुलिस को मिली सफलता

# कार्रवाई के दौरान माओवादी सामग्री और नकदी जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोरापुट पुलिस को सफलता मिली है। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में कोरापुट पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। भारी मात्रा में माओ सामग्री और नकदी जब्त की गई। इसको लेकर एसपी बरुण गुंथुपाली ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये जानकारी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिले के सिंधीपुट जंगल में एसओजी और डीवीएफ की ओर से संयुक्त एंटी-नक्कल ऑपरेशन चल रहा था। इस दौरान सुरक्षा गार्डों को नकदी रुपये के साथ माओ विस्फोटक सामग्री मिले। हालांकि जब्त किये गये सामानों में से 70 हजार रुपये नकद, 17 मीटर कॉर्डेक्स वायर, 31 जिलेटिन स्टिक, 11 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक तार बंडल, दो टिफीन बम, एक प्रेशर कुकर बम और एक टेस्टिंग पिन जब्त किये गये हैं।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया पौधरोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** भाजपा के वरिस्ट नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने गुरुवार को धनवार प्रखंड के भूधरणी बूथ संख्या अपने मतदान केंद्र संख्या 238 में पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम के बाद धनवार केबरजो स्थित पार्टी कार्यालय पहुंच कर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं कि समस्याओं से अवगत होकर इनके समस्याओं का निदान किया तथा कई कार्यकर्ताओं को समाधान का भरोसा दिया। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर पौधा रोपण किया जाना था। इसी के तहत आज पौधा रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण से लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलता है। लोगों को जागरूक कर प्रत्येक व्यक्ति को एक एक पौधा लगाना चाहिए। वही विशुनपुर तथा बस दुर्घटना में मौत हुए गिरिडीह के शिवा ओर भूपेंद्र सिंह के परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर अशोक राय, उपेंद्र राय, पवन सिंह, विजय अग्रवाल, श्रीकांत आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# 'स्वच्छ रेलगाड़ी'-स्वच्छता पखवाड़े के दौरान ट्रेनों में स्वच्छता की जांच के लिए गहन अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 16 सितंबर से 30 सितंबर 2022 तक चल रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा' के हिस्से के रूप में, खोरधारोड मंडल ने दो दिनों के लिए 'स्वच्छ रेलगाड़ी' पर विशेष ध्यान दिया है। इसका उद्देश्य ट्रेनों में स्वच्छता सुनिश्चित करना और यात्रियों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। स्वच्छ रेलगाड़ी के पालन के दौरान अधिकारियों और स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों अर्थात भुवनेश्वर, पुरी, खोरधारोड, कटक, भद्रक, जाजपुर केंदुझर रोड, ब्रह्मपुर और पलासा से गुजरने वाली ट्रेनों में शौचालयों की साफ-सफाई सहित ट्रेन की सफाई पर निरीक्षण किया गया। ऑनबोर्ड हाउस कीपिंग स्टाफ (ओबीएचएस) के कर्मचारियों की वर्दी और सभी सुरक्षात्मक गियर के साथ उपलब्धता की भी जांच की गई। ट्रेनों में दी जाने वाली ऑनबोर्ड हाउस कीपिंग सेवा के संबंध में यात्रियों से फीडबैक लिया गया। यात्रियों को जागरूक करने के लिए ट्रेनों में क्या करें/क्या न करें के पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। डिपो से प्रस्थान से पहले ट्रेनों की स्वच्छता की जांच के लिए पुरी और भुवनेश्वर कोचिंग डिपो में भी अधिकारियों को नामित किया गया था। इस दौरान पेंट्री कारों की स्वच्छता भी सुनिश्चित की गई। चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान, खोरधारोड मंडल के पर्यावरण हाउसकीपिंग प्रबंधन (इनएनएचएम) विंग ने रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालय भवनों, रेलवे कॉलोनियों आदि में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों, गहन निरीक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की योजना बनाई है ताकि रेल उपयोगकर्ता और कर्मचारी के लिए स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# एनटीपीसी ने राजभाषा प्रश्नोत्तरी और कहानी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची 14 सितंबर से 29,2022 तक हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। हिंदी पखवाड़ा के तहत इसके कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों (गृहिणियों और बच्चों) के बीच विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारियों के लिए हिन्दी प्रतियोगिता और स्मृति आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता पर सामान्य ज्ञान के साथ राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भाग लिया गया। हिंदी पखवाड़ा के अवलोकन के दौरान हिंदी पर कई अन्य प्रतियोगिताओं की योजना बनायी गई है। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 29 सितंबर 2022 को होगा।

































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**